नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 12

अंक : 44

सोमवार, 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2022

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक



दिल्ली एमसीडी चुनाव : मतदाता सूची से नाम गायब होने से कई लोग हुए मायूस 03

हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत के शांति प्रयास 08

ट्विटर डेमोक्रेट्स की शाखा की तरह काम कर रहा था: मस्क 10

बंगलादेश ने पहले वनडे में भारत को एक विकेट से हराया 11

कैसे होती है बर्फबारी 12


# NCR समाचार


BY C.R.O. TEAM

www.ncrsamacharlive.in

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र




इस्माईल खान

# एमसीडी चुनाव : दिल्ली की जनता के फैसले का होगा दूरगामी असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी होने की वजह से दिल्ली नगर निगम का चुनाव वैसे तो हमेशा से ही हाई प्रोफाइल चुनाव माना जाता रहा है लेकिन इस बार का चुनाव अपने आप में काफी खास है। रविवार को दिल्ली की जनता एक बार फिर से दिल्ली के एकीकृत यानी संयुक्त नगर निगम को लेकर मतदान कर रही है। रविवार को दिल्ली की जनता को यह फैसला करना है कि वह नगर निगम में किस राजनीतिक दल को सत्ता में बैठाना चाहती है।

इस बार का नगर निगम चुनाव इस मायने में काफी खास माना जा रहा है कि नतीजा चाहे जो भी आए, इसका दूरगामी राजनीतिक प्रभाव पड़ना तय है और यह सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि देश की राजनीति पर भी आने वाले दिनों में इसका असर साफ-साफ नजर आने वाला है। इसलिए दिल्ली की राजनीति के दोनों धुरंधर राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी ने एमसीडी चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

सबसे पहले बात, भाजपा की करते हैं। दिल्ली विधान सभा के चुनाव में लगातार हार का सामना करने के बावजूद दिल्ली नगर निगम के चुनाव में भाजपा एक तरह से अपराजेय बनी रही। अपनी लोकप्रियता के चरम पर पहुंचने के बावजूद न तो कांग्रेस की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित भाजपा को हरा पाई और न ही अरविंद केजरीवाल हरा पाए। वर्ष 2007 से ही नगर निगम में भाजपा की मजबूत पकड़ बनी हुई है।

वर्ष 2007 में केंद्र में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी और दिल्ली में कांग्रेस की ही शीला दीक्षित मुख्यमंत्री थी लेकिन इसके बावजूद नगर निगम के चुनाव में दिल्ली की जनता ने भाजपा को वोट किया। नगर निगम में भाजपा की पकड़ को कमजोर करने के लिए 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने दिल्ली नगर निगम को तीन हिस्सों- उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में बांट दिया लेकिन इसके बावजूद 2012 में हुए नगर निगम के चुनावों में इन तीनों नगर निगमों में कांग्रेस को हराते हुए भाजपा फिर से सत्ता में आ गई।

2017 में हुए पिछले चुनाव के दौरान केंद्र और दिल्ली, दोनों की सत्ता में बड़ा बदलाव आ चुका था। केंद्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार सत्ता में आ गई थी और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन चुके थे वहीं दिल्ली में प्रचंड और ऐतिहासिक बहुमत के साथ अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में कार्य कर रहे थे। 2017 में अरविंद केजरीवाल अपनी लोकप्रियता के चरम पर थे लेकिन इसके बावजूद तीनों नगर निगम चुनाव में लगातर तीसरी बार सत्ता हासिल कर भाजपा ने यह साबित कर दिया कि नगर निगम चुनाव में उसे हरा पाना बहुत मुश्किल है।

2022 में भाजपा जहां एक ओर एमसीडी चुनाव में जीत का चौका लगाकर एक बार फिर यह साबित करना चाहती है कि विधान सभा के चुनाव में दिल्ली की जनता भले ही उसे न जिताये लेकिन नगर निगम चुनाव में वह जनता की पहली पसंद बनी हुई है। इस बार की जीत भाजपा कैडर में जोश भर देगी और इसका असर 2024 के लोक सभा चुनाव पर भी पड़ना तय है। आपको बता दें कि फिलहाल दिल्ली की सभी सातों लोक सभा सीटों पर भाजपा का ही कब्जा है।

वहीं आम आदमी पार्टी के लिए भी दिल्ली नगर निगम का यह चुनाव कई मायनों में बहुत खास हो गया है जिसे जीतना उनकी भविष्य की राजनीति के मद्देनजर काफी अहम माना जा रहा है। राष्ट्रीय राजनीति में विस्तार की आकांक्षा पाले आम आदमी पार्टी को नगर निगम चुनाव में जीत के बूस्टर की जरूरत इसलिए बहुत ज्यादा है क्योंकि अगर आप भाजपा को हरा कर यह चुनाव जीत जाती है तो उसे यह कहने का मौका मिल जाएगा कि भाजपा को हराने की क्षमता कांग्रेस में नहीं बल्कि सिर्फ आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल में है।

दिल्ली की जीत जहां एक ओर राष्ट्रीय राजनीति में केजरीवाल का कद बढ़ाएगी तो वहीं दूसरी ओर विपक्षी दलों के बीच उनकी स्वीकार्यता भी। ध्यान रखने वाली बात यह है कि, 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस और देश के कई अन्य क्षेत्रीय दल लगातार सभी विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने का प्रयास जरूर कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस ने अब तक इस विपक्षी एकता की प्रकिया से आप को अलग-थलग ही कर रखा है। इसलिए दिल्ली नगर निगम का यह चुनाव आम आदमी पार्टी के लिए भी काफी अहम हो गया है।

भाजपा पिछले कई वर्षों से दिल्ली नगर निगम और दिल्ली से आने वाली लोक सभा की सातों सीटों पर वर्चस्व बनाए हुए हैं लेकिन इस बार एमसीडी इलेक्शन के नतीजे का असर 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव में दिल्ली की सातों में से कुछ सीटों पर पड़ना भी तय माना जा रहा है। भाजपा और आप, दोनों ही राजनीतिक दलों को एमसीडी चुनाव के नतीजों के दूरगामी राजनीतिक प्रभाव पड़ने का अंदाजा है इसलिए दोनों ही राजनीतिक दलों ने इस चुनाव के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव दिल्ली की राजनीति में अपने आप को पुनर्जीवित करने का चुनाव है।

## 50 फीसदी मतदान















**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 250 वार्डों के लिए रविवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। शाम साढ़े पांच बजे तक करीब 50 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बीच, शाम 5.30 बजे से पहले अपने-अपने बूथों पर वोट डालने पहुंचे मतदाता अभी भी वोट डालने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में मतदान प्रतिशत के अभी थोड़ा बढ़ने की संभावना है। पिछली बार 2017 में मतदान का प्रतिशत 54 प्रतिशत रहा था। राज्य चुनाव आयोग का कहना है कि दिल्ली एमसीडी चुनाव में सभी 250 वार्डों में शाम 5.30 बजे तक लगभग 50 प्रतिशत मतदान हुआ है। एकीकरण के बाद हुए मतदान में दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों के लिए मतदान आज सम्पन्न हुआ। मतदान को लेकर कुछ जगहों से मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतें मिलीं। कुछ लोगों का कहना था कि मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का भी नाम मतदाता सूची से गायब था।

मतदान कार्यक्रम सुबह 8 बजे शुरू हुआ और शाम 5.30 बजे तक जारी रहा। दिल्ली में मतदाताओं ने सुबह से ही अपने मत का उपयोग करना शुरू कर दिया था। नगर निगम में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच है। नगर निगम में भाजपा और दिल्ली सरकार में आप का कब्जा है। दिल्ली नगर निगम चुनाव (एमसीडी) की 250 सीटों पर रविवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ था। एमसीडी चुनाव के लिए राज्य में 13,638 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इसमें से महिलाओं के लिए विशेषरूप से 68 पिंक मतदान केन्द्र बनाए गए थे। वहीं 68 मॉडल मतदान केंद्र भी बनाए गए थे।

मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए पोलिंग बूथों पर सुरक्षा का खास ध्यान रखा गया था। एमसीडी चुनाव के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर 40,000 पुलिसकर्मी तैनात रहे। इसके साथ ही करीब 20 हजार होमगाड्र्स भी तैनात किए।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने आरोप लगाया था कि उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग से शिकायत की थी इसके जवाब में आयोग ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग केवल चुनाव आयोग की ओर से दिए गए की गई मतदाता सूची का ही उपयोग किया है राज्य निर्वाचन आयोग का किसी के नाम को हटाने और जोड़ने का कोई अधिकार नहीं है वह इस मामले में सीईओ दिल्ली से शिकायत कर सकते हैं।

इसी बीच एमसीडी चुनाव के लिए पहली बार पोटा केबिन को मतदान केंद्र के रूप में उपयोग किया गया गोविंदपुरी में मुख्य सड़क के पास पर भीड़ को कम करने के लिए इसको बनाया गया था।

इसी बीच आम आदमी पार्टी ने मतदान प्रतिशत कम होने पर लोगों से एक विशेष अपील की। पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मतदाताओं में तेजी से चलाया जा रहा है कि आप पार्टी जीत रही है और वह वोट डालने ना जाए क्योंकि इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हर वोट कीमती है और लोगों को वोट डालना चाहिए। कुछ ऐसा ही बयान दिल्ली के मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी दिया।

वहीं भाजपा सांसद और दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी ने भी करीब 450 भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से गायब होने का दावा करते हुए राज्य चुनाव आयोग से शिकायत की। उन्होंने वार्ड में चुनाव रद्द करने और फिर से चुनाव कराने की मांग की है।

मनोज तिवारी ने यमुना विहार मतदान केंद्र सुभाष मोहल्ला वार्ड में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। भाजपा सांसद ने आगे आरोप लगाया कि यह दिल्ली सरकार की बड़ी साजिश है। मैं इसके खिलाफ शिकायत करूंगा और इस चुनाव को रद्द करने और फिर से चुनाव कराने की अपील करूंगा। तिवारी ने कहा कि मैंने राज्य चुनाव आयुक्त से बात की है और उनके पास शिकायत दर्ज कराई है।

## 2047 तक पूरी तरह आत्मनिर्भर हो जायेगी नौसेना: एडमिरल कुमार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने कहा है कि नौसेना वर्ष 2047 तक पूरी तरह आत्मनिर्भर बन जायेगी और उसके बेड़े में शामिल सभी युद्धपोत तथा हथियार स्वदेशी होंगे।

एडमिरल हरिकुमार ने नौसेना दिवस से पहले शनिवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध ने यह साबित कर दिया है कि रक्षा क्षेत्र में लंबे समय तक दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। उन्होंने कहा कि नौसेना के पूरी तरह आत्मनिर्भर होने का मतलब है कि 25 वर्ष में नौसेना के बेड़े में सभी युद्धपोत, पनडुब्बी, विमानवाहक पोत और अन्य हथियार देश में ही बनें होंगे और इनके लिए हमें दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी माना कि परस्पर एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में कोई भी सेना अपने आप में पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं रह सकती और उसे किसी न किसी कलपुर्जे या साजो-सामान के लिए दूसरे देश पर निर्भर रहना ही पड़ेगा। आप किफायती और गुणवत्तापूर्ण पुर्जे दूसरे देश से खरीद सकते हैं लेकिन देखने की बात है कि वह पुर्जा कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनका कहने का अर्थ यह है कि 2047 तक भारत सभी महत्वपूर्ण और जरूरी हथियार तथा प्लेटफार्म खुद बनाने में सक्षम बन जायेगा।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि अभी भारत विभिन्न युद्धपोतों को बनाने की सामग्री और उत्पादों के संदर्भ में करीब 90 प्रतिशत आत्मनिर्भर है जबकि विभिन्न प्लेटफार्म के इंजन बनाने के मामले में हम 60 से 65 प्रतिशत तक आत्मनिर्भर हैं। हथियारों से संबंधित साजो सामान के मामले में भी देश 50 प्रतिशत आत्मनिर्भर है और इस दिशा में कमी को पूरा करने के लिए तेज गति से काम हो रहा है। पनडुब्बी के मामले में भी हम तेज गति से आगे बढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य नौसेना को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करना, युवा तथा दक्ष बनाना और इसकी क्षमता बढाना है।

हिन्द महासागर क्षेत्र में चीनी नौसैनिकपोतों की मौजूदगी से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि हर समय चीनी नौसेना के 4 से लेकर 6 तक जलपोत हिन्द महासागर में रहते हैं, उनके मछली पकड़ने वाले पोत और नौका तो हर समय रहते ही हैं। इसके अलावा हिन्द महासागर में करीब 60 जल पोत क्षेत्रीय देशों से इतर ताकतों के रहते हैं।

उन्होंने कहा कि नौसेना समुद्री क्षेत्र की सभी गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखती है और हमारा मुख्य उद्देश्य देश के समुद्री हितों की रक्षा करना है।

## संसद में बेरोजगारी, महंगाई सहित भारत-चीन सीमा विवाद के मुद्दों को उठाएगी कांग्रेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने आगामी संसद के शीतकालीन सत्र को लेकर कमर कस ली है। पार्टी संसद सत्र के दौरान बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भारत-चीन सीमा विवाद के मुद्दों को उठाने वाली है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज शाम करीब 70 मिनट तक पार्लियामेंट रणनीति ग्रुप की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस दौरान संसद में उठाए जाने वाले मुद्दों को लेकर चर्चा हुई है। कांग्रेस संसद के शीतकालीन सत्र में 14 से 15 मुद्दों को गंभीरता से उठाएगी।

रमेश ने कहा कि देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। किसानों की समस्या पर कोई बात नहीं हो रही है। बीते दिनों एम्स में साइबर हमला हुआ। भारत-चीन सीमा विवाद सुलझ नहीं रहा है। भाजपा संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। कांग्रेस इन मुद्दों को संसद में उठाएगी। उन्होंने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र 17 दिनों तक चलेगा। इसमें 14 दिन विपक्ष के होते हैं। रमेश ने कहा कि कांग्रेस जातिगत जनगणना के पक्ष में है। इसे कराया जाना चाहिए। कांग्रेस चाहती है कि जातिगत जनगणना कराया जाए। उन्होंने कहा कि इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन (ईडब्ल्यूएस) के आरक्षण के मुद्दे पर कोर्ट को पुनः विचार करने की जरूरत है। कांग्रेस इस मुद्दे को भी संसद के शीतकालीन सत्र में उठाएगी।

## दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास का संचार करना जरूरी: मुर्मू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिये उनमें आत्मविश्वास का संचार करना बेहद अधिक महत्त्वपूर्ण है।

श्रीमती मुर्मू ने शनिवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर वर्ष 2021 और 2022 के लिये राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार प्रदान करने के बाद कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास का संचार करना उन्हें अधिकार-सम्पन्न बनाने के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण है। दिव्यांगजों में भी उतनी ही प्रतिभा और क्षमता होती है, जितनी सामान्य लोगों में। कभी-कभी तो इनमें उनसे भी ज्यादा प्रतिभा होती है। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये, जरूरी है कि उनके भीतर आत्मविश्वास का संचार किया जाये। राष्ट्रपति ने समाज के सभी वर्गों से आग्रह किया कि वह आत्मनिर्भर बनने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिये दिव्यांगजनों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा, 'दिव्यांग भाई और बहन मुख्यधारा में शामिल होकर प्रभावशाली योगदान करेंगे तो देश प्रगति-पथ पर और तेजी से अग्रसर होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा ही हर व्यक्ति के सशक्तिकरण की कुंजी है, इनमें दिव्यांगजन भी शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा में भाषाई अवरोधों को हटाने के लिये प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिये तथा शिक्षा को दिव्यांग बच्चों के लिये अधिक सुगम बनाना चाहिये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी दिव्यांग बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के समान अवसर प्राप्त होने के महत्त्व को रेखांकित किया गया है। राष्ट्रपति ने इस बात की सराहना की कि पहली से छठी कक्षा के श्रवण-बाधित दिव्यांग बच्चों के लिये पाठ्यपुस्तकों को भारतीय सांकेतिक भाषा में बदला गया है। उन्होंने कहा कि श्रवण-बाधित छात्रों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने के लिये यह महत्त्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के एक अनुमान के अनुसार पूरे विश्व में एक अरब से भी अधिक दिव्यांगजन हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि विश्व में हर आठवां व्यक्ति किसी न किसी तरह की दिव्यांगता में है। भारत की दो प्रतिशत से अधिक की आबादी दिव्यांग है। इसलिये, ह्व यह सब की जिम्मेदारी बनती है कि हम यह सुनिश्चित करें कि दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक मुक्त जीवन जी सकें। हमारा यह भी कर्तव्य है कि हम सुनिश्चित करें कि दिव्यांगजनों को अच्छी शिक्षा मिले, वे अपने घरों व समाज में सुरक्षित रहें, अपना करियर चुनने की आजादी हो और उन्हें रोजगार के समान अवसर मिलें।


एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालय:
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोन:
8888883968,
9811111715


### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में
## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चलते आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा है। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# रॉकेट दागने के जवाब में इजरायल ने गाजा पर हवाई हमला किया

**गाजा/ एजेंसी।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने तटीय परिक्षेत्र से रॉकेट दागे जाने के जवाब में गाजा पट्टी में आतंकवादी समूहों के ठिकानों पर सिलसिलेवार हवाई हमले किए।

फिलिस्तीन के प्रत्यक्षदर्शियों ने सिन्हुआ को बताया कि इजराइली सेना के ड्रोन और लड़ाकू विमानों को हवा में गूंजते हुए सुना गया और रविवार को खान यूनिस और राफा के दक्षिणी गाजा पट्टी के शहरों के पश्चिम में कई विस्फोट सुने गए।

फलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि मुख्य रूप से इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन (हमास) और फ़िलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) को लक्षित करने वाले हमलों के दौरान कोई घायल नहीं हुआ।

इजरायली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि हवाई हमले दक्षिणी इजरायल में तीन रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइली प्रतिक्रिया है। किसी भी समूह ने रॉकेट दागने की जिम्मेदारी नहीं ली है।

हमास शासित तटीय परिक्षेत्र में आतंकवादियों ने हवाई हमले के दौरान गाजा पट्टी की सीमाओं के करीब दक्षिणी इजरायली समुदायों पर कम से कम पांच रॉकेट दागे थे।

# ईरान ने इज़राइल के लिए जासूसी करने पर चार लोगों को फांसी दी: सरकारी मीडिया

**तेहरान/ एजेंसी।** ईरान प्रशासन ने इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए काम करने के आरोप में चार लोगों को रविवार को फांसी दे दी है।

सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने बताया कि देश के रेवलूशनेरी गार्ड ने इज़राइली एजेंसी से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी की जानकारी दी थी। उसने कहा कि ये लोग निजी और सरकारी संपत्ति की चोरी करते थे तथा व्यक्तियों को अगवा कर उनसे पूछताछ करते थे।

एजेंसी की खबर में कहा गया है कि इन कथित जासूसों के पास हथियार थे और उन्हें 'क्रिप्टोकरेंसी' के रूप में मोसाद से मेहनताना मिलता था। ईरान और इज़राइल कट्टर दुश्मन हैं। इरना ने बताया कि जिन्हें फांसी दी गई है उनमें हुसैन ओरदोखानज़ादा, शाहीन इमानी मोहमुदाबादी, मिलाद अशरफी और मनौचेहर शाहबंदी शामिल हैं।

# पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने वजीरिस्तान में आतंकवादी कमांडर को मार गिराया

**पेशावर (पाकिस्तान) / एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिम भाग में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी कमांडर को गिराया जो हाई प्रोफाइल आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर वांछित था। सेना ने यह जानकारी दी।

सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को कहा कि दो दिसंबर को उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया था।

पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकी गतिविधियों में शामिल होने और अपहरण तथा फिरौती के अनेक मामलों में शामिल होने के कारण नूर आतंकवाद विरोधी विभाग (सीटीडी) द्वारा वांछित था।

आईएसपीआर ने कहा, ''जबरदस्त गोलीबारी के दौरान कुख्यात आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया। उसके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं।''

पिछले महीने खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में पाकिस्तानी सेना का एक जवान शहीद हो गया था।

# लोगों के लिए काम करने वाली पार्टी को वोट दें- एमसीडी चुनाव में वोट डालने के बाद केजरीवाल

**नई दिल्ली / एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनाव में वोट डाला और कहा कि लोगों को उस पार्टी के पक्ष में मतदान करना चाहिए जो बाधाएं खड़ी करने के बजाय लोगों के लिए काम करती है।

केजरीवाल अपने माता-पिता, पत्नी एवं बच्चों के साथ यहां सिविल लाइंस में मतदान केंद्र पहुंचे। वह वोट डालने के बाद अपने माता-पिता का हाथ पकड़कर मतदान केंद्र से बाहर आए।

उन्होंने मतदान के बाद संवाददाताओं से कहा, ''लोगों को उस पार्टी के पक्ष में वोट डालना चाहिए जो ईमानदार है और काम करती है। उन्हें उसे (उस पार्टी को) वोट देना चाहिए जो शहर की स्वच्छता पर ध्यान देती है, न कि उसे वोट देना चाहिए जो बाधाएं खड़ी करती रहती है।''

इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल ने लोगों से एमसीडी में ईमानदार एवं कामकाज करने वाले को सत्तासीन करने के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की थी।

यहां एमसीडी चुनाव के लिए सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ जो शाम साढ़े पांच बजे तक चलेगा। मतों की गिनती सात दिसंबर को की जाएगी।

# अगले साल फरवरी में रायपुर में होगा कांग्रेस का तीन दिवसीय अधिवेशन

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** कांग्रेस का तीन दिवसीय अधिवेशन अगले साल फरवरी महीने में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस संचालन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि अधिवेशन फरवरी के दूसरे पखवाड़े में होगा जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने यह भी फैसला किया कि 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन के बाद आगामी 26 जनवरी से देश भर में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान शुरू किया जाएगा जिसके तहत ब्लॉक, पंचायत और बूथ के स्तर पर लोगों से संपर्क साधा जाएगा।

वेणुगोपाल ने बताया कि दो महीने तक चलने वाले इस अभियान में राहुल गांधी के संदेश वाला पत्र भी लोगों को सौंपा जाएगा।

पार्टी के अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर खरगे के निर्वाचन पर मुहर लगेगी और फिर नई कार्य समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी।

खरगे के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार संचालन समिति की बैठक हुई।

पिछले महीने पार्टी अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के शीर्ष निकाय कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के स्थान पर इस संचालन समिति का गठन किया था।




## पदाधिकारी को जिम्मेदारी से निभानी होगी अपनी भूमिका: खड़गे

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि पार्टी के हर पदाधिकारी और नेता को जिम्मेदारी के साथ जनसेवा की अपनी भूमिका निभाकर मोदी सरकार से त्रस्त हर व्यक्ति के साथ खड़ा होना पड़ेगा और सेवाभाव के इसी समर्पण के बल पर पार्टी को सत्ता में लाया जा सकेगा।

श्री खड़गे ने आज यहां कांग्रेस संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ साथी यदि मानते हैं कि जिम्मेदारियों को नजरअंदाज किया जा सकता है तो यह उनकी भूल होगी और इससे मंजूर नहीं किया जा सकता है। पदाधिकारी अगर जिम्मेदारी निभाने में सक्षम नहीं है तो उनकी जगह पार्टी के नए नेताओं को मौका देना पड़ेगा। इस कठिन इरादे के साथ चलकर ही कांग्रेस को सत्ता में लाया जा सकता है।

कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के बाद पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्यसमिति के स्थान पार्टी के काम को आगे बढ़ाने के लिए संचालन समिति का गठन किया गया था और अब कांग्रेस के अधिवेशन में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। पार्टी के अध्यक्ष के चुनाव के बाद समिति की यह पहली बैठक हुई जिसमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और संचालन समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में कांग्रेस अधिवेशन की तिथि को लेकर भी विचार विमर्श किया जाना है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के समक्ष कई चुनौतियां पैदा कर दी है और इन चुनौतियों के कारण आम आदमी के समक्ष कई तरह के संकट पैदा हो गए हैं। पार्टी के पदाधिकारियों को लोगों की इन समस्याओं को जिम्मेदारी के साथ सुनना, समझना और उनके निराकरण के लिए प्रयास करना है। कांग्रेस नेता ने कहा, सत्ताधारी ताकतें वर्तमान माहौल में नफरत के बीज बोकर बंटवारे की खेती काटने में लगी हैं और उसके खिलाफ कांग्रेस के हर नेता और पदाधिकारी को मिलकर लड़ना है।

# एमसीडी चुनाव के मतदाताओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा, स्वच्छता प्रमुख मुद्दों में शामिल

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए रविवार को हो रहे चुनाव में मतदाताओं के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य ढांचे का विकास, स्वच्छता तथा बेहतर सुविधाएं प्रमुख मुद्दे हैं।

मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ और शाम साढ़े पांच बजे तक चलेगा। मतों की गिनती सात दिसंबर को होगी। एमसीडी के 250 वार्ड के चुनाव में 1.45 करोड़ से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं, जिसके परिणाम राष्ट्रीय राजधानी से परे प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं।

आरती कोहली (47) के लिए स्वच्छता मुख्य मुद्दा है और उन्हें उम्मीद है कि जो कोई भी नगर निकाय की कमान संभालेगा, वह स्वच्छता के मुद्दे पर काम करेगा। उन्होंने कहा, ''एमसीडी चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि यह स्थानीय मुद्दों पर लड़ा जाता है। मेरे लिए स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण कारक है। अगर हमारे क्षेत्र साफ नहीं रहते हैं, तो इससे मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां हो सकती हैं।''

लाजपत नगर निवासी मनोज गुप्ता ने कहा, ''मतदान करते समय मेरे मन में यह स्पष्ट था कि वोट हमारे क्षेत्र के विकास और यहां शिक्षा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए है।''

वहीं, पृथ्वीराज (79) दावा करते हैं कि वह एमसीडी, लोकसभा या विधानसभा चुनाव में कभी भी मतदान करने से नहीं चूके। उन्होंने कहा कि मतदान के समय उनके लिए स्वास्थ्य और स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार सबसे महत्वपूर्ण है।

कृष्णा नगर में मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे पृथ्वीराज ने कहा, ''आखिरकार बच्चे हमारे भविष्य के नेता हैं, जिन्हें देश में क्या चल रहा है, इसके बारे में जागरूक होने की जरूरत है।''

डीडीयू मार्ग 'पिंक बूथ' पर कन्हैया लाल ने कहा कि लोग स्कूलों और अस्पतालों का विकास और एमसीडी सुविधाओं की बेहतरी चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''वह पार्टी जो हमें ये चीजें दे सकती है, सत्ता में आने की हकदार है।'' माता सुंदरी रोड निवासी 45 वर्षीय कमल किशोर ने दावा किया कि एमसीडी के स्कूलों और अस्पतालों की हालत खराब है।

# ईरान में परमाणु संयंत्र का निर्माण शुरू : सरकारी मीडिया

**काहिरा/ एजेंसी।** ईरान ने शनिवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ईरान के सरकारी टीवी ने यह खबर दी।

विश्व शक्तियों के साथ इस्लामिक गणराज्य के परमाणु समझौते से अमेरिका के हटने के बाद ईरान पर लगाए गए व्यापक प्रतिबंधों के कारण उत्पन्न तनाव के बीच यह निर्माण शुरू हुआ है।

यह घोषणा ऐसे वक्त आई है जब पुलिस की हिरासत में एक युवती की मौत के बाद देश भर में शुरू हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों से ईरान हिल गया है।

देश की सरकारी टेलीविजन और रेडियो एजेंसी ने बताया कि 'करून' नाम के 300 मेगावाट के नए संयंत्र को बनने में आठ साल लगेंगे और इस पर करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर की लागत आएगी। इसने कहा कि यह संयंत्र ईरान के तेल समृद्ध खुजेस्तान प्रांत में इराक के साथ लगती इसकी पश्चिमी सीमा के पास स्थित होगा।

# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा आज मध्यप्रदेश से राजस्थान में प्रवेश करेगी

**आगरमालव/ एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश में आज तेरहवें दिन आगरमालवा जिले से राजस्थान के चनवली में शाम को प्रवेश करेगी।



प्रदेश कांग्रेस के अनुसार श्री गांधी शाम को राजस्थान में प्रवेश करेंगे और प्रवेश के साथ ही %ध्वज सौंपने% की प्रक्रिया होगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश और राजस्थान के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

इसके पहले श्री गांधी की पदयात्रा आज सुबह आगरमालवा जिले के लालाखेड़ी के पास अन्नपूर्णा ढाबा से प्रारंभ हुयी और यह सुबह लगभग दस बजे सोयतकला पहुंच गयी। पूर्वान्ह का यात्रा विराम यहीं पर रहेगा। इसी स्थान से पदयात्रा दोपहर साढ़े तीन बजे फिर प्रारंभ होगी और शाम को लगभग साढ़े छह बजे डोंगरगांव में पिपलेश्वर बालाजी मंदिर के पास पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी।

वरिष्ठ नेता श्री गांधी की भारत जोड़ो यात्रा लगभग तीन माह पहले कन्याकुमारी से प्रारंभ हुयी थी।

# ईरान ने हिजाब कानून पर घुटने टेके, विचार के लिए तैयार

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** ईरान सरकार ने हिजाब कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता के गुस्से के सामने आखिरकार घुटने टेक दिए। आंदोलन के सामने वह नरम रुख अख्तियार करने को विवश हो गई है।

ईरान में पिछले दो महीने से जारी धरना, प्रदर्शन और आंदोलन में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। लोग सड़कों पर हैं। सुरक्षा बल उनके ऊपर जुल्म ढा रहे हैं। हिजाब कानून को जबरन लागू कराने में ईरानी हुकूमत ने कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी है। मगर अब वह झुकती नजर आ रही है। सरकार अब हिजाब कानून पर विचार करने को तैयार हो गई है।

इस बीच अटॉर्नी जनरल ने कहा कि ईरान की संसद और न्यायपालिका हिजाब को जरूरी बनाने वाले कानून की समीक्षा कर रही है। इस कानून में महिलाओं को सिर ढकने की अनिवार्यता है। माना जा रहा है कि विश्वव्यापी आलोचना से घबराई हुकूमत आंदोलन की लपटों को शांत करने के लिए इस कानून में बदलाव कर सकती है।

# अनाथ बच्चों के कथित उत्पीड़न के मामले में बिहार, तमिलनाडु सरकार को एनएचआरसी का नोटिस

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बिहार और तमिलनाडु की सरकारों को मदरसे में 12 अनाथ बच्चों के कथित उत्पीड़न के मामले में नोटिस जारी किया है।



आयोग ने मीडिया में आई एक खबर का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि बिहार के अनाथ किशोरों को रखने और उनका उत्पीड़न करने के आरोप में चेन्नई में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

एनएचआरसी ने कहा कि पोन्नियाम्मनमेडु में स्थित मदरसे से 12 बच्चों को मुक्त कराया है।

आयोग ने तमिलनाडु और बिहार के मुख्य सचिवों तथा चेन्नई के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर मामले में चार सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

एनएचआरसी ने कहा कि एक दिसंबर को मीडिया में आई खबर में दावा किया गया था कि पुलिस को 1098 हेल्पलाइन के माध्यम से जानकारी मिली थी कि चेन्नई में माधवरम के पास पोन्नियाम्मनमेडु में एक मदरसे में कुछ बच्चों का उत्पीड़न और शारीरिक शोषण किया जा रहा है।

# मध्यावधि चुनाव को लेकर मेरी पेशकश का गलत मतलब निकाला गया: इमरान

**लाहौर/ एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने जोर देकर कहा है कि तत्काल चुनाव कराने की उनकी पेशकश को गलत समझा गया ऐसा उन्होंन देश के व्यापक हितो को ध्यान में रखते हुये कहा था।



ऐसा माना जा रहा है मध्यावधि चुनाव पर गठबंधन सरकार से बातचीत की उनकी पेशकश कथित तौर पर उलटी पड़ जाने के बाद स्थिति को साफ करने की कोशिश के रूप उन्होंने यह बयान दिया है। उन्होंने तब संघीय सरकार के ÷संचालकों÷ को यह महसूस करने के लिए प्रेरित किया कि देश तेजी से दिवालिया होने की तरफ बढ़ रहा है और उनसे 22 करोड़ लोगों को नुकसान से बचाने के लिए कार्य करने का आग्रह किया।

'बोल न्यूज' के एक साथ साक्षात्कार के दौरान इमरान ने अपने रुख को एक नया आयाम दिया। पीटीआई प्रमुख ने कहा कि वह पंजाब और केपी विधानसभाओं को भंग करने में देरी कर सकते हैं यदि राजनीतिक लोग मेज पर आने और तय करने के लिए कि अधिकतम अगले मार्च के अंत तक आम चुनाव कराने के लिए सहमत हों।

चूंकि मार्च रमज़ान का महीना होगा, श्री खान के नए सुझाव का तात्पर्य है कि पीडीएम सरकार को तुरंत चुनाव की तारीख की घोषणा करनी चाहिए, सभी विधानसभाओं को भंग कर देना चाहिए और आम चुनावों का आह्वान करना चाहिए। लेकिन उन्होंने कहा कि उपवास वाले महीने में भी चुनाव हो सकते हैं।

इससे पहले, अपने ज़मान पार्क आवास से वीडियो लिंक के माध्यम से खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के विधायकों से बात करते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि पीटीआई इस महीने पंजाब और केपी विधानसभाओं को भंग करने और पाकिस्तान में 66 प्रतिशत हिस्सें को चुनावों में ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है।÷

उन्होंने कहा कि सत्ता में रहने वाले सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार की तैयारी में व्यस्त होंगे इससे देश की गतिविधियां ठहर जायेगी। उन्होंने कहा कि देश में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए समय से पहले चुनाव कराने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है, लेकिन दावा किया कि सत्ताधारी गठबंधन उनकी पार्टी से हारने के डर से चुनाव से दूर भाग रहा है।

दूसरी ओर, जाहिर तौर पर शुक्रवार को सरकार को दी गई बातचीत की पेशकश को वापस लेते हुए, पीटीआई प्रमुख ने अपने लंबे समय के रुख को दोहराया कि वह चोरों और डकैतों से बात नहीं करेंगे, यह संकेत देते हुए कि उनका संदेश उन शक्तियों के लिए है जो सत्ता में हैं।

उन्होंने कहा, मैं आपसे (पीडीएम सरकार) देश की खातिर चुनावों की घोषणा करने के लिए कह रहा हूं, क्योंकि पीटीआई चिंतित नहीं है, भले ही अगले साल अक्टूबर में चुनाव हों। उन्होंने केपी विधायकों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी और प्रचार शुरु करने को कहा। डूबती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए किसी कार्ययोजना की कमी के लिए संघीय सरकार की आलोचना करते हुए पूर्व प्रधान मंत्री ने कहा कि पीएमएल-एन ने अपने दो अनुभवी वित्त मंत्रियों - मिफ्ताह इस्माइल और इशाक डार का 'परीक्षण' किया है।

# हिमाचल प्रदेश: वोटों की गिनती से पहले भाजपा और कांग्रेस की नजर बागियों पर

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव की मतगणना में महज चार दिन शेष रह जाने के बीच दोनों प्रमुख पार्टियों भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और कांग्रेस के नेताओं ने अपने बागियों को संदेश भेजना शुरू कर दिया है। यदि उनके पास सदन में बहुमत से कम हो तो वे उनके साथ शामिल हों।

राज्य विधानसभा की 68 सीटों के लिए 12 नवंबर को चुनाव हुए थे। आठ दिसंबर को मतगणना होगी और उसके बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया होगी। अलग अलग जिलों से मिल रही जानकारी जानकारी बताती है कि नए सदन में बहुमत हासिल करने के बड़े-बड़े दावों के बावजूद दोनों पार्टियों के लिए अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में दोनों दलों के बागियों की उपस्थिति ने दोनों दलों के शीर्ष नेताओं की रातों की नींद हराम कर दी है और वे अपने उन बागियों/असंतुष्टों से संपर्क करने के लिए मजबूर हैं, जो विभिन्न जिलों से चुनाव जीतने की स्थिति में हैं।

भाजपा के सूत्रों ने आज 'यूनीवार्ता 'को बताया कि गृह मंत्री अमित शाह और अखिल भारतीय भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने अपने राज्य स्तर के शीर्ष नेताओं को अपने बागियों के संपर्क में रहने और यह सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया है कि उनकी जीत के मामले में वे किसी भी कीमत पर कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन न करें और इस प्रकार भाजपा का समर्थन करें जो उनकी मातृ पार्टी है।



दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी में भी स्थिति ठीक नहीं है क्योंकि पार्टी के कई नेताओं ने यह दावा करना शुरू कर दिया है कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो वह राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे। इनमें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह (पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की पत्नी), कौल सिंह ठाकुर, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री, पूर्व वन मंत्री राम लाल ठाकुर, सुखविंदर सिंह सुखू, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष आशा कुमारी, एक अनुभवी पार्टी नेता और पिछली विधानसभा में पार्टी के नेता मुकेश अग्निहोत्री शामिल है।

इन सभी नेताओं ने अपने शीर्ष नेताओं से मुलाकात की है और सदन के नेता के पद के लिए अपना दावा पेश किया है। इनका कहना कि उन्हें भाजपा को नुकसान पहुंचाने और पार्टी को ऐसी स्थिति में वापस लाने का श्रेय दिया जाना चाहिये जिसकी वजह से राज्य में पार्टी एक बार फिर सरकार बनाने की स्थिति में पहुंची है।

कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने आज यूनीवार्ता को बताया कि कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने की स्थिति में सदन के नए नेता के चयन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का अधिकार होगा।बहरहाल, सभी की निगाहें प्रियंका गांधी पर टिकी हैं, जिन्होंने न केवल राज्य में पार्टी का प्रचार अभियान चलाया, बल्कि शिमला जिले में अपने छराबड़ा स्थित घर में रहकर पूरी चुनावी प्रक्रिया का पर्यवेक्षण भी किया। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने 8 दिसंबर को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद प्रियंका गांधी को सदन के नेता के रूप में नामित करने के लिए अधिकृत किया है।

# फ़िलिस्तीनी सुलह वार्ता का नयी चरण दिसंबर में: हमास

**गाजा/ एजेंसी।** इस्लामिक रेजिस्टेंस मूवमेंट (हमास) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घोषणा की है कि अंतर-गुटीय सुलह के लिए फिलिस्तीनी वार्ता की नयी चरण दिसंबर के अंत में अल्जीरिया में आयोजित की जायेगी।

गाजा पट्टी में हमास आंदोलन के उप प्रमुख खलील अल-हय्या ने शनिवार को गाजा और वेस्ट बैंक शहर रामल्लाह में एक साथ आयोजित अपने आंतरिक विभाजन को समाप्त करने पर फिलिस्तीनी गुटों के बीच एक सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की।



हमास के एक बयान में उसके हवाले से कहा गया है, ÷अल्जीरिया दिसंबर के अंत में फ़िलिस्तीनी गुटों के लिए राष्ट्रीय संवाद के एक नए सत्र की मेजबानी करेगा ताकि सुलह हासिल करने और आंतरिक विभाजन को समाप्त करने के फ़िलिस्तीनी प्रयासों को फिर से शुरू किया जा सके।÷

अल-हयाया ने कहा कि हमास राष्ट्रीय एकता को बहाल करना चाहता है, न कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी के निवासियों की जरूरतों के आधार पर।

उन्होंने कहा, ÷एक फ़िलिस्तीनी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो कब्जे वाली भूमि की वापसी और मुक्ति के अधिकार को प्राप्त करने और इस गतिविधि का नेतृत्व करने में सक्षम हो।सभी गुट भागीदार हैं, और मातृभूमि किसी भी पार्टी द्वारा संरक्षित नहीं है।÷

अक्टूबर के मध्य में, हमास और फतह सहित 14 फिलिस्तीनी गुटों ने अल्जीरिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय संवाद के बाद एक वर्ष के भीतर विधायी और राष्ट्रपति चुनाव कराने पर सहमति जताते हुए राष्ट्रीय सुलह की अल्जीरिया घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। सुलह समझौते मां मध्यस्थता के लिए अल्जीरिया महीनों से काम कर रहा है।

# दिल्ली एमसीडी चुनाव : मतदाता सूची से नाम गायब होने से कई लोग हुए मायूस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए खजूरी खास के एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सूची उलट-पलट रहे 19 वर्षीय पुनीत कुमार रविवार को पहली बार मतदान करने के लिए उत्साहित थे, लेकिन सूची से अपना नाम नदारद मिलने पर वह निराश हो गए।

निराश और हताश पुनीत ने कहा, मैं यहां अपना वोट डालने आया था। मैंने देखा कि सूची में मेरा नाम नहीं है। अधिकारियों को कुछ अता पता नहीं है। मैं पिछले कुछ घंटों से खड़ा हूं लेकिन कोई मेरी मदद नहीं कर रहा है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली और कई अन्य क्षेत्रों में लोगों ने शिकायत की कि मतदाता सूची में उनके नाम का उल्लेख नहीं किया गया था, जिस कारण वे मतदान नहीं कर सके।

कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अनिल कुमार उन लोगों में शामिल थे, जो सूची से अपना नाम गायब होने के कारण मतदान नहीं कर सके। अनिल कुमार ने पूर्वी दिल्ली के दल्लूपुरा में एक मतदान केंद्र पर कहा, मेरा नाम न तो मतदाता सूची में है और न ही हटाई गई सूची में। मेरी पत्नी ने मतदान किया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के इशारे पर उनके उत्तर-पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के मौजपुर और यमुना विहार इलाकों में सैकड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं।

मनोज तिवारी ने मौजपुर वार्ड में संवाददाताओं से कहा, मैंने इस संबंध में राज्य चुनाव आयुक्त से बात की है और उनके पास शिकायत दर्ज कराई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम यहां चुनाव रद्द करने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि वह संबंध में कानूनी विकल्प भी तलाश करेंगे।

नुसरा जहां (62) वोट डालने के लिए भजनपुरा के एक मतदान केंद्र पर पहुंचीं, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनका नाम सूची में नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से फिर से जांच करने का अनुरोध किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। परेशान नुसरा जहां ने अधिकारियों पर घटिया काम करने का आरोप लगाते हुए अपना गुस्सा निकाला।

नुसरा जहां ने कहा, मैंने कई चुनावों में मतदान किया है और अब यह पहली बार है जब मुझे बताया गया है कि मेरा वोट यहां नहीं है। नुसरा जहां ने कहा, मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों किया गया है। मैंने उनसे स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन वे स्पष्टीकरण नहीं दे सके। अब मुझे बिना वोट डाले वापस जाना होगा। यह अधिकारियों की गलती है।

कृष्णा नगर (पूर्वी दिल्ली) में रेयान अपनी पत्नी के साथ वोट डालने पहुंचे। लेकिन 30 वर्षीय रेयान मतदान नहीं कर सके, क्योंकि उनका नाम सूची में नहीं था। मतदान सुबह आठ बजे शुरू होकर शाम साढ़े पांच बजे समाप्त होना था।

इस चुनाव में मुख्य तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में 1.45 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं। कुल 1,349 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या 1,45,05,358 हैं, जिनमें 78,93,418 पुरुष, 66,10,879 महिलाएं और 1,061 ट्रांसजेंडर व्यक्ति हैं। मतों की गिनती सात दिसंबर को होगी। अधिकारियों ने मतदान के लिए दिल्ली में 13,638 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं।

## द्वारका में अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ अभियान, 31 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** द्वारका जिले की पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए एक विशेष अभियान में सात दिनों में 31 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से जिले में नशे के कारोबार में लिप्त थे। इनसे 18,140 क्वार्टर अवैध शराब, 40 बॉटल बीयर और ट्रांसपोर्टेशन में प्रयुक्त छह कर सहित एक स्कूटी बरामद की गई है।

डीसीपी एम. हर्षवर्धन के अनुसार, एमसीडी चुनाव में अवैध शराब की खपत को देखते हुए जिले में अवैध शराब के कारोबार और इसके करोबारियों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया था। द्वारका जिले के ऑपरेशन यूनिट सहित सभी थाना इलाकों में इस अभियान के तहत छापेमारियां की गई और अवैध शराब की तस्करी-बिक्री में लिप्त 31 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है।

डीसीपी ने बताया की इस अभियान के तहत स्पेशल स्टाफ, एएटीएस, एंटी नारकोटिक्स की टीमों ने द्वारका के अलग-अलग इलाकों में छापेमारियां की और भारी मात्रा में अवैध शराब को बरामद करते हुए, नशे के कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई गई है।

इससे पहले उत्तरी दिल्ली की सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब की बड़ी खेप पकड़ी है, जिसे हरियाणा से दिल्ली बेचने के लिए लाया गया था। पुलिस टीम ने इस खेप के साथ आरोपी महिला नसीमा उर्फ नास्सो को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि यह 30 कार्टून हरियाणा से लाए गए थे, जिसमें देसी शराब को अलग-अलग इलाकों में सप्लाई किया जाना था।

## केजरीवाल के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी : मानोज तिवारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने यमुना विहार में मतदान किया। उन्होंने मतदान के बाद मीडिया से बात करते हुए मनोज तिवारी ने दावा किया कि एक बार फिर दिल्ली नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

तिवारी का कहना है कि भाजपा के खिलाफ कोई एंटी इनकंबेंसी नहीं है। भाजपा ने दिल्ली नगर निगम में अच्छा काम किया है। साफ-सफाई भी अच्छी हुई है। केंद्र सरकार की तरफ से झुग्गी में रहने वालों को पक्का मकान दिया जा रहा है। उनका दावा है कि एंटी इनकंबेंसी अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ है और लोग उनके कामों से खुश नहीं है। दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर मतदान जारी है। वार्ड नंबर 94 गांधीनगर के बूथ संख्या 41 का वोटिंग मशीन तकरीबन 1 घंटे से खराब है। मशीन बदले जाने में काफी टाइम लग रहा है, जिसकी वजह से लोग नाराज हैं और कई लोग वापस लौट चुके हैं। लोगों का कहना है कि व्यवस्था ठीक नहीं है। मशीन अगर खराब हुआ है तो उसे तुरंत बदलना चाहिए, एक बार लौटने के बाद लोग दोबारा कम ही आ आते हैं।

बता दें, राजधानी दिल्ली में एमसीडी चुनाव के मद्देनजर आज बेहद महत्वपूर्ण दिन है। सभी 250 वार्ड के मद्देनजर आज मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से जारी है, जो शाम 5 बजे तक होगी। चुनाव आयोग की जारी की गई ताजा जानकारी के मुताबिक, सुबह 10:30 बजे तक तकरीबन 9 फीसदी पोल दिल्ली के सभी 250 वार्ड में हुआ है। दिल्ली एमसीडी चुनाव में मतदान प्रक्रिया की शुरूआत थोड़ी धीमी गति से जरूर हुई है। इसके पीछे एक बड़ा कारण छुट्टी का दिन रविवार को बताया जा रहा है। साथ ही एक कारण यह भी है कि आज राजधानी दिल्ली में बड़ी संख्या में शादियों और दूसरे समारोह हैं, जिसके चलते मतदान की रफ्तार धीमी है। ऐसा माना जा रहा है कि दोपहर होते-होते और शाम तक दिल्ली में मतदान की रफ्तार बढ़ेगी और लोग बड़ी संख्या में वोट डालने के मद्देनजर मतदान केंद्रों का रुख करेंगे।

# केजरीवाल ने परिवार के साथ दिया वोट

### बोले, दिल्ली की सफाई का यही मौका है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज अपने पूरे परिवार के साथ मतदान केंद्र पर जाकर एमसीडी चुनाव के लिए मतदान किया। सिविल लाइन स्थित परिवहन विभाग की बिल्डिंग में बने मतदान केंद्र पर मतदान के उपरांत सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों से एमसीडी में ईमानदार और काम करने वाली सरकार बनाने के लिए वोट करने की अपील करते हुए कहा कि नगर निगम में एक ईमानदार सरकार बनाने के लिए आज पूरे परिवार के साथ जाकर मतदान किया।

उन्होंने कहा, हम सब मिलकर दिल्ली को साफ.स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे। दिल्ली में चारों तरफ कूड़ा ही कूड़ा है। दिल्ली की सफाई करने का आपके पास यही मौका है। आप काम करने वालों को वोट दें, काम रोकने वालों को वोट ना दें। दिल्ली को कूड़ा करने, लेंटर के पैसे मांगने, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, लफंगई और गाली-गलौज करने वालों को वोट ना दें, उन्हें वोट दें जो दिल्ली को चमकाएंगे, साफ. सुथरा करेंगे। इसके लिए ईमानदार पार्टी, शरीफ व अच्छे लोगों को वोट दें।

अरविंद केजरीवाल अपने माता-पिता, धर्मपत्नी और दोनों बच्चे के साथ वोट देने पहुंचे। सभी लोग सुबह करीब 9.30 पोलिंग स्टेशन पहुंचे और दिल्ली की जनता से भी बढ़.चढ़कर वोट करने की अपील की। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से कहा कि हम सभी लोग दिल्ली को बहुत प्यार करते हैं। दिल्ली की सफाई करने का आप सभी के पास यही मौका है। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी एक ट्वीट कर कहा, प्लीज गो एंड वोट, अपनी दिल्ली शिक्षित और स्वस्थ तो हो ही रही है। अब इसको स्वच्छ और सुंदर भी बनाना है। अपने वोट की ताकत यूज करो।

# झूठ की राजनीति करते हैं केजरीवाल : गौतम गंभीर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में चल रहे एमसीडी चुनावों को लेकर वोटिंग की प्रक्रिया के बीच अलग-अलग क्षेत्रों से सांसदों, विधायकों और सेलिब्रिटी के मतदान की तस्वीरें सामने आईं। इस बीच पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने ओल्ड राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन नंबर 39 पर अपनी पत्नी के साथ मतदान कर अपने वोटिंग राइट का उपयोग किया। वोट डालने के बाद गौतम गंभीर ने मीडिया से बातचीत के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के ऊपर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से शराब की आबकारी नीति को लेकर बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है, उससे दिल्ली सरकार के सभी विभागों में भ्रष्टाचार बड़े स्तर पर हुआ है। उसको लेकर सच सबके सामने आएगा। भाजपा एमसीडी में किए गए अपने कामों और सच को लेकर दिल्ली की जनता के बीच में जा रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपने आठ साल के कार्यकाल में एक बार भी गाजीपुर नहीं गए हैं और ना ही एक बार भी उसकी बात की। लेकिन इस बार एमसीडी चुनाव में उसकी बात कर रहे हैं, जो पूरे तरीके से एक एजेंडा है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने ना तो राजधानी के अंदर कोई भी स्कूल और कॉलेज नहीं बनाया और ना ही यमुना की सफाई को लेकर कोई काम किया। इसको लेकर भाजपा लगातार सवाल पूछ रही है, लेकिन मुख्यमंत्री के पास कोई जवाब नहीं है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा ने एमसीडी में रहते हुए पार्कों में ओपन जिम लगाए है। जन रसोई की सुविधा लोगों को दी है।

साथ ही अन्य सुविधाएं भी लोगों को सरल रूप से मुहैया कराई है। एमसीडी चुनाव में कितनी सीटें भाजपा जीतेगी इस पर सवाल पूछे जाने पर गंभीर ने कहा मैं कोई एस्ट्रोलॉजर नहीं हूं, जो भविष्यवाणी कर सकूं, जो नतीजे आएंगे वह सबके सामने होंगे, लेकिन इतना कहना चाहता हूं कि भाजपा अपने किए गए कामों और सच को लेकर जनता के बीच में गई है।

उल्लेखनीय है कि राजधानी दिल्ली में एमसीडी चुनाव को लेकर आज मतदान का बेहद महत्वपूर्ण दिन रहा। 250 वार्डों में लोगों ने जाकर वोट डाले। सुबह 8 बजे से वोटिंग की शुरूआत होने के बाद से ही मतदान की रफ्तार काफी धीमी रही। इसके पीछे एक बड़ा कारण छुट्टी का दिन रविवार होने के साथ दिल्ली में बड़ी संख्या में शादियों और अन्य समारोह होना भी माना जा रहा हैं।

# दिल्ली नगर निगम चुनाव : पंजाबी बाग में मतदान केंद्र पर जाने पर पता चला कोई और डाल गया वोट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम चुनाव में मतदान के दौरान पश्चिमी दिल्ली के अलग-अलग इलाके में कई बूथों पर लोगों को अलग-अलग तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। कहीं किसी का वोट कोई और डाल गया तो कुछ बूथों पर ह्वील चेयर नहीं होने से बुजुर्गों को परेशानी हुई।

बूथ पर पता चला कोई और डाल गया वोट : एमसीडी चुनाव के लिए मतदान जारी है। लेकिन इस बीच वेस्ट दिल्ली के अलग-अलग मतदान केंद्र पर लोग अलग तरह की समस्याओं से जूझते नजर आए। पंजाबी बाग इलाके में जहां एक व्यक्ति अपना वोट कास्ट करने पहुंचा और बूथ के अंदर गया तो बूथ पर बैठे मतदान अधिकारी ने जो जानकारी दी, उससे उसके होश फाख्ता हो गए। मतदान अधिकारी ने बताया कि उसका वोट डल चुका है। उसने आरजू मिन्नतें भी कीं। उसका कहना था कि वह अभी आ रहा है तो उसका वोट पहले पैसे डल गया और कौन डाल गया? इसमें गलती किसकी है? लेकिन मतदान अधिकारी ने उनकी एक भी नहीं सुनी।

पोटर आई या आधार कैसे हो सकता है एक : उसका कहना है कि उसने अपने वोट के महत्व को समझते हुए वोट डालना जरूरी समझा, लेकिन यहां आने के बाद इस तरह की परेशानी हुई। हैरानी की बात यह है कि एक आदमी का एक ही वोटर कार्ड या आधार कार्ड कैसे हो सकता है? दूसरी तरफ होमगार्ड दफ्तर में बने बूथ पर बुजुर्ग पति-पत्नी जिनकी उम्र 75 साल से भी अधिक थी वे एक दूसरे का सहारा बनकर वोट डालने आए थे। उन्होंने अपनी पेंशन की समस्या को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि वह पेंशन पर ही आश्रित हैं लेकिन काफी समय से उनका पेंशन नहीं आ रहा।

व्हीलचेयर नहीं होने से परेशानी :इस सेंटर पर व्हीलचेयर नहीं होने के कारण ऐसे बुजुर्ग लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जो चलने फिरने में असमर्थ थे। यह दंपति एक दूसरे का हाथ पकड़ कर चल फिर तो रहे थे लेकिन उन्होंने कहा कि व्हीलचेयर तो होना चाहिए क्योंकि दिव्यांगों और अन्य ऐसे बीमार और दूसरे लोग जिन्हें चलने फिरने में दिक्कत हो उन्हें उस व्हीलचेयर की जरूरत पड़ती है।

## काउंसलर के मोबाइल झपटमारी पर पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आयोग में क्राइसिस इंटरवेंशन सेंटर कार्यक्रम में कार्यरत एक काउंसलर के साथ मोबाइल छीनने की घटना को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग के सीआईसी कार्यक्रम के साथ काम करने वाली एक काउंसलर ने आयोग में शिकायत दर्ज करवाई। सीआईसी द्वारा सौंपे गए आधिकारिक कार्य के तहत काउंसलर एक शिकायतकर्ता से मिलने सीलमपुर पुलिस स्टेशन गई थी। इसके बाद यौन उत्पीड़न में एक पीड़िता की सहायता के लिए थाने से जग प्रवेश चंद्र अस्पताल जाने के लिए ई-रिक्शा लिया। उसने बताया कि जब वह शास्त्री पार्क रोड के पास पहुंची तो 30 नवंबर को बाइक सवार तीन लोगों ने उसका फोन छीनने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया, तो उसे रिक्शा से बाहर खींच लिया। उसके पैर चलते रिक्शा में फंस गए, जिससे वह जमीन पर घिसट गई। घटना के बाद रिक्शा चालक उसे शास्त्री पार्क थाने ले गया, जहां से उसे जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया और उसकी एमएलसी कराई गई। काउंसलर अक्सर विषम परिस्थितियों में काम करती हैं और उन्हें अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ती है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था कि एक काउंसलर जिसे यौन हिंसा की पीड़िता की सहायता करने के लिए नियुक्त किया गया था, उस पर हमला हो गया और उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने शास्त्री पार्क थाने के प्रभारी को नोटिस जारी कर कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मामले में की गई गिरफ्तारियों के विवरण के साथ प्राथमिकी की प्रति मांगी है।

# दिल्ली के पटेल नगर यार्ड में री-मॉडलिंग कार्य के कारण 21 दिसंबर तक 29 ट्रेनें रद्द



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पटेल नगर में यार्ड री-मॉडलिंग कार्य के कारण 21 दिसंबर तक 29 ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसके अलावा आठ रेलगाड़ियों को दूसरे रास्तों से चलाया जाएगा और दो रेलगाड़ियों को उनके चलने व पहुंचने के स्टेशनों से अलग दूसरे स्टेशनों से चलाया व रोका जाएगा।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 3 से 21 दिसंबर तक दिल्ली के पटेल नगर में यार्ड री-मॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनें अस्थायी रूप से रद्द, शॉर्ट टर्मिनेट, शॉर्ट ओरिजिनेट और डायवर्ट रहेंगी।

उन्होंने बताया कि 20 ट्रेनों को तत्काल प्रभाव से 21 दिसंबर तक के लिए रद्द कर दिया गया है। इनमें रेलगाड़ी संख्या 14030/14029 मेरठ-श्रीगंगानगर-मेरठ एक्सप्रेस, 04433/04434 दिल्ली-रेवाड़ी-दिल्ली स्पेशल, 04041/04042 दिल्ली सराय रोहिल्ला-फरुखनगर-दिल्ली सराय रोहिल्ला स्पेशल, 04989/04283 दिल्ली-रेवाड़ी, 04435 रेवाड़ी-मेरठ, 14315 बरेली-नई दिल्ली, 14323/24 नई दिल्ली-रोहतक-नई दिल्ली, 04431 दिल्ली-जाखल, 04999 दिल्ली-शामली, 20409/10 दिल्ली-भटिंडा-दिल्ली, 04424 जींद-दिल्ली, 04988 जींद-दिल्ली, 04303/04 दिल्ली- बरेली-दिल्ली स्पेशल ट्रेन शामिल हैं।

सीपीआरओ ने कहा कि 5 से 21 दिसंबर तक जो ट्रेनें रद्द रहेंगी उनमें रेलगाड़ी संख्या 14021/14022 दिल्ली-जयपुर-दिल्ली और 14085/14086 तिलक ब्रिज-सिरसा-तिलक ब्रिज शामिल हैं। इसके अलावा रेलगाड़ी संख्या 04987 दिल्ली-जींद, 14316 नई दिल्ली-बरेली और 05000 शामली-दिल्ली स्पेशल 6 से 21 दिसंबर तक रद्द रहेंगी।

इसके अलावा शॉर्ट टर्मिनेशन व ओरिजिनेशन वाली रेलगाड़ियों में रेलगाड़ी संख्या 14727/14728 श्रीगंगानगर-तिलक ब्रिज-श्रीगंगानगर अपनी यात्रा भिवानी में समाप्त करेगी और वहीं से चलेगी। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक रास्ते से चलाई जाने वाली ट्रेनों में रेलगाड़ी संख्या 14623/24 फिरोजपुर-छिंदवाड़ा-फिरोजपुर एक्सप्रेस वाया मथुरा-अलवर-रेवाड़ी-अस्थल बोहर। रेलगाड़ी संख्या 22706/22705 जम्मूतवी-तिरुपति-जम्मूतवी एक्सप्रेस वाया नई दिल्ली-निजामुद्दीन-पलवल। रेलगाड़ी संख्या 22452/22451 चंडीगढ़-बांद्रा टी.-चंडीगढ़, 22942 उधमपुर-इंदौर एक्सप्रेस वाया मथुरा-रेवाड़ी-अस्थल बोहर-रोहतक। रेलगाड़ी संख्या 22705 तिरुपति-जम्मूतवी 13 दिसंबर और रेलगाड़ी संख्या 12550 जम्मूतवी-दुर्ग एक्सप्रेस 15 दिसंबर को आदर्शनगर-नई दिल्ली-पलवल होकर चलेगी।

# 'पिंक बूथ', आदर्श मतदान केंद्रों पर बाल देखभाल सुविधा, लाउंज जैसी व्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में रविवार को 'पिंक बूथ' और आदर्श मतदान केंद्रों पर बच्चों के देखभाल की सुविधाओं, सेल्फी प्वाइंट, लाउंज और कैंडीज से मतदाताओं का स्वागत किया गया।

दिल्ली के 250 वार्ड के लिए मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ जो शाम साढ़े पांच बजे तक चलेगा। मतों की गिनती सात दिसंबर को होगी।

दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने 68 'पिंक बूथ' और इतने ही आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए हैं।

उत्तर पूर्व दिल्ली के खजूरी खास में सिर्फ महिला कर्मचारियों के प्रबंधन वाले गुब्बारों से सजे 'पिंक बूथ' पर आईं मतदाता मोमिना राशिद ने कहा, यह सुखद लग रहा है। मतदान आसान हो गया है। उन्होंने कहा, हमें अपने अधिकारों का प्रयोग करने की आवश्यकता है। हमारे सामने सड़कों और जल निकासी की दयनीय स्थिति जैसे मुद्दे हैं। हम चाहते हैं कि हमारे क्षेत्र को साफ किया जाए।

'पिंक बूथ' परिसर के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गयी है और पुलिस तथा अर्द्धसैनिक बलों के जवान बिना किसी परेशानी के मतदान सुनिश्चित कर रहे हैं। 'सेल्फी प्वाइंट' ने भी मतदाताओं को आकर्षित किया, जिनमें से कई वोट डालने के बाद तस्वीरें लेते देखे गए।

एसईसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सिर्फ महिला कर्मचारियों द्वारा प्रबंधित 'पिंक बूथ' पर नवजात बच्चों वाली माताओं के लिए दुग्धपान कक्ष, मतदाताओं के साथ आने वाले छोटे बच्चों के लिए क्रेच सुविधा, झूले और सेल्फी कियोस्क शामिल हैं।

खजूरी खास 'पिंक बूथ' के अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि सुविधाएं और साफ-सफाई लोगों को मतदान के लिहाज से आगे आने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा, दिव्यांग लोगों के लिए रैंप (विशेष रास्ता) हैं, जिसके जरिए उन्हें वोट डालने के स्थान तक पहुंचाया जाता है।

मॉडल मतदान केंद्रों में प्रतीक्षालय, लाउंज और सेल्फी कियोस्क हैं, जबकि मतदाताओं को कैंडी वितरित की जा रही हैं।

# आफताब को जेल में मिली अमेरिकी उपन्यासकार की किताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रद्धा मर्डर केस का आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को जेल अधिकारियों ने अमेरिका उपन्यासकार पॉल थेरॉक्स की पुस्तक 'द ग्रेट रेलवे बाजारः बाई ट्रेन थ्रो एशिया' पढ़ने के लिए दिया है। इससे पहले आफताब ने जेल अधिकारियों से अंग्रेजी उपन्यास उपलब्ध कराने की इच्छा जाहिर की थी। सूत्रों के मुताबिक जेल अधिकारी उसे अपराध आधारित पुस्तक नहीं दे सकता था क्योंकि आरोपी उस पुस्तक की मदद से खुद को अथवा जेल में मौजूद अन्य कैदी को कोई नुकसान पहुंचा सकता है।

### खाली समय में शतरंज खेलने का है शौकीन



पुलिस के मुताबिक आफताब जेल में अधिकतर समय शतरंज खेलता है। एक जेल अधिकारी ने बताया, "आफताब जेल में शतरंज खेलकर अपना समय बिताता है। कभी-कभी वह अकेले खेलता है या दो अन्य कैदी के साथ खेलता है।" सूत्रों के मुताबिक जेल में आफताब के साथ दो अन्य कैदी भी मौजूद है। सूत्रों के मुताबिक, आफताब अपने सेल में मौजूद दो अन्य कैदियों के साथ शतरंज खेलता है। वह उन कैदियों के खेल को उत्सुकता से देखता है और जब भी उसे मौका मिलता है, वह सफेद और काले दोनों मोहरों से खेलने लगता है। सूत्रों ने बताया कि वह खुद भी अकेले खेलता है और वह खुद ही दोनों पक्षों की रणनीति बनाता है और चाल चलता है।

सूत्रों ने बताया कि आफताब शतरंज का शौकीन है और वह अलग-अलग रणनीतियां बनाता है और बोर्ड के दोनों तरफ से खेलता है। वह शतरंज का बढ़िया खिलाड़ी है। आफताब के साथ जो दो कैदी मौजूद हैं, वे चोरी के मामले में अंडरट्रायल हैं। उन्हें आफताब पर कड़ी नजर रखने को कहा गया है। जेल सूत्रों ने यह भी बताया कि आफताब खुद के खिलाफ अपनी चाल की योजना बना रहा है और दिल्ली पुलिस को शुरू से ही इस बात का शक था कि आफताब बहुत चालाक है। उसकी हर चाल एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा लगती है जैसे वह शतरंज में दोनों ओर से खेलता है।

पुलिस को आफताब के अच्छे व्यवहार पर शकः जांच अधिकारियों ने कहा कि आफताब ने हर उस आदेश का पूरी तरह से पालन किया था जो दिल्ली पुलिस ने उसे करने के लिए कहा था। उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। पुलिस के साथ सहयोग किया और पॉलीग्राफ और नार्को टेस्ट के लिए भी राजी हो गया। लेकिन अब पुलिस को उसके अच्छे व्यवहार पर शक होने लगा है। उसके जवाब से लगता है कि वह उसकी तैयारी पहले से कर चुका होता है। पूछताछ में उसने कबूल किया था कि श्रद्धा की हत्या उसने चाइनीज चॉपर से किया था।

## एक नजर

### एएसआई को मारी टक्कर भागने वाले को पुलिस ने दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण जिले के ग्रेटर कैलाश इलाके में बदमाश एक एएसआई को टक्कर मारकर भाग गया। सूचना मिलने के बाद थाने से पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश में जुटी गई। थोड़ी देर बाद पुलिस ने सूचना के आधार पर पीछा कर उसे दबोच लिया। आरोपी असलम खान उर्फ यूसुफ के पास से महाराष्ट्र और दिल्ली की फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि शुक्रवार शाम को ग्रेटर कैलाश थाने के एएसआई हुसैन इलाके में ड्यूटी पर थे। इसी बीच शाम 7:30 उन्होंने एक संदिग्ध वाहन चालक को रुकने का इशारा किया। वह तेजी से भागने लगा। एएसआई ने स्कूटी से पीछा किया। इस दौरान आरोपी उनकी स्कूटी में टक्कर मारकर भाग गया। पुलिस ने थोड़ी देर बाद आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस जांच में पता चला कि इसके दो साथी मोहम्मद युनुस और मोहम्मद गुलाम को पुलिस धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी सीबीआई और पुलिस अधिकारी बनकर साथियों के साथ वारदात को अंजाम देता था।

### स्कूटी खड़ी करने पर तीन भाइयों का सिर फोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में स्कूटी खड़ी करने के झगड़े में पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ तीन भाइयों का सिर फोड़ दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल कैफ और उनके भाई सद्दाम और नूर हसन को उपचार के लिए जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित कैफ परिवार के साथ खजूरी खास की श्रीराम कॉलोनी में रहते हैं। उनकी कपड़े सिलाई की फैक्टरी है। कैफ के अनुसार, उन्होंने अपनी स्कूटी पड़ोसी मीरू के घर के बाहर खड़ी कर दी थी। इसी बीच मीरू स्कूटी देखकर भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। आवाज सुनकर कैफ और उनके दोनों भाई घर से बाहर आए और गाली-गलौज का विरोध किया। इसके बाद मीरू ने फोन कर अपने दो साथियों को बुला लिया और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। तीनों भाइयों का सिर फोड़ने के बाद आरोपी फरार हो गया।

### भारत नगर में जंगल से सिर कटा शव मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत नगर इलाके में शनिवार दोपहर को जंगल से सिर कटी लाश बरामद हुई है। शव की हालत बेहद खराब है, जिसकी वजह से पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। भारत नगर थाने के पीछे पार्क से सटा जंगल है। बताया जाता है कि शनिवार दोपहर को लकड़ी जमा करने के लिए कुछ लोग गए थे तो उन्होंने लाश देखी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि धड़ एक तरफ और कुछ ही दूर पर सिर पड़ा हुआ था जिसे नेवले एवं आवारा कुत्ते खा रहे थे। मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसने कलाई में रुद्राक्ष और गले में तुलसी की माला पहने हुए है। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान की कोशिश में जुटी हुई है।

### एम्स में मनाया दिव्यांगजन दिवस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एम्स के भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को व्हील चेयर भी वितरित की गई। साथ ही 20 बच्चों को चित्रकला को लेकर किट भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में शैक्षणिक अनुभाग के डीन प्रोफेसर सुब्रत सिन्हा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय वधवा ने कहा कि समाज को दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करना चाहिए। योग्यता और क्षमता को पहचानकर उनको विकसित करने का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। स्थिति को समझकर पुनर्वास कार्यक्रम हो। अगर ऐसे कार्यक्रम घर के नजदीक होंगे तो उतना बढ़िया है। इससे दिव्यांगजनों को लाभ मिलने में आसानी होगी।

### मजदूरों के नाम पर सिमकार्ड लेकर ठगने वाले तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण पश्चिम जिले की पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी 52 वर्षीय श्रीप्रकाश दुबे, 51 वर्षीय सुरेश और 24 वर्षीय गोपाल यादव से सात मोबाइल, 17 सिमकार्ड और एक चेकबुक बरामद की है। आरोपी ठगी के लिए मजदूरों के नाम से सिमकार्ड लेकर वारदात के लिए प्रयोग कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, 24 जून को जिले के साइबर सेल थाने में एक ठगी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके पास यूएसए का उत्पाद खरीदने के लिए फोन आया। हालांकि उस दौरान उन्होंने मना कर दिया। लेकिन आरोपी उनके पास लगातार फोन करने लगा। वह उनके झांसे में आ गए और रुपये भेजने लगे। आरोपी ने जीएसटी समेत कई चार्ज के रूप में उनसे करीब 1.8 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। बैंक खाते और मोबाइल नंबर के जरिए आरोपियों की लोकेशन पता कर उन्हें दबोच लिया। जांच में पता लगा कि श्रीप्रकाश दुबे सिमकार्ड की व्यवस्था करता था और रुपये निकालता था। सुरेश अपने साथी श्रीप्रकाश दुबे के लिए काम करता और मजदूरों के नाम पर सिमकार्ड खरीदता था।

# कांग्रेस ने कहा- हमारा होगा मेयर, सीएम ने कहा दिल्ली को चमकाएंगे, भाजपा बोली हमने की है सेवा







**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए हो रहे मतदान के बीच सभी राजनीतिक दल व नेता अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि आम आदमी पार्टी जनता के लिए काम करने वाले लोगों की पार्टी है। ह्यआपह्न ने जीत का दावा करते हुए कहा कि वह दिल्ली को चमकाएंगे। कांग्रेस की ओर से दावा किया गया है कि नगर निगम चुनावों के बाद दिल्ली में कांग्रेस का मेयर बनेगा।

वहीं दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मतदाताओं से कहा कि दिल्ली में काम के नाम पर ड्रामा करने वालों को वोट न करें। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के सभी मतदाताओं से कहा, ईमानदार पार्टी को वोट दें, शरीफ और अच्छे लोगों को वोट दें। भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, लफंगई, गाली गलौच करने वालों को वोट ना दें। दिल्ली को कूड़ा करने वालों को वोट न दें। उन्हें वोट दें जो दिल्ली को चमकाएंगे, साफ सुथरा करेंगे, काम करने वालों को वोट दें, काम रोकने वालों को वोट न दें।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि साफ-स्वच्छ और सुंदर दिल्ली बनाने के लिए आज मतदान है, नगर निगम में एक भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाने के लिए मतदान है। सभी दिल्लीवासियों से मेरी अपील- दिल्ली नगर निगम में एक ईमानदार और काम करने वाली सरकार बनाने के लिए आज अपना वोट डालने जरूर जाएं।

दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मतदाताओं से कहा, दिल्ली में सेवा करने वालों को वोट करें, दिल्ली में काम के नाम पर ड्रामा करने वालों को वोट न करें। सेवा करने वालो को जिताने के लिए और ड्रामा करने वालों को सबक सिखाने के लिए अधिक से अधिक वोट करें। दिल्ली की जनता से पुनः आग्रह, नगर निगम चुनाव हेतु आज अपना बहुमूल्य वोट डालने के लिए अंतिम घड़ी की प्रतीक्षा न करें। अंतिम समय से पूर्व ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें, अपने घर-परिवार में सभी को मतदान अवश्य करवाएं।

कांग्रेस नेता अजय माकन का कहना है कि इस बार दिल्ली में कांग्रेस का मेयर होगा। कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए उन्होंने कहा है कि परिसिमन के बाद की स्थिति देखने वाली होगी। कांग्रेस के प्रत्याशी काबिल और सबकी पहुंच में हैं, ऐसा व्यक्ति चुना जाना चाहिए जो सबकी पहुंच में हो, मतदाताओं से अपील है कि उम्मीदवारों को देखें, उनका काम देखें।

अजय माकन ने कहा पिछली बार हमें 31 सीटें और 24 फीसदी वोट मिले थे। एकीकृत हो चुकी एमसीडी पर उन्होंने कहा कि एक कमिश्नर पूरी दिल्ली को कैसे देखेगा, इसी सोच के साथ नगर निगम के तीन हिस्से बनाए गए थे।

राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक दिल्ली नगर निगम चुनाव में 1349 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 1 करोड़ 45 लाख से अधिक मतदाता हैं। इसमें 95458 मतदाता पहली बार मतदान में हिस्सा लेने जा रहे हैं। 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 229 है।

# सोशल मीडिया पर अंजान व्यक्ति से दोस्ती करना युवक को पड़ा भारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में सोशल मीडिया पर अंजान व्यक्ति से दोस्ती करना एक युवक को भारी पड़ गया। पीड़ित को बार-बार एक लड़की के नाम से फेसबुक पर फ्रेंडशिप रिक्वेट भेजी गई। बार-बार रिजेक्ट करने के बाद अंत में युवक ने फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट को कबूल कर लिया। कुछ ही देर बाद युवक के पास उसी लड़की का वीडियो कॉल आ गया। युवती वीडियो कॉल पर अश्लील हरकतें करने लगी।

पीड़ित ने डरकर फोन काट दिया। लेकिन तब तक आरोपियों ने कॉल की वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली थी। इसके बाद पीड़ित से वसूली चालू हुई। यहां तक दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर बनकर भी उसे डराया गया। पीड़ित ने पहले तो एक लाख रुपये दे दिए, लेकिन बाद में उसने शिकायत करना ही ठीक समझा। स्पेशल सेल की साइबर क्राइम यूनिट ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपितों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़ित परिवार के साथ भजनपुरा इलाके में रहता है। वह एक एमएनसी में नौकरी करता है। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि 15 अक्टूबर को उसके पास किसी पूजा शर्मा नामक युवती की फ्रेंडशिप रिक्वेट आई। अनजान होने की वजह से उसने रिक्वेट को रिजेक्ट कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद दोबारा रिक्वेस्ट आया। यह सिलसिला चलता रहा। आखिर पीड़ित ने फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट को कबूल कर लिया। इसके बाद उसने पूजा नामक युवती को मैसेज किया कि वह उसे नहीं जानता है, वह कौन है। इसके कुछ ही देर बाद दूसरी ओर से वीडियो कॉल आ गई।

पीड़ित को लगा कि शायद बताने के लिए युवती ने कॉल किया है। जैसे ही युवक ने वीडियो कॉल को उठाया तो दूसरी ओर मौजूद लड़की ने अपने कपड़े उतार दिए। डर की वजह से पीड़ित ने कॉल काट दिया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

आरोपितों ने इसी दौरान कॉल को रिकॉर्ड कर लिया।

# दिल्ली के तिलक नगर में लिव-इन पार्टनर की हत्या, पंजाब से आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में एक महिला की उसके लिव-इन पार्टनर ने कथित तौर पर हत्या कर दी, पुलिस ने शुक्रवार को कहा- आरोपी को घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान पश्चिम विहार पूर्व के संगम अपार्टमेंट निवासी मनप्रीत के रूप में हुई है। मनप्रीत हत्या के प्रयास, फिरौती के लिए अपहरण और आर्म्स एक्ट सहित छह आपराधिक मामलों में भी शामिल पाया गया है।

विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक गणेश नगर निवासी मृतका की बेटी ने एक दिसंबर को पुलिस को बताया कि वह अपनी मां और चाचा मनप्रीत के साथ घर पर रहती थी। एक दिसंबर को जब मृतका की बेटी सुबह 6 बजे उठी तो मनप्रीत ने उसे गोलियां दीं और सोने को कहा। जब उसे



शक हुआ तो उसने मनप्रीत से अपनी मां के बारे में पूछा। उसने उसे बताया कि वह बाजार गई है।

अधिकारी ने कहा-वह पश्चिम विहार में अपने चचेरे भाई के घर चली गई और पुलिस को फोन किया। उसने पुलिस को बताया कि मनप्रीत और उसकी मां के बीच कुछ समय से पैसे को लेकर झगड़ा चल रहा था। उसे शक है कि मनप्रीत ने उसकी मां को नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद पुलिस पीड़िता के घर गणेश नगर पहुंची और दरवाजा तोड़ दिया।

रेखा घर के अंदर मृत पाई गई थीं। उसके चेहरे और गर्दन पर कई घाव थे और उसकी दाहिनी अनामिका कटी हुई पाई गई थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, हालांकि, मनप्रीत फरार पाया गया। विशेष तकनीकी जांच की मदद से मनप्रीत का पता लगाया गया और उसे पंजाब के पटियाला जिले में उसके पैतृक गांव अलीपुर से पकड़ा गया।

पूछताछ के दौरान मनप्रीत ने खुलासा किया कि वह 2015 में रेखा के संपर्क में आया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, वह प्यार में पड़ गई और तिलक नगर इलाके के गणेश नगर में एक साथ रहने लगे। धीरे-धीरे रेखा उसके बारे में असुरक्षित महसूस करने लगी और उसने न तो उसे अपने परिवार से बात करने दी और न ही उनसे मिलने दिया। उन्होंने कहा, मनप्रीत रेखा के साथ रिश्ते में फंसा हुआ महसूस कर रहा था।

# केजरीवाल सरकार ने खाया मजदूरों के हक का पैसा : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए मतदान से ठीक एक दिन पहले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आम आदमी पार्टी (आप) पर जमकर हमला बोला। उन्होंने केजरीवाल सरकार पर मजदूरों के हक का पैसा खाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह दिल्ली का लालू मॉडल है।

यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जितने भी आंकड़े सामने आए हैं उससे स्पष्ट है कि मजदूरों के नाम, पते और मोबाइल नंबर फर्जी पाए गए हैं। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये पैसा किसकी जेब में गया? अगर काम करने वाले मजदूरों के नाम और उनको काम देने वाले के पते और मोबाइल नंबर फर्जी थे तो पैसा किसने खाया?

ठाकुर ने आगे कहा कि



दिल्ली में एक मजदूर के नाम पर 25 लोगों को नौकरी दी गई और एक मोबाइल नंबर पर 06 आवेदन पत्र भरवाए गए हैं। मजदूर कामगार कल्याण बोर्ड के नाम पर जो हजारों करोड़ पैसा जमा हुआ वह अरविंद केजरीवाल और उनके दोस्त लूट कर खा गए।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में भ्रष्टाचार के नए मॉडल पेश किए । उनकी सरकार में शराब घोटाला हुआ। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने लूटने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि जो मजदूर अपनी कमाई के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाते हैं, उनके पैसे भी अरविंद केजरीवाल खा गए।

# 17 दिन के अंदर शिकायतकर्ता को गहने लौटाए पुलिस : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहाड़गंज लूट मामले में बरामद किए गए छह करोड़ रुपये के गहनों का सत्यापन कर उन्हें 17 दिन के भीतर छोड़ा जाएगा। इस बाबत पुलिस द्वारा की गई अपील पर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि 15 दिन के भीतर पुलिस बरामद किए गए गहनों का सत्यापन करवाए और 17 दिन के भीतर उसे शिकायतकर्ता को लौटा दे।

पहाड़गंज में बीते 31 अगस्त की रात हुई करोड़ों रुपये के गहनों की लूट में दो सितंबर को आरोपी गिरफ्तार किए गए थे। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने लगभग 6 करोड़ रुपये के गहने बरामद किए थे। बीते 13 सितंबर को तीस हजारी अदालत ने इन गहनों को शिकायतकर्ता को लौटाने के आदेश दिए थे। लेकिन दिल्ली पुलिस बिना सत्यापन के इन गहनों को लौटाने को तैयार नहीं थी। पुलिस ने तीन बार अदालत में सत्यापन को लेकर अपील दायर की थी और उसे हर बार खारिज कर दिया गया। उधर शिकायतकर्ता ने भी गहने पाने के लिए पुलिस के खिलाफ अदालत में अवमानना की शिकायत दायर की थी।

बीते 28 नवंबर को एडिशनल सेशन जज धीरज मोर की अदालत ने सत्यापन की याचिका को खारिज करते हुए एक सप्ताह के भीतर गहनों को छोड़ने के आदेश दिए थे। इस आदेश के खिलाफ मध्य रेंज की संयुक्त आयुक्त सुमन गोयल की तरफ से हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी। उनकी तरफ से हाईकोर्ट को बताया गया कि गहनों का सत्यापन आवश्यक है। पुलिस सत्यापन कर गहने छोड़ने को तैयार है।

# आबकारी नीति 'घोटाला' के मामले में सिसोदिया को कानूनी कार्रवाई का सामना करना होगा: भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली आबकारी नीति का इस्तेमाल रिश्वत के लेन-देन के लिए किया था और इसे तैयार करने में शामिल रहे उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कानूनी कार्रवाई का सामना करना होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री सिसोदिया यह झूठ फैलाने के लिए संवाददाता सम्मेलनों के माध्यम से कहानियां गढ़ रहे हैं कि आबकारी नीति लागू




करने में कोई घोटाला नहीं हुआ और सिसोदिया बेगुनाह हैं। इस मुद्दे पर आप की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

पात्रा ने आबकारी घोटाले के आरोपी अमित अरोड़ा के खिलाफ हाल में एक अदालत में प्रस्तुत प्रवर्तन निदेशालय के रिमांड नोट का जिक्र करते हुए संवाददाताओं से कहा, सिसोदिया के खिलाफ जांच चल रही है और उनके खिलाफ आरोप बहुत गंभीर हैं।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के मामले में इस साल अगस्त में सिसोदिया और कई अन्य लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था।

केजरीवाल सरकार ने आबकारी नीति के मामले में दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश किये जाने के बाद नवंबर 2021 में लागू की गई इस नीति को समाप्त कर दिया था। पात्रा ने आरोप लगाया कि आप ने रिश्वत के लेन-देन के लिए आबकारी नीति बनाई थी।

# योग क्लास बंद करने को लेकर केजरीवाल ने लगाए झूठे आरोप : बिधूड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में योग क्लास बंद करने को लेकर भाजपा पर गलत आरोप लगाए हैं। भाजपा ने ऐसा कभी नहीं कहा कि राज्य में योगशालाएं बंद की जाएं।

बिधूड़ी ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि केजरीवाल अपने बयान पर 24 घंटे के अंदर माफी मांगे नहीं तो भाजपा उन पर कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली में योगशालाएं बंद करने का आरोप भाजपा पर लगाया है जबकि वह जानते हैं कि यह सिर्फ मनगढ़ंत, बेबुनियाद और झूठा आरोप है। उन्हें पता है कि भाजपा को इन योगशालाओं को बंद कराने से कुछ लेना-देना नहीं है।

बिधूड़ी ने कहा कि योगशालाएं बंद कराने का फैसला दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंस एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के गवर्निंग बोर्ड ने लिया था जोकि दिल्ली सरकार की ही यूनिवर्सिटी है। गवर्निंग बोर्ड में भाजपा का कोई प्रतिनिधि या पदाधिकारी भी नहीं है। इसलिए ऐसा झूठा आरोप लगाकर



उन्होंने जानबूझ कर नगर निगम चुनावों से ठीक पहले भाजपा को बदनाम करने की कोशिश की है। भाजपा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

बिधूड़ी ने कहा है कि केजरीवाल सरकार ने स्वयं ही ऐसी यूनिवर्सिटी को योगशालाएं चलाने का कार्य दिया जिसके पास न तो इसके लिए संसाधन हैं और न ही विशेषज्ञ। इसलिए यूनिवर्सिटी के गवर्निंग बोर्ड ने यह निर्णय लिया कि इन योगशालाओं को बंद कर दिया जाए। इसके अलावा यह भी उल्लेखनीय है कि यह यूनिवर्सिटी दिल्ली सरकार के अंतर्गत ही आती है और मुख्यमंत्री केजरीवाल शायद यह भूल रहे है कि दिल्ली में आम आदमी पाटी की ही सरकार है और सरकारी फैसलों में उनका ही एकाधिकार है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को नियम-कायदों को ताक पर रखने और साथ ही झूठ बोलने की आदत पड़ चुकी है। इसीलिए वह अनाप-शनाप आरोप लगाते रहते हैं। लेकिन भाजपा उनके इस रवैये को बर्दाश्त नहीं करेगी और अगर उन्होंने 24 घंटे में माफी मांगते हुए आरोप वापस नहीं लिए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मुठभेड़ में मारे जाने के डर से कोर्ट के बाहर फायरिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस की मुठभेड़ में मारे जाने के डर से शुक्रवार को मेरठ के एक बदमाश ने कड़कड़डूमा कोर्ट के बाहर फायरिंग कर दी। कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे तुरंत दबोच लिया। उसके पास से देसी पिस्टल बरामद हुई है। फर्श थाने की पुलिस आरोपी 21 वर्षीय अरमान के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है। वह बुलंदशहर के अरमानी गैंग का सक्रिय सदस्य है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे एक युवक ने कड़कड़डूमा कोर्ट के गेट नंबर-चार के बाहर फायरिंग कर दी। गोली की आवाज सुनकर कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी बाहर की तरफ दौड़े और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी अरमान ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस उसे मुठभेड़ में मार सकती है, जिसका उसे डर बना हुआ है। इसलिए अपनी जान बचाने के लिए कोर्ट के बाहर फायरिंग कर दिल्ली की जेल में बंद होना चाहता है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। अरमान पर अपहरण और रंगदारी समेत आठ मामले दर्ज हैं।

# आरोपी पिंकी ईरानी को न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े दो सौ करोड़ रुपये के जबरन वसूली मामले में आरोपी पिंकी ईरानी को 21 दिसंबर तक अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, मुंबई की रहने वाली पिंकी ईरानी चंद्रशेखर की करीबी बताई जाती है और उन्होंने उन्हें बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस से मिलवाया था।

पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक की अदालत ने दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की दलीलों को स्वीकार कर पिंकी ईरानी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने अदालत में कहा कि आरोपी को 30 नवंबर को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। ईरानी से पूछताछ पूरी हो चुकी है। इसलिए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाए। वहीं, आरोपी पिंकी ईरानी की तरफ से एक अर्जी भी अदालत में दायर की गई, जिसमें कहा गया कि उसका बयान गलत तरीके से दर्ज किया गया है। पिंकी ईरानी ने शनिवार को खुलासा किया जब उन्हें पटियाला हाउस अदालत में मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया था, उस समय दिए गए उनके बयान गलत तरीके से दर्ज कराए गए। उन्हें बेवजह जिम्मेदार ठहरा दिया गया।

अदालत ने कहा कि आरोपी का कहना है कि उसने ऐसा कोई बयान नही दिया है। उसके बयानों को तोड़ा-मरोड़ा गया है। इसे रिकॉर्ड में रखा जाना चाहिए। दिल्ली पुलिस ने पहले कहा था कि पिंकी ईरानी चंद्रशेखर को एक बिजनेस टाइकून के रूप में जानती थी। वह जबरन वसूली मामले में मुख्य आरोपी सुकेश चंद्रशेखर के संपर्क में आने वाली कुछ बॉलीवुड हस्तियों की मदद करने में सहायक थी। पुलिस ने यह भी आरोप लगाया था कि ईरानी ने शिकायतकर्ता और अन्य स्त्रोतों से वसूली गई राशि का निपटान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ज्ञात रहे कि पिछले सप्ताह दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस का बयान दर्ज किया, जब उन्होंने कहा कि वह कुछ महत्वपूर्ण जानकारी देना चाहती है।

# एक नजर

## सेना भर्ती रैली मामले में सीबीआई ने 40 आरोपियों के खिलाफएफआईआर की दर्ज

हमीरपुर- उत्तर प्रदेश के कानपुर में 2016 के दौरान हुई सेना भर्ती रैली मामले में सीबीआई ने 40 आरोपियों के खिलाफएफआईआर दर्ज की है सीबीआई की शुरुआती जांच में सामने आया है कि इस भर्ती में रिश्वत देकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए 34 लोगों ने परीक्षा पास कर ली यही नहीं इनमें से 30 लोगों ने ज्वाइन कर ट्रेनिंग भी हसिल कर ली मामले में सेना भर्ती कार्यालय में तैनात रहे हवलदार गिरिश एनएच ने बिचौलिए के जरिये रिश्वत लेने की बात कुबूल की है वहीं अब सभी निवास प्रमाणपत्र हमीरपुर से जारी होने पर सीबीआई की टीम ने जिले में डेरा डाल दिया है और शनिवार को लेखपाल, ग्राम प्रधान और सभासदों को तलब किया है प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे नोएडा, बागपत, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, रायबरेली और बुलंदशहर के रहने वाले इन युवकों ने खुद को हमीरपुर का निवासी बताते हुए फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाए. सीबीआई ने अपनी एफआईआर में फर्जी तरीके से नौकरी पाने वाले इन 34 लोगों के साथ ही सेना के हवलदार गिरीश एनएच, 5 बिचौलियों और हमीरपुर के एसडीएम व तहसीलदार के कार्यालय में तैनात रहे अज्ञात कर्मियों के खिलाफकेस दर्ज किया है.

34 अभ्यर्थियों ने खुद को हमीरपुर का निवासी दिखाया दरअसल, कानपुर छावनी में 3 अगस्त 2016 से 16 अगस्त 2016 के बीच औरैया, बाराबंकी, फतेहपुर, कन्नौज, बांदा, गोंडा और हमीरपुर के युवाओं के लिए सेना भर्ती की रैली हुई थी. यह भर्ती शारीरिक जांच, लिखित परीक्षा व स्वास्थ्य परीक्षण के जरिये हुई. इसमें हमीरपुर के 34 ऐसे अभ्यर्थियों को भर्ती कर लिया, जो अन्य जिलों के रहने वाले थे इन सभी ने फर्जी निवास प्रमाण पत्र के सहारे खुद को हमीरपुर का बताया. ये निवास प्रमाण पत्र हमीरपुर तहसील से उप जिलाधिकारी ने जारी किए थे

40 के खिलाफनामजद थ्ु दर्ज

सीबीआई लखनऊ की स्पेशल क्राइम ब्रांच ने एसटीएफकी सूचना के आधार पर 12 दिसम्बर 2017 में लखनऊ कैंट स्थित मध्य कमान सेना के भर्ती मुख्यालय के अज्ञात अधिकारियों-कर्मचारियों व अन्य के खिलाफ पीई दर्ज कर जांच शुरू की आरोप सही पाए गए तो स्पेशल क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने 19 अप्रैल 2018 को एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दी मामले में सेना भर्ती दफ्तर में तैनात हवलदार गिरीश एनएच समेत 40 लोगों के खिलाफनामजद एफआईआर दर्ज कर ली पता चला कि जिन 34 लोगों ने भर्ती में हिस्सा लिया, उनमें से कोई भी हमीरपुर का नहीं था अब ऐसे में सीबीआई ने हमीरपुर में 2 दिनों से डेरा डाल दिया है और लगातार लेखपाल,ग्राम प्रधान और सभासदों को तलब करके पूछताछ की जा रही है कि आखिर ये निवास प्रमाणपत्र जारी कैसे हुए थे।

## देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई जयंती

**जिलाधिकारी ने अधिवक्ता दिवस के अवसर पर किया संबोधन**

औरैया। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर तहसील सभागार बिधूना में आयोजित अधिवक्ता दिवस के अवसर पर कहा कि विद्वता के साथ-साथ विनम्रता से देशकाल और परिस्थिति के अनुरूप बोलता है उसे अधिवक्ता कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के कंधों पर विशेष जिम्मेदारी होती है जिसके लिए समाज का पीढ़ित व्यक्ति न्याय पाने के लिए आपको माध्यम बनाकर न्याय चाहता है। इसके लिए जरूरी है कि आप में सत्य, संवाद और संतुलन रखते हुए अपने कार्य को अंजाम दें तभी आप की विशेषता सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि किसी कार्य को पूर्ण लगन के साथ किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। इसके लिए आप सभी लोग अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अपने कार्य को अंजाम दें। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस के प्रसंगों का भी वर्णन किया। कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अधिवक्ताओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए और अपेक्षा की कि तहसील कार्यालय में रिक्त चल रहे न्याय के पदों का शीघ्रता के साथ भर दिया जाये। जिससे लंबित वादों का निस्तारण समय से हो सके और लेखपाल आदि की अपनी जिम्मेदारी संबद्धता के साथ पूर्ण करते रहें। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी मामले लेखपालों सहित पटलों पर लंबित हैं उनके लिए समय अवधि निर्धारित है इस हेतु निर्देशित कर दिया गया है और पुनः निर्देशित करा दिया जाएगा कि सभी संबंधित अपने-अपने लंबित वादों को निर्धारित समय में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में तहसीलदार बिधूना के अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर संघर्ष समिति ने लगाई गुहार

खागा फतेहपुरः तहसील खागा में बैनामा की बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहा प्रशासन द्वारा लगातार वादाखिलाफी की जा रही है आज संघर्ष समिति के लोगों ने तहसील दिवस में अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को मांग पत्र सौंपते हुए संघर्ष समिति ने दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 19 अक्टूबर 2022 से चल रहे आंदोलन के बारे में मांग की गई की प्रशासन द्वारा जो वादाखिलाफी की जा रही है। उसे तत्काल दूर किया जाए ।और जनहित में बैनामा के बड़े सर्किल रेट वापस लिए जाएं तथा इसके जिम्मेदार सब रजिस्टार खागा को खागा से हटाया जाए आज 46 वे दिन आम हड़ताल जारी रही तथा 15 वा जत्था अनशन पर बैठा जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार ने की अनशन पर रामनारायण हिमांशु विश्वकर्मा विनोद कुमार यादव चंद्रभान सिंह इंदर सिंह आशीष श्रीवास्तव बलवंत सिंह स्टांप वेंडर जितेंद्र सिंह मोहम्मद लतीफ एडवोकेट अनंत सिंह अनशन में बैठे जिस का संचालन जितेंद्र सिंह ने किया इस अवसर पर एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें दिनभर आंदोलनकारियों ने चल रहे हैं आंदोलन के बारे में जानकारी दें और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की आंदोलनकारियों ने तहसील खागा में जुलूस भी निकाला और जिला प्रशासन को मांग पत्र दिया आज के आंदोलन में संघर्ष समिति के समस्त सदस्य सभी अधिवक्ता स्टांप वेंडर दस्तावेज लेखक मुंशी शामिल रहे आंदोलनकारियों ने आज के तहसील दिवस में किसी प्रकार का कोई काम नहीं किया बल्कि तहसील दिवस का बहिष्कार किया है।

आंदोलन सोमवार को भी जारी रहेगा ।संघर्ष समिति ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में एक जनहित याचिका भी दायर की है।

# शारीरिक चुनौती का सामना कर फाईलेरिया रोगी नेटवर्क बढ़ रहा आगे



कानपुर। मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है...इन पंक्तियों को जीवन में उतारने वाले स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था द्वारा बनाये गए फाइलेरिया नेटवर्क समूह के सदस्यों के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया । विकलांग लोगों के लिये समर्पित अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया से ग्रसित रोगियों और उनकी दिव्यांग्ता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को आयोजित रैली में ब्लॉक कल्याणपुर के प्राथमिक विद्यालय कटरा भैसौर के बच्चों व सहायक अध्यापकों ने भाग लिया।

फ़ाइलेरिया रोगी नेटवर्क के सदस्यों सदस्य रघुवीर, प्रेमवती, सुधा और सुमन ने रैली के माध्यम से बताया की दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है बल्कि ऊपर वाले का वरदान है। दिव्यांगता को भूलकर आगे बढने् का जज्बा ही आपको समाज में अलग खड़ा करता है। जब तक आपकी सोच और विचार नहीं बदलेंगे तब तक आप दिव्यांगता की भंवर से निकल नहीं सकते।

फ़ाइलेरिया रोगी नेटवर्क सदस्य सुमन कहती है दिव्यांगता के प्रति समाज का रवैया नकारात्मक है पर सबसे पहले किसी भी शारीरिक चुनौती को ह्रदय से स्वीकार करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। मुझे फाइलेरिया है पर मए नहीं चाहती की जिस परेशानी में मैं हूँ उसमें दूसरा भी कोई हो। इसलिए मैं औरों को जागरूक करके उन्हें किसी प्रकार से दिव्यांग होने से बचाऊंगी। सेण्टर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के जिला समन्वयक प्रसून द्विवेदी ने बच्चों को फाइलेरिया रोग और उससे होने वाली दिव्यांग्ता के बारे में बताया । साथ ही इस रोग के कारण, लक्षण, बचाव, उपचार, प्रबंधन आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी । कहा की सिर्फ दो साल से कम के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को छोड़ कर सभी को फाइलेरिया से बचाने के लिये दवा का सेवन साल में एक बार करना चाहिये ।

**✍ दिव्यांगों के समर्थन में निकाली रैली, फाइलेरिया के प्रति किया जागरूक**

**✍ एक सामान्य व्यक्ति की तरह सबकुछ कर सकते हैं दिव्यांग**

प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो0 शमीम ने कहा की अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगो को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। रैली में बच्चों , शिक्षकों सहित आशा व आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ता सहित फाइलेरिया रोगी नेटवर्क के अन्य सदस्य मौजूद रहें।

इसलिए मनाया जाता है विकलांग लोगों के लिये समर्पित अंतरराष्ट्रीय दिवस दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की 1992 में हुई आम बैठक में तीन दिसंबर को विकलांग लोगों के लिये समर्पित अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस वर्ष का थीम है समावेशी विकास के लिए परिवर्तनकारी समाधान. इसके माध्यम से दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण को प्रशिक्षण

**200 स्वास्थ्य कर्मी हुए प्रशिक्षित, बतायी गई संचारी रोगों की रोकथाम की तकनीक**

लखनऊः वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में प्रशिक्षण आयोजित हुआ प् इस प्रशिक्षण में संचारी रोगों से जुड़े सभी स्वास्थ्य कर्मियों को संचारी रोगों की रोकथाम के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया गया गया। ।

प्रशिक्षण में बताया गया कि जिन स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग डेंगू, मलेरिया या चिकनगुनिया जैसे बुखार से प्रभावित होते हैं तो ऐसे स्थानों पर मच्छरों की पहचान करना आवश्यक होता है कि किन मच्छरों की वजह से बीमारियां फैल रही हैं। समय रहते इन मच्छरों की बढ़वार को रोकने से ही बीमारी पर नियंत्रण किया जा सकता है। डेंगू और मलेरिया बुखार के मच्छरों की सही पहचान के बारे में भी जानकारी दी गई। इसका डैमो भी करके दिखाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सर्वे और सोर्स रिडक्शन (मच्छर जनित स्त्रोत का नष्टीकरण) बहुत ही महत्वपूर्ण होता है प् इसलिए जिले के वेक्टर बार्न से जुड़े सभी फील्ड वर्कर्स और हायर किये गए दैनिक कर्मी व डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स का संवेदीकरण किया जा रहा है, ताकि संचारी रोगों की और बेहतर ढंग से रोकथाम की जा सके।

जिला मलेरिया अधिकारी ए.के.सिंह ने बताया कि मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए हर वर्ष दैनिक कर्मियों और डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स को भी हायर किया जाता है प् उन सभी का समय-समय पर संवेदीकरण/प्रशिक्षण आवश्यक है प् गोदरेज संचालित पाथ-सी.एच.आर.आई. के सहयोग से सभी स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है प् तीन बैच में लगभग 200 कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है ।

पाथ-सी.एच.आर.आई. के आई.वी.एम. कोऑर्डिनेटर सीताराम चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण में वेक्टर जनित बीमारियाँ, मच्छर का जीवन चक्र और लार्वा की पहचान, मच्छर पैदाइश के स्थानों का न्यूनीकरण व प्रबंधन और वेक्टर जनित बीमारियों के नियंत्रण में क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता और दैनिक कर्मियों की भूमिका के बारे में बताया गया है।

# अब कूड़ा पॉइंट नही, बस होगा स्वच्छ स्थान, जहां करेंगे सब आराम



पुखरायांः प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, के आदेश दिनांक 26 नवम्बर 2022 के द्वारा नगरीय क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा आजादी /75 अमृत महोत्सव के अंतिम माह के उपलक्ष्य में ''प्रतिबद्ध 75 घंटे 762 निकाय'' अभियान दिनांक 01 दिसम्बर से 03 दिसम्बर तक निकायों में कूड़े के एकत्रीकरण के दृष्टि से संवेदनशील स्थानों श्ळंतइंहम टनसदमतंइसम च्वपदजेश् को पूर्ण पूर्णतया (स्थायी रूप से) विलोपित कर स्वच्छ स्थानों में परिवर्तित कराये जाने के आदेश के अनुपालन में अभियान के प्रारम्भ दिनांक 01 दिसम्बर को नगर पालिका परिषद पुखरायां के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार के नेतृत्व में 40 सफाई कर्मचारियों की टीम गठित की गयी है। अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि शासन की मंशानुसार निकायों में जहां पर कूड़ा एकत्र किया जाता था, उन स्थानों को पूर्णतया समाप्त कर वहां पर स्वच्छ वातावरण के दृष्टिगत वालपेटिंग, आम जनमानस को बैठने हेतु ब्रेंच, पौधरोपण आदि का कार्य कराया जाना है। जिसके तहत आज रेलवे क्रासिंग के पास कूड़ा कलेक्शन प्वाइंट की समुचित रूप से सफाई कराते हुए समाप्त कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में पालिका अध्यक्ष सत्यप्रकाश संखवार ने बताया कि उक्त स्थल पर कोई भी कूड़ा नही डाला जाएगा। और स्थल पर वालपेटिंग कर स्वच्छता का संदेश प्रसारित कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि आगामी दिनों में उक्त स्थल को और अधिक विकसित करते हुए बेंच तथा पौधरोपण का कार्य भी कराया जाएगा। इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी ने बताया कि उक्त के अतिरिक्त नगर के शिवाजी नगर सुखाई तालाब के पास भी कूड़ा कलेक्शन प्वाइंट है, जिसे भी उक्त अभियान के दौरान समाप्त करते हुए पूर्ण रूप से सफाई कराई जाएगी तथा उक्त स्थल को भी आमजनमानस के लिए विकसित कराया जाएगा। इस मौके पर पालिका के अतुल पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार, अरविन्द सचान, मनोज मिश्रा, धर्मेन्द्र पाल, हर्ष सचान, विकास यादव, प्रमोद गुप्ता, सोनू सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# फल खिलाने में शिक्षकों ने अपनी जेब से खर्च किए लाखों रुपए




लखनऊ। मध्याह्न भोजन योजना में बजट की कमी परिषदीय शिक्षकों के लिए मुसीबत बन गई है। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई मध्याह्न भोजन योजना (मिड-डे-मील) उधारी पर चल रही है। शिक्षक जेब से सब्जी, दाल, तेल, मसाले, दूध, फल आदि सामग्री खरीद कर अपनी नौकरी बचा रहे हैं क्योंकि पिछले छह महीने से कन्वर्जन कास्ट नहीं मिली है। योजना चलाने के लिए शासन गेहूं और चावल तो नियमित रूप से उपलब्ध करा रहा है लेकिन भोजन को पौष्टिक बनाने और विद्यार्थियों को मानकों के अनुरूप पोषण देने के लिए दिए जाने वाले अन्य खाद्य के लिए कन्वर्जन कास्ट नहीं भेज रहा है जबकि विद्यालयों में भोजन बन रहा है या नहीं इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। ऐसे में लापरवाही के आरोप और

**■ अब दाम नहीं तो काम नहीं के फार्मूले पर चल रहे हैं शिक्षक**

निलंबन से बचने व नौकरी बचाने को शिक्षक जेब से खाद्य सामग्री खरीदकर योजना को जैसे-तैसे चला रहे हैं।

6 माह से बच्चों के फलों के वितरण के लिए भी बजट नहीं मिला है। इसके चलते गुरुजी बच्चों को फल खिलाने में अब तक लाखों रुपये खर्च कर चुके हैं। फल का बजट, मध्याहन भोजन में शामिल हैं फलों के वितरण के तहत सप्ताह में एक दिन फल बांटना होता है। प्रत्येक माह 16 रुपये प्रति बच्चे के हिसाब से धन दिया जाता है।

विद्यालयों में 70 प्रतिशत उपस्थिति मानकर धन खाते में भेजे जाने का प्रावधान है। मध्याहन भोजन योजना के तहत कन्वर्जन कॉस्ट का बजट तो समय समय पर मिल जाता है लेकिन फल का बजट अगस्त 2021 से नहीं मिला है। बजट न मिल पाने से स्कूलों के खाते में धन नहीं भेजा जा सका है जिससे शिक्षकों की मुसीबत बढ़ गई है। उन्हें अपनी जेब से पैसा लगाकर बच्चों को फल बांटने पड़ रहे है। जिससे शिक्षकों को अपने वेतन का बड़ा हिस्सा प्रतिमाह बच्चों को फल बांटने में खर्च करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर नाम ना छापने की शर्त पर कुछ शिक्षकों का कहना है कि जैसा दाम वैसा काम, जब हमें पैसा मिलेगा तब हम फल वितरित करेंगे।

हमें जब से पैसा नहीं मिल रहा है हम तब से फल वितरित नहीं कर रहे हैं, ना ही बच्चों को दूध वितरित कर रहे हैं, सिर्फबच्चों को एमडीएम खिला रहे हैं अगर एक माह के अंदर कन्वर्जन कास्ट नहीं भेजी गई तो अब हम एमडीएम बनवाना भी बंद कर देंगे।

## समस्त सम्बन्धित शिक्षण संस्थान संशोधित समय सारिणी के अनुसार अवशेष छात्र / छात्राओं के आवेदन पत्र कराएं ऑनलाइन



लखनऊ । अनु सचिव उ0प्र0 शासन समाज कल्याण अनुभाग-3 के शासनादेश संव 124 / 2022/ 2815/26-3-2022-4 (358) / 07 टी. सी.111 दिनांक 02 दिसम्बर 2022 द्वारा शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु प्रदेश के अन्दर तथा वाह्य प्रदेश में अध्ययनरत उ0प्र0 के मूल निवासी छात्रों हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) छात्र / छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये जाने की हेतु दिनांक 01 दिसम्बर 2022 से 10 दिसम्बर 2022 तक संशोधित संशोधित समय-सारिणी निर्गत की गयी है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 प्रज्ञा शंकर ने बताया कि उक्त के क्रम में जनपद की समस्त सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया है कि संशोधित समय सारिणी के अनुसार अवशेष छात्र / छात्राओं के आवेदन पत्र ऑनलाइन कराये जाने सम्बन्धी कार्यवाही ससमय कराना सुनिश्चित करें संशोधित समय-सारिणी छात्रवृत्ति की वेबसाइट `बीवसंतींपच.नच.हवअ.पद पर उपलब्ध है।

# नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर गीला व सूखा कचरा का रख रखाव एवं उसका इस्तेमाल करने का संदेश दिया



■ अपर जिलाधिकारी के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ नीला और हरा कूड़ादान वितरित किए

सिकंदरा। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत तहसील सिकंदरा में अधिशासी अधिकारी के द्वारा वित्त एवं राजस्व अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मदरसा निजामिया पब्लिक हाई स्कूल की छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर गीला व सूखा कचरा का रख रखाव एवं उसका इस्तेमाल करने का संदेश दिया अपर जिलाधिकारी के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ नीला और हरा कूड़ादान वितरित किए कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर मोहम्मद मारूफने किया।

उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने की मुहिम को सफल बनाने के लिए नगर पंचायत सिकंदरा के अधिशासी अधिकारी पंकज सिंह अपनी टीम के साथ लगातार अभियान चला रही है। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत प्रतिबद्ध 75 जिले, 75 घंटे, अभियान के तहत प्रदेश के 750 निकायों में कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों 'गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स' को पूर्णतया विलोपित कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित करने की योजना है कस्बा सिकंदरा में इसी प्रकार कार्य किया जा रहा है जन जागरूकता फैलाने के लिए बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक, रैली का आयोजन किया गया तहसील प्रांगण में वित्त एवं राजस्व अपर जिलाधिकारी जेपी गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया जानवी, खुशबू, साक्षी, शिवानी,खुशी और मैविश ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को कचरे का सही रखरखाव नीला डब्बा सूखा कचरा में लोहा,प्लास्टिक, रद्दी रखें हरा डब्बे में गीला कचरा सब्जी, फल के छिलके, बची हुई सब्जी, रोटी इत्यादि रखें वित्त एवं राजस्व अपर जिलाधिकारी ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए तहसील प्रांगण में मौजूद लोगों कहा कि आप लोग स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वयं जागरूक हो और लोगों को भी जागरूक कर अपना योगदान दे कचरा प्रबंधन सही करें।

# खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दिखाया जौहर

## विश्व विकलांग दिवस पर जिला स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



औरैया। विश्व विकलांग दिवस पर समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नगर पालिका इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार ने फीता काटकर किया, वहीं जिला समन्यवक समेकित शिक्षा विनीता दीक्षित व एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता, नींबू चम्मच दौड़, चित्रकला प्रतियोगिता, सुलेख, नृत्य, गायन व वादन, दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

समेकित शिक्षा की ओर से जिला समन्वयक विनीता दीक्षित की देखरेख में कराई गई इस प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से दिव्यांग बच्चों के अंदर की प्रतिभा उजागर होती है, और उनके अंदर आत्मविश्वास की भावना भी जाग्रत होती है। इस मौके पर एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने कहा कि दिव्यांगो को दया की नहीं सहयोग की जरूरत होती है। नींबू-चम्मच दौड़ में रिया प्रथम, रिद्धि द्वितीय तथा आशिमा ने तृतीय स्थान, 100 मीटर दौड़ में सचिन प्रथम, यश द्वितीय व नितिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं रंगोली में गौरी प्रथम, आशिया द्वितीय, अनामिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, सुलेख में साक्षी प्रथम, पलख द्वितीय व साफिया ने तृतीय स्थान तथा गायन में श्याम जी प्रथम, अवनीश द्वितीय व अनन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वादन में श्याम जी प्रथम, मोहित द्वितीय, विकास तृतीय स्थान पर व कुर्सी दौड़ में रिया प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय व सिद्धि तृतीय स्थान पर रहीं।

# जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मौदहा तहसील में सम्पन्न

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 60 शिकायतों में से 5 का मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया



हमीरपुर- जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मौदहा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 60 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से 5 शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतो के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस , मुख्यमंत्री संदर्भ , 1076 के संदर्भ तथा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण उसी दिन में करने का प्रयास किया जाए यदि किसी कारणवश उस दिन निस्तारण न हो पाए तो 1 सप्ताह में निस्तारण अनिवार्य रूप से कर दी जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है अतः सभी अधिकारियों द्वारा शासन की मंशानुरूप कार्य किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े । कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय । उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की समय अवधि सहित अन्य जरूरी बातों के बारे में बताया जाए ताकि शिकायतकर्ता को शिकायत के निस्तारण में लगने वाले समय व उसकी समस्या के समाधान संबंधी आवश्यक जानकारी तत्काल मिल सके । उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक शिकायत निस्तारण आख्या का मौके पर पहुंचकर सत्यापन भी किया जाए। इस मौके पर तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु लगाए गए स्टॉलो का जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए । इस दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, आवास , कन्या सुमंगला योजना ,राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, शादी अनुदान, पेंशन आदि के आवेदन हेतु स्टॉल भी लगाया गया। डूडा ,प्रधानमंत्री आवास योजना ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,वृद्धावस्था ,निराश्रित महिला पेंशन योजना , सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए स्टॉल भी लगाए गए । इस दौरान पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल, डीएफओ यूसी रॉय, डीडीओ विकास ,सीएमओ , एसडीएम व सीओ मौदहा तथा अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने डिजिटल अपराध और फोरेंसिक विज्ञान पर राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारम्भ

एनसीआर समाचार



राज्यपाल ने डिजिटल अपराध और फोरेंसिक विज्ञान पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ किया। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज फोरेंसिक विज्ञान विभाग हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, उत्तरी रेंज, धर्मशाला के सहयोग से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आयोजित डिजिटल अपराध और फोरेंसिक में उभरते नये आयामों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में प्रौद्योगिकी आज विश्व को प्रभावित कर रही है और हम भी इससे अछूते नहीं हैं। लेकिन, पिछले कुछ दशकों में हमने इस दिशा में अच्छे प्रयास किए हैं और कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर बल देते हुए कहा कि हम विज्ञान और तकनीक का उपयोग किस रूप में कर रहे हैं और कितना करना है, इस पर विचार करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साइबर अपराध शारीरिक अपराध तक ही सीमित नहीं रह गया है बल्कि डिजिटल अपराध जीवन का हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध सभी अपराधों का स्रोत बन गया है, इसलिए हमें अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज तकनीक सभी के लिए सुलभ है और इसका प्रभाव हम सभी पर पड़ रहा है। हमें इसका सार्थक उपयोग करना तथा इसके दुष्परिणामों से बचने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में साइबर अपराध की जांच के लिए एक बड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य का सीमा क्षेत्र विस्तृत है और हम इन क्षेत्रों में भी इस तकनीक का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पार गतिविधियों पर नजर रखने के लिए इन क्षेत्रों से लगते गांवों में इसका उपयोग किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इस तरह हम ज्ञान और तकनीक का उचित दिशा में उपयोग कर सकते हैं। आर्लेकर ने कहा कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में आने वाले सुझावों और शोध पत्रों को संकलित कर भारत सरकार को भेजा जाना चाहिए ताकि इस दिशा में उभरते वैज्ञानिकों और शोधकताओं की मेहनत का लाभ मिल सके।

इससे पूर्व राज्यपाल ने फोरेंसिक विज्ञान से संबंधित विभिन्न पत्रिकाओं का विमोचन भी किया। राज्यपाल की उपस्थिति में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला और मेसर्ज नेक्सटेक्नो जनरल प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य उच्च कौशल मानव संसाधन की एक नई पीढ़ी के निर्माण के लिए प्रस्तावित सहयोग के लिए एक रूपरेखा प्रदान करने के अलावा रोजगार और आर्थिक विकास के लिए पूरी तरह से नए अवसर प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि इस समझौता ज्ञापन से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, एनटीजीपीएल और राज्य को इन उभरती प्रौद्योगिकियों में एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने में मदद मिलगी तथा विशेष रूप से डिजिटल फोरेंसिक और साइबर जांच में प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित हो सकेगा। दोनों संस्थानों के बीच अनुभव और वैज्ञानिक/तकनीकी ज्ञान का आदान-प्रदान उनकी पारस्परिक प्रगति और समाज की सेवा के लिए भी बहुत रुचिकर होगा। वैज्ञानिक और मानक परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन (एसटीक्यूसी) के निदेशक वी.के. त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान दौर डिजिटल युग का है और इसके बिना हम अपने अस्तित्व के बारे में सोच भी नहीं सकते। उन्होंने कहा कि इसके दृष्टिगत भारत डिजिटल प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है और देश विभिन्न पहलों के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने फोरेंसिक साइंस के विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से जानकारी दी।

फ्लोरिडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, यूएसए के कंप्यूटिंग एवं सूचना विज्ञान के नाइट फाउंडेशन स्कूल के प्रोफेसर डॉ. लतेश कुमार ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के प्रति कुलपति प्रो. ज्योति प्रकाश शर्मा, ने कहा कि विश्वविद्यालय को नैक टीम द्वारा ए-ग्रेड घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कई पहलें की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई सेमिनार और सम्मेलन आयोजित किए गए हैं, जिससे शोधकताओं और विद्वानों के ज्ञान को अद्यतन करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि हमारी शोध की परंपरा बहुत प्राचीन है और इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान का लक्ष्य मानव कल्याण होना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के फोरेंसिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष और प्लानिंग एंड टीचर्स मैटर्स के डीन प्रो. अरविंद कुमार भट्ट ने इस अवसर पर राज्यपाल का स्वागत किया और कहा कि फोरेंसिक विज्ञान विभाग वर्ष 2021 में स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक विज्ञान में सीखने के स्तर में सुधार करने के लिए निरंतर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। सम्मेलन की सह-संयोजक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर हिमाचल प्रदेश विधि अकादमी के निदेशक राजीव बाली, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के अधिष्ठाता अध्ययन प्रो. कुलभूषण चंदेल, विभिन्न विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# निःशुल्क यूनिफार्म वितरण योजना का स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने शुभारंभ किया



एनसीआर समाचार

राजस्थान कोटपुतली सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली में शुक्रवार को मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना एवं मुख्यमंत्री निःशुल्क यूनिफार्म वितरण योजना का स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने शुभारंभ किया। कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्र छात्राओं को बाल गोपाल योजना के तहत प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को निर्धारित मापदंडों के अनुसार दूध दिया जाएगा। एवं विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरित की जाएगी तथा उसकी सिलाई हेतु ?200 उनके बैंक खाते में डाले जाएंगे।

इस कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन कर के गई। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम ऋषभ मंडल ने की। विद्यालय की प्रधानाचार्य मनोरमा यादव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। व्याख्याता रामोतार गुर्जर, दिलीप सिंह यादव, राजेश यादव, राजकुमार सैनी, जितेन्द्र गुप्ता, सुखलाल यादव आदि ने साफा पहनाकर सभी आगंतुक मेहमानों का स्वागत किया। स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही देश का विकास है, राज्य सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है तथा कक्षा 12 के पश्चात उच्च शिक्षा के लिए राज्य सरकार की तरफ से अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विदेश भेजकर पढ़ाई करवाई जा रही है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोरमा यादव ने विद्यालय की उपलब्धियों को गिनाते हुए आगंतुक मेहमानों को अवगत करवाया की विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी समय-समय पर राज्य स्तर पर अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं तथा अव्वल स्थान प्राप्त करते हैं। सभी आगंतुक मेहमानों ने राज्य स्तर पर भाग लेने वाले प्रतिभागियों का सम्मान किया जिसमें विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आर्यन शर्मा, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की तरफ से आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रिशांत जांगिड़ तथा भूमित तथा शतरंज प्रतियोगिता के प्रतिभागी तथा उनके टीम प्रभारी विद्यालय में कार्यरत रघुराज सिंह शेखावत कनिष्ठ लिपिक का भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन बलवंत सिंह यादव ने किया। इस कार्यक्रम में सभी आगंतुक अतिथि गणों ने विद्यालय के छात्र छात्राओं को दुग्ध वितरित किया तथा अपने हाथों से दूध पिला कर एवं यूनिफॉर्म वितरित कर योजना की विधिवत शुरूआत करवाई। इस कार्यक्रम में सीबीईओ राम सिंह यादव ए.सी.बी.ई.ओ भागीरथ मीणा, आरपी शार्दुल सिंह यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छितरमल, बाबूलाल यादव, भूप सिंह, कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के अभिभावक गण, समस्त विद्यालय स्टाफ आदि मौजूद रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता अभियान गादिब्रह्म डिग्री महाविद्यालय के अडिटोरियम में हुई



एनसीआर समाचार

ओडिशा में 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता परियोजना के तहत सुरक्षा व सचेतनता का एक कार्यशाला डेलांग प्रखंड के गादिब्रह्म डिग्री महाविद्यालय की अडिटोरियम में हुई। महाविद्यालय रेड रिवन क्लब एवं रेडक्रास युनिट की ओर से इस कार्यक्रम का शुरूआत प्रदीप प्रज्वलन से हुई। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष अध्यापक युधिष्ठिर घटुआरी ने मुख्य अतिथी डेलांग प्रखंड के विडिओ दिलिप षडंगी की उपस्थिति में की।

इस कार्यक्रम में समाज समाचारपत्र के प्रतिनिधि प्रसन्न कुमार त्रिपाठी, महाविद्यालय एजुकेशन विभाग विभागाध्यक्ष लक्ष्मीधर पाइकराय और ग्राम पंचायत संप्रसारण अधिकारी रतिकांत साहु शामिल रहे। इसका मुख्य उद्देश्य एड्स मुक्त समाज गठन के लिए एकीकृत भावना और कार्य को विकसित करना था। इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए षडंगी ने एड्स जागरूकता पर जोर दिया और मानव के दृष्टिकोण, मानसिकता और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता जैसे हर पहलु मे स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाले महत्वपूर्ण दिशाओं की भुमिका पर वल दिया।

अध्यापक घटुआरी ने एड्स जागरूकता के साथ सेहत को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंन्द्रित किया। अध्यापक पाइकराय ने अपने संवोधन में कहा एड्स से शमार्ने की नहीं इलाज करवाने की जरूरत है, इससे खुदका वचाव करना सवके लिए अनिवार्य है। इससे पहले एड्स सचेतनता को लेकर इंटर कालेज चित्रांकन और प्रबंध लिखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था।

इसमे विजयी प्रतिभागी प्रियदर्शिनी गुरु, शशिभूषण राउत, जयश्री प्रधान, शिवानी भोई, स्वर्णलता साहु, दीप्तिमयी परिडा एवं शुभलक्ष्मी वाहिनीपति तथा महाविद्यालय के रेडक्रास स्वेच्छासेवी कैवल्य दास, हेमंत वेहेरा, प्रकाश वेहेरा, अमीय प्रधान एवं आकाश प्रधान को पुरस्कार दिया गया। महाविद्यालय रेडक्रास युनिट व रेड रिवन क्लब के संयोजक तथा महाविद्यालय की अध्यापक त्रिनाथ परिडा कार्यक्रम का संचालन करने के साथ-साथ सवको धन्यवाद दिया।

# अतिक्रमण हटाने के नाम पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने एक दलित परिवार का घर तोडा

एनसीआर समाचार



राजस्थान के पाली जिले के सोजत तहसील का है यह मामला डेयरी मालिक ने पुलिस व स्थानीय प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप राजस्थान के पाली जिले की सोजत तहसील के सारंगवास गांव में आरोप है कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रभावशाली लोगों से मिलीभगत कर एक दलित परिवार का घर तोड़ दिया इतना ही नहीं कार्यवाही का विरोध करने पर पीड़ित परिवार के सदस्यों की पिटाई की गई आरोप यह है कि पुलिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने बेटियों की चोटी पकड़ घसीट कर घर के बाहर फेंक दिया हालांकि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने गए तहसीलदार दीपक माली ने आरोपों को एक सिरे से नकार दिया है।

कक्षा 12वीं तक पढ़ी पीड़ित मोहनलाल की पुत्री हेमलता नायक ने एनसीआर समाचार को बताया कि सोजत तहसील के सारंगवास देवास गांव के बीच सड़क से 100 फीट दूरी पर बने घर में उसका परिवार 40 सालों से निवास कर रहा था मकान के सामने सवर्ण जाति के व्यक्ति की दूध की डेरी है हेमलता बताती है कि आरोपियों को उनका वहां रहना बर्दाश्त नहीं हो रहा था इसलिए आरोपी उनके परिवार को लंबे समय से प्रताड़ित कर रहे हैं उन्हें डेयरी से दूध भी नहीं देते हैं वहीं आरोपियों ने पुलिस ने तहसीलदार से सांठगांठ कर उनके घर को सड़क सीमा में बताकर तोड़ दिया जबकि उनका घर सड़क सीमा के बाहर है उन्हें नोटिस तक नहीं दिया गया।

सड़क के नजदीक ही कई अन्य लोगों के घर भी बने हैं लेकिन उन्हें नहीं छोड़ा गया हेमलता ने कहा कि तहसीलदार व बगड़ी थाना पुलिस के जवानों ने खुद उसके व उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की चोटी पकड़कर घर से बाहर निकाला इस संदर्भ में उन्होंने बगड़ी थाने में रिपोर्ट दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट तक नहीं ली उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है अब वह किराए के मकान में हैं लेकिन किराया भरने के लिए आमदनी नहीं हैं उनके पिता ने उन्हें पढ़ाने के लिए लोन भी लिया था जो वे नहीं चुका पा रहे है।

मोहन लाल के पुत्र ओम प्रकाश नायक ने एनसीआर समाचार को बताया कि सन 2000 से पहले से यहां उनके पिताजी रह रहे हैं 2002 में उनकी 91 में की रिपोर्ट हुई इसकी एवज में जुमार्ना भी भरा जब से लगातार घर बनाकर रह रहे हैं 6 अक्टूबर को तहसीलदार व बगड़ी नगर थाने के जाब्ते ने आकर हमारे मकान को तोड़ दिया हमें न तो नोटिस दिया गया और न ही कार्यवाही की भनक लगी तहसीलदार दीपक माली बगड़ी थाना पुलिस जाब्ता व सरपंच एक दर्जन अज्ञात लोग आए आते ही जेसीबी मशीन से घर दिखाना शुरू कर दिया विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया आरोपी कह रहे थे कि तुम्हारा यहां रहना अलाउड नहीं है।

तुम नीची जाति के हो तो मैं यहां से जाना होगा हम चिल्लाते रहे लेकिन एक नहीं सुनी हम आधा सामान ही घर से निकाल पाए घर के उपयोग के आधे सामान को मलबे में दबा दिया ओमप्रकाश कहते हैं कि उनकी बहनों के साथ तहसीलदार व पुलिस के जवानों ने मारपीट की तथा चोटी पकड़कर घसीटा यह बोले तहसीलदार सोजत दीपक माली से उन पर लगे आरोपों को लेकर "एनसीआर समाचार" ने बात की तहसीलदार ने "एनसीआर समाचार" से कहा कि मारपीट के आरोप गलत है। सार्वजनिक निर्माण विभाग की भूमि पर सड़क सीमा में मोहन लाल का घर बना था सार्वजनिक निर्माण विभाग को इन कान में की रिपोर्ट के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है।

पुलिस जाब्ते की मदद से सड़क सीमा में बने अन्य मकानों को भी हटाया गया है दलित उत्पीड़न के सवाल पर तहसीलदार ने कहा कि गांव के लोगों ने उनके साथ क्या व्यवहार किया मुझे इसकी जानकारी नहीं है तहसीलदार कहते हैं कि अतिक्रमण अति कर्मी को नोटिस दिया गया था जबकि पीड़ित परिवार का कहना है कि दबाव डालकर कागज पर अंगूठा लगवाया उन्हें कार्यवाही की पहले से कोई जानकारी नहीं थी। "एनसीआर समाचार" ने सरपंच सहवास पेमाराम माली से बात की तो उसने बताया कि मैं किसी कैलाश नायक को नहीं जानता मैं तो मारवाड़ का रहने वाला हूं।

# तीन शातिर नशे के सौदागरों को लग्जरी कार समेत पुलिस ने किया गिरफ्तार

एनसीआर समाचार



राजस्थान पुलिस अधीक्षक चुना राम जाट द्वारा रहे चलाये जा रहे अभियान यूवाओं में बढते नशे की लत पर अंकुश व अवैध मादक पदार्थों कि तस्करी कि रोकथाम के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सागवान वृत दक्षिण नगर अजमेर उपअधीक्षक सुनील सिहाग के निर्देशन में पुलिस थाना आदर्श नगर से सुगम सिंह पुलिस निरीक्षक के द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया, टीम में सुगम सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, करतार सिंह, नवल सिंह, राजेश शामिल थे।

उक्त गठित टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक की ओर से चलाये जा रहे अभियान व निर्देशानुसार वाहनो के आकस्मिक चैकिंग करते हुए थाना क्षेत्र में भेरू घाटी माखुपुरा नसीराबाद रोड के पास सघन नाकाबन्दी शुरू की गयी नाकाबन्दी के दौरान जिला स्पेशल टीम के कानि. 2681 गजेन्द्र मीना ने थानाधिकारी को जरिये टेलिफोन अगवत कराया कि व हमारी स्पेशल टीम एक संदिग्ध कार सिल्वर रंग की हुण्डई आई-20 जिसके रजि नम्बर आरजे 01 सीडी 0205 का पीछा कर रहे है जिसमें 3 व्यक्ति बैठे है जिनके पास हथियार हो सकते है।

नाकाबन्दी कर वाहन को डिटेन करने का श्रम करावें सुचना पर उक्त लग्जरी कार को जाप्ता कि मदद से घेरा देकर रोककर कार में सवार तीन व्यक्तियो को नशे में प्रतीत हुए जिनसे मनो वैज्ञानिक तरीके से पुछताछ कि गइ तो स्वयं को स्मेक के नशे का आदी होकर स्मेक सेवन करना व पूर्व मे भी नशे के कारोबार के कारण तीनो का ही जेल होकर आना बताया तीनों व्यक्तियों को तसल्ली देकर सन्देह होने के कारण कार चलाने वाले व्यक्ति को नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम लक्ष्मी नारायण चौहान उर्फ विष्णु पुत्र नन्दकिशोर जाति रावणा राजपूत उम्र -32 साल निवासी 1182/41 जयगुरूदेव वाली गली श्रंगार चंवरी अजमेर थाना अलवरगेट जिला अजमेर होना बताया।

उसके बगल में खलासी वाली सीट पर बैठे व्यक्ति को नाम पता पूछा तो अपना नाम जय चौहान पुत्र स्व. कैलाश चौहान जाति माली उम्र 32 साल निवासी 7 पीपली बालाजी मंदिर शिवनगर थाना अलवरगेट जिला अजमेर होना बताया। कार के पीछे वाली सीट पर बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मनोज पुत्र सूरजनाथ जाति नाथ उम्र 34 साल निवासी रेगर मौहल्ला, डिग्गी बाजार थाना क्लॉकटावर जिला अजमेर होना बताया। तलाशी लि गई तो उसमें एक प्लास्टिक की थैली में मिली जिसको खोलकर देखा तो उसमें भूरे रंग का पाउडरनुमा पदार्थ मिला।

जिसके बारे में उक्त तीनों व्यक्तियों से पूछा तो घबराये हुये इधर-उधर झांकने लगे जिस पर तीनों को तसल्ली देकर पुनः पूछने पर नशीला पदार्थ स्मैक होना बताया अवैध मादक पदार्थ स्मैक का शुद्ध वजन 40 ग्राम 6 मिलीग्राम स्मैक स्मैक पाया गया जिसे जब्त किया गया। अवैध मादक पदार्थ स्मैक के परिवहन में प्रयुक्त वाहन हुण्डई आई-20 जिसके रजि नम्बर आरजे 01 सीडी 0205 को जरिये फर्द पृथक से जब्त किया गया।

मुल्जिमान का नशे स्मेक सेवन का पृथक से मेडीकल करवाया जाकर नियमानूसार कार्यवाही अम्ल मे ली जाकर पूर्व जुरायम रिकार्ड प्राप्त किया जावेगा वआगे भी मादक पदार्थों के सौदागरों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट में गिरफतार मुल्जिम।

# अवैध रेत उत्खनन व परिवहन जोरो पर, दतिया कलेक्टर बोले करेंगे कार्रवाई

एनसीआर समाचार



मध्य प्रदेश दतिया जिले के सेवडा ब्लॉक में इन दिनों रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन जोरों पर है। रेत माफिया प्रतिदिन नदियों में पनडुब्बी डालकर और हिटेची जेसीबी मशीन चलाकर नदियों के सिमा को छलनी करने में लगे हुए हैं। सबसे ज्यादा रेत का अवैध उत्खनन इंदरगढ़ तहसील क्षेत्र के कंजौली, बरा पचेरा, भरसुला, उचाड, लांच, खेरोना घाट, गोराघाट आदि सिंध नदी घाट से किया जा रहा है।

इन घाटों का ठेका भी नहीं है फिर भी अवैध रेत से भरे ओवरलोड ट्रैक्ट ट्रॉली दिन दहाड़े मेन बाजार से बेरोक टोक निकल रहे है, लेकिन प्रशासन रेत माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, रेत के अबेध उत्खनन व परिवहन को लेकर दतिया कलेक्टर संजय कुमार ने कहा कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इंदरगढ़ नगर के मेन बाजार से प्रतिदिन ओवरलोड ट्रैक्टर गुजरते देखने को मिल जायेगे, फिर भी प्रशासन हुआ अंजान।

सेवड़ा तहसील क्षेत्र के, इंदरगढ़, लांच, सेवड़ा बेरछा, गुमानपुरा, खमरौली, कंजोली सहित 8 घाटों पर भी पनडुब्बी द्वारा नदी से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। अवैध रेत से भरे हुए ट्रैक्टर एवं ट्रॉलियां सड़कों पर दिन दहाड़े सरपट दौड़ते हुए देखे जा सकते हैं, ओवरलोड इतने अधिक होते हैं कि ट्रैक्टर का अगला हिस्सा ऊपर उठकर चलता है, बीच बाजार कभी भी कोई अप्रिय घटना भी घट सकती है, पुलिस थानों के सामने से भी रेत से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर निकलते दिखाई देते हैं। सूत्रों की मानें तो इस गोरख धंधा पुलिस एवं राजस्व प्रशासन दोनों की मिली भगत से चल रहा है।

## एक नजर

### अरविंद राय ने लगाया लेखपाल पर आरोप, कहा मेरे गांव कभी नहीं आते

एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र के ग्राम सभा शिकारगढ निवासी अरविंद राय ने शिकारगढ से सोनचिरैया जाने वाली सडक पर कुछ लोग ने अतिक्रमण कर लिया है वहीं इस सम्बन्ध में मुख्य मंत्री पोर्टल पर और जिलाधिकारी महोदय को आवेदन दिया था कि अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और सरकारी जमीन को चिन्हित करे।

वहीं अरविंद राय ने कहा कि लेखपाल महोदय द्वारा जो रिपोर्ट लगाई गई है वो अधकार मे रखती है अधिकारियों को उन्होंने एक रिपोर्ट लगाये है अपनी भूमिधर अराजी चिंहित करने के लिए आवेदन दिये है लेकिन अरविंद राय ने कहा कि हम आवेदन में माग किये थे कि सरकारी जमीन को चिह्नित किया जाए वहीं अरविंद राय ने कहा लेखपाल महोदय कभी अपने क्षेत्र में नहीं आते है।

### ग्राम पंचायत कानापार और ग्राम करमहा में अत्याधिक खुलेआम घूम रहे आवारा पशु



एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश धानी ब्लाक के ग्राम पंचायत कानापार और ग्राम करमहा में अत्याधिक आवारा पशु छूटा घूम रहे है उसी मामले को लेकर फरेंदा तहसील दिवस में एसडीएम महोदय से मुलाकात कर उच्च अधिकारियो से आवरा पशुओं के आंतक से फसल को बर्बाद, करने से रोके जाने पर आवरा पशुओं को पकड़वाने को मांग करते हुए तहसील दिवस में एक प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमे कहा कि रवि फसल के बोनिय किसान कर चुके हैं लेकिन सरकार ने आवरा पशुओं को पकड़वाने में हिला हवाली कर रहे हैं इस ठंड के मौसम में किसान रात दिन में अपने खेतों में रखवाली कर रहे है। तहसील दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में आदेश को आग्रसरित कर खंड विकास अधिकारी धानी को आवरा पशुओं को पकड़वा कर मधुवलिया गौसदन में भिजवाने का काम करे साथ में समस्त ग्राम सभा कानापार और करमहा के लोग मौजूद रहे।

### हरदोई डीएम मंगला प्रसाद ने दी किसानों को योजनाओं की जानकारी



एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश हरदोई के कलेक्ट्रेट सभागार में ज़िलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा प्राकृतिक खेती एवं उत्तर प्रदेश जैव उर्जा नीति की समीक्षा हेतु जनपद स्तरीय गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई। ज़िलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसानों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही समय-समय पर अच्छा उत्पादन करने वाले कृषकों को शासनादेश के अनुसार सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत कृषकों को लक्ष्य के अनुरूप उन्नत बीज दिए जाएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में पात्र लाभार्थियों की सूची का अद्यतन कर सूची को अंतिम रूप दिया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नियमानुसार पात्र कृषकों को लाभान्वित किया जाए। इस अवसर पर अपर ज़िलाधिकारी वंदना त्रिवेदी उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ज़िला कृषि अधिकारी उमेश कुमार साहू ज़िला सूचना अधिकारी संतोष कुमार उपस्थित रहे।

### एक साल के अंदर ही डोहलूनाला टोल प्लाजा के दाम चार गुणा अधिक बढ़े




एनसीआर समाचार

हिमाचल प्रदेश के मनाली से 26 किलोमीटर पहले कौल प्लाजा लगाया गया था जिसके पहले कौल 35 रुपए थे जो अब 35 से सीधे 75 रुपए कर दिए गए हैं आने-जाने के 150 कर दिये गये है। वही नेशनल हाईवे ने कौल तीन गना कर दिए हैं। स्थानीय निवासीयो में भारी रोष। समिति के अनुसार इस मामले को लेकर उपायुक्त के समक्ष उठाया जायेगा। अगर आपके गाड़ी में लगे फासट टैग की वैलीडिटी समाप्त हो गई है तो 300 लगेगे। इसके साथ ही एलबीसी और मिनी का इक तरफा 125 रुपए हो गया है जो पहले आधा था। बस ट्रक डबल एक्सल का इक तरफा फास्टटैग के साथ टोल 415रुपये हो गया है। स्थानीय निवासियों के साथ साथ टैक्सी चालक परेशान।

### जिला पंचायत रीवा द्वारा सचिव इटौरी जनपद जवा के वित्तीय अधिकार समाप्त किये गए

एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश स्वप्निल वानखड़े IAS मुख़्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती फर्जी तरीके से राशि आहरण आवेदन पर राहुल सिंह सचिव इटौरी जनपद पंचायत जवा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर पीसीसी रोड निर्माण (मुख्य रोड से भारत लाल के घर तक) आहरित राशि 1.47 लाख, तालाब गहरीकरण 1.92 लाख, नाली निर्माण 0.89 लाख, नाली निर्माण 2.89 लाख एवम सामुदायिक शौचालय 1.04 लाख कुल योग 8.22 लाख के कार्यों में उपयोगिता, मूल्यांकन, पूर्णता प्रमाण पत्र के साथ 5 दिवस में जबाब चाहा गया था। किन्तु राहुल सिंह सचिव इटौरी द्वारा पत्र तामील के बाद भी उक्त दस्तावेज उपलब्ध नही कराएँ गए न ही किसी प्रकार का जबाब दिया गया।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखने वाले 02 आरोपी को किया गिरफ्तार

एनसीआर समाचार




मध्य प्रदेश जिले में पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अवधेश कुमार गोस्वामी (भा.पु.से.) द्वारा अवैध मादक पदार्थों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुध्द कार्यवाही करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ मनकामना प्रसाद के निर्देशन में व एसडीओपी खिलचीपुर आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीरापुर उनि. मुकेश गौड़ द्वारा पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत मादक पदार्थ सबंधी अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने में सफलता प्राप्त की। 30 नवंबर को उ.नि. तोरण सिंह को अपने विश्वसनीय मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सुसनेर की ओर से दो व्यक्ति एक काले रंग की हीरो स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल क्रं. फ्ख20 इर 1618 से स्मैक लेकर जीरापुर की ओर आने वाले है, मोटरसाइकिल चालक ने काले रंग की जैकेट तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने गुलाबी रंग की चैक्स वाली शर्ट पहनी है, यदि शीघ्र घेराबंदी की जाये तो सफलता प्राप्त हो सकती है।

उक्त मुखविर सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराकर थाने से हमराह फोर्स के रवाना होकर मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये अनुसार सुसनेर रोड से जीरापुर की ओर मादक पदार्थ स्मैक लेकर आने वाले व्यक्तियों की घेराबंदी हेतु डग बालाजी मंदिर के पास सुसनेर रोड जीरापुर पहुँचे जहां कुछ समय इन्तजार करने पर प्राईवेट वाहन व मंदिर के पास लगी लाईट की रोशनी मे सुसनेर तरफ से एक मोटर सायकल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिये।

मोटर साईकिल हीरो स्प्लेण्डर क्रमांक फ्ख20 इर 1618 होकर उस पर सवार दोनो व्यक्तियों का हुलिया मुखबिर के बताये अनुसार था। उक्त मोटर साईकिल को हमराह फोर्स की मदद से रोककर उस पर सवार दोनो व्यक्तियो से नाम पता पूछा तो मोटर साईकिल चालक ने अपना नाम हेमराज लोधा उम्र 25 साल निवासी कैथून, थाना कैथून, जिला कोटा, राजस्थान तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रमेश वर्मा पिता भेरूलाल उम्र 35 साल निवासी गेहूंखेडी, थाना इकलेरा, जिला झालाबाड, हाल कैथून, थाना कैथून, जिला कोटा, राजस्थान का होना बताया पश्चात संदेही हेमराज लोधा व रमेश वर्मा की जामा तलाशी व मोटर साईकिल की तलाशी ली गई।

जहां रमेश वर्मा की पेन्ट की दाहिनी तरफ की जेब मे से एक प्लास्टिक की पारदर्शी थैली मिली जिसे खोलकर देखा तो उक्त प्लास्टिक की थैली में सफेद भूरे रंग का पाउडर होना पाया गया उक्त सफेद भूरे रंग के पाउडर में से थोडा सा पावडर निकालकर सिल्वर पन्नी पर लिया तथा माचिस की तीली की सहायता से उसे सिल्वर पन्नी के नीचे से जलाया व चलाया गया तो पंचानो व हमराही फोर्स के अनुभव के आधार पर उक्त मादक पदार्थ स्मैक होना बताया तत्पश्चात उपस्थित पंचानों के समक्ष अवैध मादक पदार्थ स्मैक को इलेक्ट्रिानिक तौल कांटे पर तौला गया, जो कुल 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमती करीबन 15,00,000/- रुपए की होना पाई गई।

संदेही हेमराज लोधा व रमेश वर्मा से उक्त मादक पदार्थ स्मैक रखने के संबंध में वैद्य प्रपत्र मांगे तो उनके द्वारा कोई प्रपत्र नहीं होना बताया आरोपियों का अपराध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत दंड़नीय पाया जाने से आरोपीगण हेमराज लोधा उम्र 25 साल निवासी कैथून, थाना कैथून, जिला कोटा, राजस्थान तथा रमेश वर्मा उम्र 35 साल निवासी गेहूंखेडी, थाना इकलेरा, जिला झालाबाड, हाल कैथून थाना कैथून, जिला कोटा, राजस्थान के कब्जे से मिली अवैध मादक पदार्थ स्मैक कुल 100 ग्राम कीमती 15 लाख रुपए, व एक मोटरसाईकिल हीरो स्पलेण्डर क्र. फ्ख20 इर 1618 कीमती करीबन 30,000 /- रुपए कुल मशरुका 15,30,000 रुपये को पंचानों के समक्ष विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपीगण हेमराज लोधा, रमेश वर्मा का कृत्य अपराध धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट का दंडनीय पाया जाने से आरोपियों को मौके से ही गिरफ्तार किया गया है एवं आरोपियों के विरुध्द थाना जीरापुर में अपराध क्रमांक 528/22 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया

गया है एवं आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड़ प्राप्त किया जाकर अवैध मादक पदार्थ स्मैक प्राप्त करने की मुख्य कड़ी तक पहुँचने हेतु पूछताछ की जाएगी।

गिरफ्तार आ?ोपीः

1. हेमराज लोधा उम्र 25 साल निवासी कैथून, थाना कैथून, जिला कोटा, राजस्थान।

2. रमेश वर्मा उम्र 35 साल निवासी गेहूंखेडी, थाना इकलेरा, जिला झालाबाड, हाल कैथून, थाना कैथून, जिला कोटा राजस्थान।

जप्तशुदा मशरुकाः

1. कुल 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमती 15,00,000 रुपए

2. एक मोटरसाईकिल हीरो स्पलेण्डर क्र. फ्ख20 इर 1618 कीमती करीबन 30,000 /- रुपए, कुल मशरुका 15,30,000 रुपये

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जीरापुर उनि. मुकेश गौड़, उनि. तोरणसिंह, उनि. मंगलसिंह राठौर, सउनि मन्नूलाल, आर.716 रवि, आर.138 महेन्द्र, आर.776 देवेन्द्र, आर.703 अवधेश, आर.972 शिवराज, आ?. 237 गणेश, आ?. 1049 मनोज की विशेष अहम भूमिका एवं सराहनीŸ योगदान रहा है।

## झगड़ा नातरा कुप्रथा पर माचलपुर पुलिस सख्त, 02 पर मुकदमा दर्ज



एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश जिले में चल रही कुरीति झगड़ा नातरा, जिले में बढ़ रहे अपराधों की रोकथाम हेतु राजगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार गोस्वामी (आईपीएस) द्वारा लगातार कई अभियान चलाए जा रहे है तथा गलत कार्य करने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई करने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है।

उसी तारतम्य में 01 दिसंवर 2022 को फरियादीया निवासी ग्राम खेड़ी गोरिया खेड़ा ने हाजिर थाना कर जुबानी रिपोर्ट किया मेरी शादी ग्राम भोजपुरिया थाना कालीपीठ के रामबाबू पिता रतन सिंह के साथ हुई थी छोटी-छोटी बातों को लेकर पति मारपीट करता था और मेरा रिश्ता टूट गया था बाद में ग्राम खेडी गोरियाखेडा के रामलखन से कोर्ट मैरिज कर ली थी।

उसके बाद 1.रामबाबू 2.बजे सिंह निवासी ग्राम भोजपुरिया थाना कालीपीठ के मेरे से मेरे पति राम लखन से बार-बार झगड़ा की मांग करते हैं और कहते हैं कि यदि तुम लोगों ने झगड़ा नहीं दिया तो गांव में नुकसान करेंगे और तुम्हें चैन से नहीं रहने देंगे उसके बाद 30 नवंबर को रामबाबू मेरे ससुराल में आया और मुझसे व मेरे पति राम लखन, सास, ससुर प्रेम सिंह से आकर बोला कि अगर झगड़ा के ?5,00,000 नहीं दोगे तो तुम्हारे गांव खेड़ी गोरिया खेड़ा में आगजनी कर नुकसान पहुंचा दूंगा।

## आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में गोष्ठी कर एड्स और टीबी के प्रति किया जागरूक

एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश में एड्स छूने से नहीं फैलता न ही साथ खाने से फरुर्खाबाद 1 दिसम्बर 2022 "विश्व एड्स" दिवस के अवसर पर बाबू सिंह जय सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में छात्रों को एड्स, और टीबी रोग के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रंजन गौतम ने कहा कि एड्स यानि एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएंसी सिंड्रोम एक ऐसी बीमारी है जो रोगी के शरीर की प्रतिरोधक क्षमता खत्म कर देती है। एचआईवी वायरस मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद कई सालों तक निष्क्रिय रहता है।



हालांकि, इस दौरान वायरस शरीर के अंदर अपनी संख्या बढ़ाता रहता है और श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट कर देता है। एचआईवी वायरस शरीर में प्रवेश करने के बाद भी 15-20 सालों तक मरीज स्वस्थ दिखता है। डॉ गौतम ने कहा कि एड्स, टीबी और कोरोना के अधिकतर लक्षण समान होते हैं ऐसे में हम समझ नहीं पाते हैं की हमें क्या हो गयो इसके लिए बेहतर होगा की आप अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाँच कराएँ जिससे आपको समय रहते इलाज मिल सके।

टीआई संस्था से प्रोग्राम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनैतिक संबंधों की बाढ़ में यह बीमारी और भी तेजी से फैल रही है। सिर्फ असुरक्षित यौन संबंधों से ही नहीं यह बीमारी संक्रमित खून या संक्रमित इंजेक्शन की वजह से भी फैलता है। जिला क्षय रोग विभाग से डीपीसी सौरभ तिवारी ने कहा कि आज भारत में ही नहीं सारे विश्व में एड्स दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने से ही हम लोग इस बीमारी से नहीं बच सकते हैं वरन हम अपने साथी के प्रति बफादार रहें और संक्रमित वस्तुओं का प्रयोग न करें।

क्ळळउ काउंसलर नीतू वमार्ने बताया कि एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिला से उसके बच्चे में एचआईवी का संक्रमण हो सकता है। इसके अलावा स्तनपान कराने से भी एचआईवी का वायरस बच्चे में जा सकता है। हालांकि, अगर मां उचित दवाइयां ले रही है तो यह संभावना कम हो जाती है। साथ ही कहा कि जनपद में समस्त गर्भवती की एचआईवी जांच कराई जाती है। पॉजिटिव आने वाली गर्भवती को एआरटी सेंटर से लिंक कराते हैं, जिससे उनको समुचित इलाज मिले और इन महिलाओं के पति और बच्चों की भी जांच करवाई जाती है।

इस मौके पर बाबू सिंह जय सिंह आयुर्वैदिक मेडीकल कालेज से डॉ सरोजनी, उत्तर प्रदेश स्टेट ऐड्स कंट्रोल सोसायटी से संजय त्रिपाठी एवं लक्षित हंसते परियोजना से मैनेजर वेद प्रकाश जी एवं ट &ए अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एनटीईपी से पुष्पेंद्र, एसटीएस प्रदीप, कुलदीप एसटीएलएस नीतेश और टीआई से वेद प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राजस्थान भालोजी में कैंप आयोजित, भूमि पर खातेदारी के अधिकार प्रदान किए

एनसीआर समाचार

राजस्थान में कस्टोडियन भूमि पर मालिकाना हक किसानों का अधिकार राज्यमंत्री यादव ने 3 दिसंबर 2022 को भालोजी ग्राम पंचायत में महकमा कस्टोडियन भूमि निस्तारण हेतु कैंप आयोजित कर किसानों को उनकी काबिज भूमि पर खातेदारी के अधिकार प्रदान किए गए। आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव, एडीएम, उपखंड अधिकारी ऋषभ मंडल, तहसीलदार अभिषेक सिंह, प्रधान इंद्राज गुर्जर, किसान बचाओ आंदोलन के संयोजक मनोज चौधरी, सरपंच बिमला देवी आदि अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



सरपंच कृष्ण आर्य, विक्रम लीडर, सरपंच प्रतिनिधि सतवीर मीना, शंकर यादव, हनुमान मीना ने माला एवं साफा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा की कस्टोडियन भूमि का मालिकाना हक किसानों का अधिकार था जिससे वो सालो से वंचित रहे। अब उनको उनकी जमीनों का हक मिल रहा है, ये खुशी के पल है। किसानों को उनके अधिकार दिलाने के लिए हमेशा तैयार हूं।

प्रधान इंद्राज गुर्जर ने किसानों को इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा की यह किसानों की बड़ी जीत है। एसडीएम ने प्रक्रिया पर प्रकाश डाला एवं आगामी कैंप के बारे में विस्तृत चर्चा की, तहसीलदार अभिषेक सिंह ने आवंटित लिस्ट का अनाउंस करते हुए आपत्तियों की सुनवाई की। किसान बचाओ आंदोलन के संयोजक मनोज चौधरी ने राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसानों को आपसी विवाद भाईचारे एवं आपसी सौहार्द से हल करने की अपील की। उन्होंने कस्टोडियन भूमि के लिए किए गए संघर्ष एवं आंदोलन के लिए ग्रामवासियों की प्रसंसा भी की।

## राजस्थान में रघुवंशी नायक समाज की कार्यकारिणी घोषित

एनसीआर समाचार

राजस्थान बान्दनवाड़ा शुक्रवार 2 दिसंबर को ग्राम एकलसिंघा में नायक समाज मीटिंग सम्पन हुई। अध्यक्ष प्रहलाद नायक ने बताया है कि समाज के सभी पदाधिकारियों से रायसुमारी करके भिनाय ब्लॉक नायक समाज की एक सक्रिय कमेटी नियुक्त की गई है जिसमें उपाध्यक्ष पद पर नाथू नायक, महामंत्री छोटू नायक, घिसा नायक सचिव, रविंद्र कुमार नायक कोषाध्यक्ष, छीतर नायक संगठन मंत्री, पुखराज नायक रामदेव नायक प्रवक्ता, सुकलाल नायक प्रचार मंत्री, सौभाग्य एक सरवन नायक रोडू नायक, कार्यकारी सदस्य महादेव नायक, जगदीश नायक सौभाग नायक, भीमराज नायक, भंवरलाल नायक, सांवरमल नायक गोपाल नायक सुखदेव नायक गोपाल नायक राम सिंह नायक रतन लाल, नायक रामलाल, नायक सुरेश, नायक गोपाल, नायक तेजपाल, नायक जगदीश, नायक सरवन, नायक आदि सदस्यों की कमेटी गठित की गई। सभी पदाधिकारी मिलकर नायक समाज में शिक्षा के क्षेत्र में समाज को मजबूत करने का काम करेंगे।

## अपहरण कर बालिका को बेचने का प्रयास करने वाले 03 अभियुक्त हुए गिरफ्तार

एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश में 1 दिसंबर को सपन कुमार राय उर्फ पिन्टू पुत्र स्व. योगेन्द्र कुमार निवासी बरियापुरवा दुदुवा बाजार मकाथीर्गंज बडगाँव थाना कोतवाली नगर गोण्डा द्वारा प्रार्थना पत्र दिया कि मेरी पुत्री जिसकी उम्र 03 वर्ष है अज्ञात व्यक्ति द्वारा जिला महिला अस्पताल से अपहरण कर लिया गया है उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर के निर्देशन में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने व अपहृता की शीघ्र बरामदगी हेतु प्रभारी निरीक्षक को नगर व स्वाट / सर्विलांस / साइबर टीम को निर्देश दिये गए थे।



उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली नगर व स्वाट/सर्विलांस / साइबर टीम को अपहृता की सकुशल बरामदगी करने में सफलता प्राप्त हुई है। 02 दिसंबर को थाना कोतवाली नगर व स्वाट / सर्विलांस / साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा मु.अ.सं. 876/2022 धारा 363,370 भा.द.वि. 81 किशोर न्याया, अधि. 2015 से सम्बन्धित अपहृता को 24 घंटे के अन्दर रोडवेज बस स्टाप अदम गोंडवी मैदान के पास से सकुशल बरामद कर अपहरण करने वाले 03 अभियुक्तों 01. सुषमा मिश्रा 02. शिवानी मजूमदार 03. प्रदीप पाण्डेय उर्फ भोलू को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण से पूछताछ में यह बात प्रकाश में आई कि अभियुक्ता सुषमा मिश्रा अपने भाई अभियुक्त प्रदीप पाण्डेय उर्फ भोलू के सहयोग से अपनी मुँह बोली मौसी अभियुक्ता शिवानी मजूमदार (जिसकी कोई संन्तान नही है) उसका बच्ची बेचने की नीयत से अपहरण किया गया था।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु.अ.सं. 876/2022 धारा 363,370 भा.द.वि. 81 किशोर न्याया, अधि. 2015 थाना को. नगर जनपद गोंडा।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

01. सुषमा मिश्रा पत्नी धर्मीधर मिश्रा निवासी नियाबा थाना उमरीबेगमगंज जनपद-गोण्डा।02. शिवानी मजूमदार पत्नी तपन मजूमदार निवासी प्लाट नं0 3,4 गार्विट रोड फैजुलागंज थाना मडियाव, लखनऊ।

03. प्रदीप पाण्डेय उर्फ भोलू पुत्र बाबदीन पांडे निवासी प्लाट नं० 2,3,4 गार्विट रोड फैजुलागंज थाना मडियाव, लखनऊ स्थायी पता-उमरी चौहान पुरवा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

गिरफ्तारकर्ता / बरामदकर्ता टीम-

01. प्रभारी निरीक्षक को. नगर राकेश कुमार सिंह मय टीम।

02. प्रभारी स्वाट / सर्विलांस / साइबर सेल संतोष कुमार सिंह मय टीम।

03. प्रभारी निरीक्षक महिला थाना पूनम यादव मय टीम।

## संपादकीय

# सर्वोच्च आर्थिक विकास दर

देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह बढ़ोतरी दर दूसरी तिमाही, यानी जुलाई-सितंबर के दौरान, की है। हालांकि अप्रैल-जून तिमाही की आर्थिक विकास दर की तुलना में यह आधी है, लेकिन वैश्विक आर्थिक मंदी, महंगाई और रूस-यूक्रेन युद्ध की निरंतरता के बावजूद हमारी दर विश्व में सर्वोच्च है। शीर्ष आर्थिक संस्थान भी इसे सत्यापित कर रहे हैं। चीन, अमरीका, जापान और जर्मनी सरीखे विकसित देशों की विकास दर, भारत की तुलना में, आधी या एक-तिहाई अथवा उससे भी कम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक, जीडीपी वृद्धि दर में फिलहाल सुस्ती का माहौल है, तब भी विकास दर बढ़ती जा रही है। बीते वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही में यह दर 8.4 फीसदी थी, लेकिन फिर भी रेटिंग एजेंसियों और विशेषज्ञों के आकलन के ही मुताबिक बढ़ोतरी दर रही है। संतोष यह होना चाहिए कि हम कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों से निजात पा रहे हैं और दुनिया में सबसे तेज उभार हमारी अर्थव्यवस्था का है। दूसरी तिमाही में करीब 38.16 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि आर्थिक विकास दर की हकीकत भारतीय रिजर्व बैंक की भविष्यवाणी के अनुरूप ही है।

वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के दौरान विनिर्माण, उत्पादन करीब 5.98 लाख करोड़ रुपए का रहा, जो करीब 4.3 फीसदी कम है। विनिर्माण और खनन क्षेत्रों में नकारात्मक बढ़ोतरी चिंतित करने वाली है। अलबत्ता सेवा क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन किया है, क्योंकि बीते साल इसी तिमाही में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान यह क्षेत्र बमुश्किल सांस ले पा रहा था। विमानन कंपनियां अब भी यात्रियों के मामले में कोरोना-पूर्व के स्तर तक नहीं पहुंच पाई हैं। अर्थव्यवस्था के सकल मूल्य में जो वृद्धि सामने आई है, वह दूसरी तिमाही के दौरान 35.05 लाख करोड़ रुपए की है। यानी 5.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारत सरकार का सालाना बजट ही 39 लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा है, लिहाजा अर्थव्यवस्था का सकल मूल्य उम्मीदें साकार कर रहा है। इस तिमाही के दौरान जहां तक निवेश का सवाल है, तो उत्पादन में एक निश्चित निवेश बढ़ा है और सरकार के पूंजीगत व्यय में भी बढ़ोतरी की गई है, लिहाजा सामान्य माहौल बनता हुआ महसूस हो रहा है। संपर्क गहन सेवाओं के क्षेत्रों में भी सकारात्मक प्रभाव दिख रहे हैं। नया निवेश 10.4 फीसदी की दर से 13.21 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है। निजी उपभोग, खपत में भी 9.7 फीसदी का विस्तार हुआ है। दूसरी तिमाही में यह 22.29 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इनके अलावा व्यापार, परिवहन, होटल आदि संपर्क आधारित क्षेत्रों में 14.7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिससे 6.49 लाख करोड़ रुपए मिले हैं। ये क्षेत्र रोजगार के महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। कमोबेश कम हुनर वाले श्रम-बल को भी इन क्षेत्रों में रोजगार मिलता रहा है। दरअसल कोरोना महामारी से जो आर्थिक नुकसान हुआ था, उसकी लगभग भरपाई हो चुकी है। इस तिमाही के दौरान सकल कर राजस्व 13.9 लाख करोड़ रुपए प्राप्त किया गया, जो करीब 18 फीसदी ज्यादा रहा। फिर भी जीडीपी दर और सरकार की बहाली दर में अपेक्षाकृत मजबूती नहीं देखी गई। बहरहाल अर्थव्यवस्था में सब कुछ औसतन ठीक-ठाक दिखाई दे रहा है, लेकिन बुनियादी सवाल है कि कृषि को छोड़ कर अन्य असंगठित क्षेत्र को शामिल क्यों नहीं किया गया?

# हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत के शांति प्रयास

आसियान के केंद्र में शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया की सुरक्षा और समृद्धि के लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में आसियान सम्मेलन को संबोधित किया है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दुनिया विघटनकारी राजनीति से बढ़ते संघर्ष को देख रही है। सबसे बड़ा खतरा अंतरराष्ट्रीय और सीमा पार आतंकवाद से है। उदासीनता अब प्रतिक्रिया नहीं हो सकती, क्योंकि आतंकवाद ने विश्व स्तर पर पीड़ित पैदा किए हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल और दृढ़ हस्तक्षेप करने की जरूरत है। आतंकवादी समूहों ने धन हस्तांतरण और समर्थकों की भर्ती के लिए नए युग की तकनीकों का सहारा लिया है और समर्थित महाद्वीपों में अंतसंबंध बनाए हैं। साइबर अपराध भी नई तकनीकों के बढ़ते उपयोग की ओर इशारा करते हैं।

-डॉ.दिलीप अग्निहोत्री-



हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे शांति प्रयास महत्वपूर्ण हैं। विश्व स्तर पर इन प्रयासों की सराहना हो रही है। इस मसले पर चीन अकेला पड़ता जा रहा है। अमेरिका ने इस क्षेत्र में भारत के साथ साझा प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। इसके बाद आसियान देशों का भी भारत को समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गणतंत्र दिवस पर आसियान देशों को आमंत्रित कर चुके हैं। आसियान के दस राष्ट्राध्यक्ष गणतंत्र दिवस में मुख्य समारोह के गवाह बने थे। यह विदेश नीति का नायाब प्रयोग था। इसने आसियान के साथ भारत के आर्थिक, राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों का नया अध्याय शुरू किया था। महत्वपूर्ण यह था कि सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भारत के निमंत्रण को स्वीकार किया। एक्ट ईस्ट की नीति कारगर ढंग से आगे बढ़ी। चीन विश्वास के लायक नहीं है। इसलिए मोदी ने आसियान देशों के साथ रिश्ते सुधारने पर बल दिया। मोदी की इस नीति से चीन के वर्चस्ववादी रुख को धक्का लगा। इनमें से अनेक देश चीन की विस्तारवादी नीति को पसंद नहीं करते। यह बात आसियान में सामान्य सहमति का विषय है।

केवल इसके लिए किसी को पहल करने की आवश्यकता थी। मोदी ने साहस के साथ पहल की। भारत और आसियान देशों के बीच अति प्राचीन सामाजिक व सांस्कृतिक रिश्ते रहे हैं। कई आसियान देशों में बौद्ध बहुसंख्यक हैं। सिंगापुर में तो नब्बे प्रतिशत आबादी बौद्धों की है। इसके अलावा इन सभी देशों में रामकथा व्यापक रूप से प्रचलित है। यहां के राजकीय प्रतीकों में रामायण से संबंधित चिह्न मिलते हैं। इंडोनेशिया के मुसलमान भी रामायण संस्कृति पर विश्वास करते हैं। उन्होंने उपासना पद्धति बदली है, लेकिन अपनी सांस्कृतिक विरासत को नहीं छोड़ा। रामलीला का मंचन वहां लोकप्रिय है। ये सब भारत और आसियान देशों के बीच रिश्तों को मजबूत बनाने वाले हैं।

एक्ट ईस्ट नीति की एक अन्य कारण से भी आवश्यकता थी। वह यह कि आसियान का विस्तार भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सीमा तक हो गया था। म्यांमार, कम्बोडिया,लाओस और वियतनाम आसियान के सदस्य बने थे। इससे आसियान भारत के ज्यादा करीब हो गया। स्थापना के समय भारत से इसकी सीमा दूर थी। तब इंडोनेशिया, मलेशिया,फिलीपींस, थाईलैंड, सिंगापुर इसके सदस्य थे। ब्रुनेई, वियतनाम,म्यांमार बाद में सदस्य बने थे। इसीलिए मोदी ने आसियान को लेकर नीति में बदलाव किया।

आसियान के केंद्र में शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया की सुरक्षा और समृद्धि के लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में आसियान सम्मेलन को संबोधित किया है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दुनिया विघटनकारी राजनीति से बढ़ते संघर्ष को देख रही है। सबसे बड़ा खतरा अंतरराष्ट्रीय और सीमा पार आतंकवाद से है। उदासीनता अब प्रतिक्रिया नहीं हो सकती, क्योंकि आतंकवाद ने विश्व स्तर पर पीड़ित पैदा किए हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल और दृढ़ हस्तक्षेप करने की जरूरत है। आतंकवादी समूहों ने धन हस्तांतरण और समर्थकों की भर्ती के लिए नए युग की तकनीकों का सहारा लिया है और समर्थित महाद्वीपों में अंतसंबंध बनाए हैं। साइबर अपराध भी नई तकनीकों के बढ़ते उपयोग की ओर इशारा करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति की नई दिल्ली बैठक में इन घटनाक्रमों पर गंभीरता से ध्यान दिया गया है। समिति ने आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के लिए 'दिल्ली घोषणा' को अपनाया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में भारत ने बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता और खाद्यान्न देने में अपने सहयोगियों के साथ काम किया है। भारत ने सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के आधार पर हिंद प्रशांत क्षेत्र में एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी व्यवस्था का आह्वान किया है। भारत ने साफ किया है कि वह बातचीत के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण समाधान और अंतरराष्ट्रीय नियमों और कानूनों का पालन करने में विश्वास रखता है।

रक्षा मंत्री का कहना है कि भारत समुद्री विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने के लिए तैयार है। दक्षिण चीन सागर पर आचार संहिता के तहत चल रही बातचीत पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से यूएनसीएलओएस के अनुरूप होगी। उन राष्ट्रों के वैध अधिकारों और हितों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालना चाहिए जो इन चचाओं में शामिल नहीं हैं। भारत का मानना है कि व्यापक आम सहमति को दशार्ने के लिए क्षेत्रीय सुरक्षा पहलों को परामर्शी और विकासोन्मुख होना चाहिए। भारत इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने और वैश्विक आम लोगों की सुरक्षा के लिए एडीएमएम प्लस देशों के बीच व्यावहारिक, दूरंदेशी और परिणामोन्मुख सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद के चौथे संस्करण में कह चुके हैं कि हिंद महासागर क्षेत्र के समग्र विकास और समृद्धि में भारत का सक्रिय योगदान रहा है। समकालीन दुनिया की बढ़ती वास्तविकताएं भू-राजनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भारतीय और प्रशांत महासागरों के संगम की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। इंडो-पैसिफिक की चुनौतियों को मिलकर दूर किया जा सकता है। साइबर डोमेन, तकनीक के साथ-साथ लक्ष्यों का उपयोग करते हुए बढ़ता हथियारीकरण भी बड़ा खतरा है। ये चुनौतियां भारत के लिए या इस क्षेत्र के किसी अन्य देश के लिए नई नहीं हैं। हम यह भी मानते हैं कि इन चुनौतियों को अकेले एक राष्ट्र दूर नहीं कर सकता है। इसके लिए इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव हमारे सामूहिक प्रयासों को सिंक्रनाइज, तालमेल और चैनलाइज करने का अवसर प्रदान करता है। समुद्री डकैती और सशस्त्र डकैती, अवैध मानव प्रवासन, ड्रग्स और हथियारों की तस्करी, अवैध मछली शिकार, समुद्री आतंकवाद ने सुरक्षा मैट्रिक्स को और जटिल बना दिया है। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि समृद्ध हिंद-प्रशांत शांतिपूर्ण समुद्री क्षेत्र पर टिका है।

यह सही है कि इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग कारगर हो सकता है। 'ब्लू इकोनॉमी' की संभावनाएं भी परिवर्तनकारी क्षमता रखती हैं। इस क्षेत्र के अधिकांश देशों के पास अपने समुद्री संसाधनों का दोहन करने की सीमित क्षमता है। जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों से ये चुनौतियां और अधिक बढ़ जाती हैं। इन पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए विश्वसनीय, व्यावहारिक और स्थायी समाधानों की आवश्यकता है। इंडो-मलय-फिलीपींस द्वीपसमूह दुनिया की समुद्री जैव विविधता की अधिकतम मात्रा की मेजबानी करता है। कंबोडिया के सिएम रीप में मंगलवार को भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की पहली बैठक हुई, जिसे 'आसियान-भारत मैत्री वर्ष' के रूप में भी नामित किया गया है। बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कंबोडिया के उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री जनरल टी बान ने की। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत आसियान देशों के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में सिंह ने भारत-आसियान रक्षा संबंधों के दायरे और गहराई को और बढ़ाने के लिए दो प्रमुख प्रस्ताव रखे। रक्षा मंत्री ने स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए शांति मिशनों में महिला अधिकारियों के महत्व को रेखांकित किया। दूसरे प्रस्ताव में समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण पर चिंता जताई गई है। उन्होंने समुद्री प्रदूषण से निपटने के लिए चेन्नई में भारत-आसियान समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को गति देने में भारतीय नागरिकों के कर्तव्य

-प्रहलाद सबनानी-




अभी हाल ही में अमेरिका के निवेश के सम्बंध में सलाह देने वाले एक प्रतिष्ठित संस्थान मोर्गन स्टैनली ने अपने एक अनुसंधान प्रतिवेदन में यह बताया है कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास की दृष्टि से अगला दशक भारत का होने जा रहा है। इस सम्बंध में उक्त प्रतिवेदन में कई कारण गिनाए गए हैं। जैसे भारत में वर्तमान में 50 लाख परिवारों की आय 35000 अमेरिकी डॉलर से अधिक है। आगे आने वाले 10 वर्षों में यह संख्या 5 गुना बढ़कर 250 लाख परिवार होने जा रही है। इससे भारत में विभिन्न वस्तुओं का उपभोग द्रुत गति से बढ़ने जा रहा है। वर्तमान में भारत में प्रति व्यक्ति आय 2278 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है जो 10 वर्षों के दौरान दुगनी से भी अधिक होकर 5242 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष हो जाएगी।

वर्तमान के सेवा क्षेत्र के निर्यात में वैश्विक स्तर पर भारत की हिस्सेदारी 3.7 प्रतिशत से बढ़कर 4.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वहीं विनिर्माण क्षेत्र में यह 1.7 प्रतिशत से बढ़कर 1.9 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वर्ष 2021-2030 के दौरान पूरे विश्व में बिकने वाली कुल कारों में से 25 प्रतिशत कारें भारत में निर्मित कारें होंगी। साथ ही 2030 तक यात्री वाहनों की बिक्री में 30 प्रतिशत हिस्सा विद्युत चलित वाहनों का होगा जिनका निर्माण भी भारत में अधिक होगा। इस प्रकार वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों द्वारा किए जा रहे उत्पादों के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2.2 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत पहुंचने की प्रबल सम्भावना है।

वर्तमान में भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 900 वाट ऊर्जा का उपयोग होता है जबकि यह आगे आने वाले समय में बढ़कर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 1450 वाट ऊर्जा होने जा रहा है क्योंकि भारत में 6 लाख से अधिक गावों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है। हालांकि फिर भी यह अमेरिका में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 9000 वाट ऊर्जा से बहुत कम ही रहने वाला है। परंतु इसमें एक सिल्वर लाइनिंग जो दिखाई दे रही है वह यह है कि भारत में ऊर्जा के उपयोग में होने वाली वृद्धि का 70 प्रतिशत से अधिक भाग नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र से प्राप्त होने वाला है। अतः नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र में भारत में निवेश बहुत बड़ी मात्रा में होने जा रहा है इसमें विदेशी निवेश भी शामिल है। इस कारण से भारत में जीवाश्म ऊर्जा की मांग कम होगी और कच्चे तेल (डीजल पेट्रोल) की मांग भी कम होगी। इससे पर्यावरण में भी सुधार दृष्टिगोचर होगा। इसके साथ ही भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच जो वर्तमान में 30-40 प्रतिशत जनसंख्या तक ही सीमित है वह आगे आने वाले समय में बढ़कर 60-70 प्रतिशत जनसंख्या तक हो जाएगी।

अभी तक चीन पूरे विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र बन गया था और अमेरिका उत्पादों के उपभोग का मुख्य केंद्र बन गया था। परंतु आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान स्थिति बदलने वाली है। भारत चीन से भी आगे निकलकर विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने जा रहा है जिससे भारत में उत्पादों का उपभोग तेजी से बढ़ेगा। अतः भारत न केवल उत्पादों के उपभोग का प्रमुख केंद्र बन जाएगा बल्कि विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र भी बन जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पूर्व में ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है।

उक्त वर्णित कारणों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान स्तर 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2031 तक 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। इसी प्रकार भारत का पूंजी बाजार भी अपने वर्तमान स्तर 3.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर पर 11 प्रतिशत की चक्रवृद्धि की दर से वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए अगले 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा। भारत में घरेलू मांग के लगातार मजबूत होने से एवं भारत में डिजिटल क्रांति के कारण भारतीय नागरिकों की आय में बहुत अधिक वृद्धि होने की सम्भावना के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास का पांचवा हिस्सा भारत से निकलेगा ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान आर्थिक क्षेत्र में भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है। इन परिस्थितियों के बीच भारतीय नागरिक होने के नाते हमें भी कुछ दायित्वों का निर्वहन करना होगा ताकि भारत के आर्थिक विकास को और अधिक बल दिया जाकर इसे सुदृढ़ बनाया जा सके।

सबसे पहिले तो भारतीय नागरिक होने के नाते हमें अपने आप में नियमों का पालन करने की संस्कृति विकसित करनी होगी। ह्लचलता हैह्व के दृष्टिकोण को त्यागना अब जरूरी हो गया है। अमेरिका में रात्रि 2 बजे भी किसी भी दिशा से कोई वाहन न आने के बावजूद क्रॉसिंग लाल होने पर इसे कोई नागरिक पार नहीं करता है। भारत के नागरिकों में भी नियमों को पालन करने के संदर्भ में इस प्रकार की संस्कृति को विकसित किया जाना आवश्यक है।

भारत में गैरऔपचारीकृत अर्थव्यवस्था (इसे सामान्य भाषा में नम्बर दो की अर्थव्यवस्था भी कहा जाता है) को समाप्त होना चाहिए। कभी यह समानांतर अर्थव्यवस्था हुआ करती थी। परंतु अब धीरे धीरे गैरऔपचारीकृत अर्थव्यवस्था नियंत्रित हो रही है। बिल के साथ समान खरीदें भले यह थोड़ा महंगा पड़े। यदि देश के समस्त नागरिक ईमानदारी से करों का भुगतान करने लगें तो ऐसा कहा जाता है कि आयकर की दर भारत में घटकर शायद 10 प्रतिशत तक नीचे आ जाए।

भारत में तेजी से विकसित हो रहे डिजिटलीकरण की व्यवस्था को समस्त नागरिक अपनाएं। इससे मुद्रा प्रसार कम होगा अधिक मुद्रा प्रसार से देश में मुद्रा स्फीति बढ़ती है। डिजिटलीकरण की व्यवस्था अपनाने से कर की चोरी रूकती है। अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण होता है। साथ ही रुपए को चलायमान रखने हेतु जो खर्च होता है इसे बचाया जा सकता है। एक अनुमान के अनुसार रुपए की प्रिंटिंग लागत प्रतिवर्ष लगभग रुपए 15000 से 25000 करोड़ के बीच रहती है।

आम नागरिकों की बीच मुफ़्तखोरी की भावना जागृत करना देश के लिए भविष्य में बहुत भारी पड़ सकती है। श्रीलंका का उदाहरण हम सभी की सामने हैं। अतः थोड़ी परेशानी झेलकर भी टैक्स अदा करने की आदत डालें एवं मुफ़्तखोरी से बिल्कुल दूर रहना होगा।

खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुक्सान को रोकें। इससे मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगेगा एवं प्रकृति के बहुमूल्य स्त्रोत बचाए जा सकेंगे। वैसे भी हमारी भारतीय संस्कृति के अनुसार हमें प्रकृति का दोहन करना चाहिए शोषण नहीं। प्रकृति से जितना आवश्यकता है केवल उतना ही लें। आत्मनिर्भरता प्राप्त करने हेतु स्वदेशी अपनाना अब आवश्यक हो गया है। इससे विभिन्न पदार्थों के आयात में कमी लाई जा सकेगी। इसके लिए भारतीय नागरिकों को अपनी सोच में गुणात्मक परिवर्तन लाना होंगे एवं निम्न गुणवत्ता वाले सस्ते विदेशी उत्पाद खरीदना अब बंद करना होगा। भारत में निर्मित उत्पाद चाहे वह थोड़े महंगे ही क्यों न हो ही खरीदें। उत्पाद की जितनी आवश्यकता है उतना ही खरीदें। हमें वैश्विक बाजारीकरण की मान्यताओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। हमारी भारतीय संस्कृति महान रही है और आगे भी रहेगी। हमारी संस्कृति के अनुसार धर्म कर्म एवं अर्थ सम्बंधी कार्य मोक्ष प्राप्त करने के उद्देश्य से किए जाते हैं। अतः अर्थ के क्षेत्र में भी धर्म का पालन करना आवश्यक है।

## देश को कमजोर कर रहे सीमा विवाद

-योगेंद्र योगी-

असम-मेघालय सीमा पर बीते दिनों हिंसा भडकने से कई लोगों की मौत हुई और कई घायल हो गए। घटना में मेघालय के पांच और असम के एक वन रक्षक सहित कुल छह लोगों की मौत हो गई। हालांकि यह हिंसा लकड़ी की तस्करी को लेकर हुई लेकिन इन राज्यों में सीमा विवाद को लेकर भी हिंसा होना आम बात है। पूर्वोत्तर सहित देश के कई राज्यों में सीमा विवाद चल रहा है, किन्तु भौगोलिक सीमा और क्षेत्रों की दावेदारी को लेकर जितना खूनी संघर्ष पूर्वोत्तर के राज्यों मंच हुआ है, उतना कहीं नहीं हुआ। राज्य विवादित क्षेत्र के निपटारे के लिए कानूनी या लोकतांत्रिक तरीका अपनाने के बजाय दुश्मनों की तरह जंग छेड़े हुए हैं। इससे यही प्रतीत होता है कि ये अखंड भारत का नहीं बल्कि किसी पड़ौसी मुल्क का हिस्सा हैं। ऐसी स्थिति में जब देश चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन देशों की चुनौतियों से जूझ रहा है, राज्यों द्वारा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के बजाय निहित स्वार्थों के वशीभूत होकर की गई कार्रवाई से एकता और अखंडता को लेकर गलत संदेश जा रहा है।

विशेषकर चीन पहले ही अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जता कर विवाद खड़ा कर चुका है। देश में करीब दस राज्य ऐसे हैं, जिनमें सीमा को लेकर विवाद जारी है। इनमें पूर्वोत्तर राज्यों में सर्वाधिक फसाद है। राज्यों के विवादों को उकसाने से स्थानीय लोग हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि जिन क्षेत्रों की दावेदारी को लेकर विवाद या हिंसक कार्रवाई हो रही है, उनका कोई विशेष वाणिज्यिक या दूसरा महत्वपूर्ण उपयोग नहीं है, जिससे राज्यों को किसी तरह का भारी नुकसान हो रहा हो। इसके बावजूद राज्यों की सरकारें क्षेत्रवाद के नाम पर उकसावे भरी कार्रवाई से लोगों को हिंसा की तरफ धकेल रही हैं। मेघालय से पहले अक्टूबर के पहले सप्ताह में असम का मिजोरम से विवाद हो गया था। इस विवाद की जड़ झोंपड़ी रही। असम पुलिस ने दो अक्टूबर को झोफई इलाके में दो झोंपडि ?ां बनाई। जिस स्थान पर झोंपडि ?ां बनाई गईं वह मिजोरम के पहले मुख्यमंत्री सी छुंगा के धान के खेत के बिल्कुल सामने मौजूद थी। हालांकि असम पुलिस ने झोंपडि ?ां हटा लीं। दरअसल जिस इलाके में असम पुलिस ने झोंपडि ?ां बनाई वह विवादित क्षेत्र है। इस विवादित क्षेत्र पर दोनों राज्य सरकारों ने अच्छी स्थिति बनाए रखने पर सहमति जताई थी। गौरतलब है कि मार्च 2018 में इसी इलाके में झड़प हुई थी जब मिजोरम पुलिस के पदाधिकारियों ने वहां लकड़ी का एक मकान बनाने की कोशिश की थी। जिसमें हुई झड़प में 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस साल सितंबर में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सीमा मुद्दे को लेकर मुलाकात भी की थी और मंत्री स्तरीय बात जारी रखने पर सहमति जताई थी। सीमा विवाद को लेकर असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों की कई दौर की बैठकों के बावजूद कोई हल नहीं निकल पाया। सीमा विवाद को लेकर पूर्वोत्तर राज्यों का इतिहास रक्तरंजित रहा है। साल 2021 में एक दंपत्ति कछार (असम) जिले के रास्ते मिजोरम आ रहे थे। जिस समय वह लौट रहे थे तो उनकी गाड़ी में तोडफोड़ हुई। बवाल इतना बढ़ गया कि नौबत फायरिंग तक जा पहुंची। इससे पहले साल 2020 में अक्टूबर में भी दो बार असम और मिजोरम की सीमा पर आगजनी और हिंसा हुई थी। 9 अक्टूबर 2020 को मिजोरम के दो लोगों को आग लगा दी गई थी। इसी के साथ कई झोंपडि ?ों और सुपारी के पौधों को भी आग के हवाले कर दिया गया था। वहीं कुछ दिन बाद ही कछार (असम) के लोगों ने मिजोरम पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस और आम लोगों पर पत्थरबाजी हुई। असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ब्रिटिश राज के समय से करीब 100 साल से चल रहा है। असम और मिजोरम के बीच 164.6 किलोमीटर की अंतर-राज्य सीमा है जिसमें असम के तीन जिले कछार, हैलाकांडी और करीमगंज, मिजोरम के कोलासिब, ममित और आइजोल जिलों के साथ सीमा

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार

प्रात: 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा है। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर

**मुंबई/ एजेंसी।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.54 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 547.3 अरब डॉलर पर रहा था।



रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति तीन अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 487.3 अरब डॉलर हो गई। हालांकि इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 7.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 39.9 अरब डॉलर रह गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.5 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.4 करोड़ डॉलर कम होकर 5.03 अरब डॉलर पर आ गई।

## सरकार की खिलौना क्षेत्र को 3,500 करोड़ रुपये का पीएलआई लाभ देने की योजना

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** सरकार भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के नियमों का अनुपालन करने वाले खिलौनों के लिए 3,500 करोड़ रुपये का उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन (पीएलआई) लाभ देने की योजना बना रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस कदम का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना, निवेश आकर्षित करना और निर्यात बढ़ाना है।



अधिकारी ने कहा कि खिलौना उद्योग के लिए सरकार द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू करने और सीमा शुल्क को 20 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने जैसे उपायों से देश में कम गुणवत्ता वाले आयात को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद मिली है।

अधिकारी ने कहा, ''अब हम खिलौनों के लिए पीएलआई के विस्तार पर काम कर रहे हैं। हालांकि, यह लाभ सिर्फ बीआईएस नियमों का अनुपालन करने वाले खिलौनों के लिए ही होगा। पीएलआई लाभ विभिन्न निवेश स्लैब के अनुसार दिया जा सकता है। यह 25 करोड़ रुपये से लेकर 50 करोड़ रुपये या 100-200 करोड़ रुपये तक हो सकता है।''

अधिकारी ने बताया कि प्रस्ताव पूरे उत्पाद पर प्रोत्साहन देने का है न कि कलपुर्जों पर, क्योंकि उद्योग को अब भी कुछ कलपुर्जों को आयात करने की जरूरत होती है, जो खिलौना विनिर्माण के लिए जरूरी है। ये कलपुर्जे भारत में नहीं बनते हैं।

बीआईएस देश का राष्ट्रीय मानक निकाय है। यह भारतीय मानकों का विकास और उनका प्रकाशन करता है।

भारत में बने खिलौनों की आपूर्ति न केवल वैश्विक ब्रांडों को हो रही है, बल्कि ये वैश्विक बाजार में अपनी जगह भी बना रहे हैं।

खिलौनों के अलावा सरकार इन लाभ को साइकिल, जूते, कुछ टीका सामग्री, शिपिंग कंटेनर और कुछ दूरसंचार उत्पादों जैसे अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित करने पर विचार कर रही है।

लिटिल जीनियस टॉयज प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नरेश कुमार गौतम ने पहले कहा था कि सरकार द्वारा घोषित समर्थन उपायों से उद्योग को मदद मिल रही है। लेकिन पीएलआई योजना और एक परिषद से इस क्षेत्र को और प्रोत्साहन मिलेगा। क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक संभावनाएं हैं।

## कैबिनेट सचिव की अगुवाई वाली समिति पीएफआरडीए प्रमुख पद के लिए उम्मीदवार का चयन करेगी

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** कैबिनेट सचिव की अगुवाई वाली एक खोज समिति 16 दिसंबर को पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरमैन पद के लिए छांटे गए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

अगले महीने पीएफआरडीए के मौजूदा चेयरमैन सुप्रतिम बंदोपाध्याय का कार्यकाल पूरा हो रहा है। उसके बाद पीएफआरडीए प्रमुख का पद रिक्त हो जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट सचिव की अगुवाई वाली वित्तीय क्षेत्र नियामक नियुक्ति खोज समिति (एफएसआरएससी) छांटे गए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी।



चुने गए उम्मीदवार का नाम प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली नियुक्ति समिति को अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। एफएसआरएससी में कैबिनेट सचिव के अलावा वित्तीय सेवा सचिव और दो स्वतंत्र सदस्य हैं। एफएसआरएससी पात्रता के आधार पर इस पद के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति के नाम की भी सिफारिश करने को भी स्वतंत्र है।

## अगले साल मार्च तक रणनीतिक निवेशक मिल सकता है एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. को मार्च, 2023 तक रणनीतिक निवेशक मिल सकता है। इससे कंपनी को देश में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 3,000 करोड़ रुपये जुटाने में मदद मिलेगी।



एक सूत्र ने कहा, ''एनटीपीसी अपनी अनुषंगी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के लिए रणनीतिक निवेशक को जोड़ने की प्रक्रिया में है। कंपनी इस लेनदेन के जरिये 2,000 से 3,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। यह लेनदेन मार्च, 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है।''

सूत्र ने बताया कि कुछ पेंशन कोषों, इक्विटी निवेशकों तथा बड़ी कंपनियों ने एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी में निवेश करने की इच्छा जताई है। ऐसे में अनुषंगी इकाई के लिए रणनीतिक निवेशक लाने की प्रक्रिया चालू वित्त वर्ष में ही पूरी की जाएगी। एनटीपीसी की योजना 2032 तक 60 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने की है। यह उसकी कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 45 प्रतिशत होगा। इसके लिए कंपनी को अगले एक दशक में 2.5 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी। फिलहाल एनटीपीसी की कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 2,332 मेगावॉट है।

कंपनी की कुल स्थापित बिजली क्षमता (संयुक्त उद्यमों और अनुषंगियों सहित) 70,254 मेगावॉट है। एनटीपीसी देश की कुल बिजली जरूरत का 25 प्रतिशत आपूर्ति करती है।

## सीतारमण कल राजस्व आसूचना अधिकारियों को संबोधित करेंगी

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की स्थापना दिवस के मौके पर राजस्व आसूचना अधिकारियों को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्रालय ने रविवार को बयान में यह जानकारी दी। राजस्व आसूचना निदेशालय इस साल 5-6 दिसंबर को अपना 65वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 'क्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रवर्तन बैठक (आरसीईएम) भी आयोजित की जाएगी। इस बैठक का मकसद सीमा शुल्क संगठनों तथा विश्व सीमा शुल्क संगठन (डब्ल्यूसीओ), इंटरपोल जैसे अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से प्रवर्तन संबंधित मुद्दों के लिए प्रभावी संपर्क स्थापित करना है। इस साल कार्यक्रम में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 22 सीमा शुल्क प्रशासन के साथ डब्ल्यूसीओ, दवा एवं अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) तथा क्षेत्रीय आसूचना संपर्क कार्यालय-एशिया प्रशांत (आरआईएलओ एपी) को आमंत्रित किया गया है। बयान में कहा गया है कि सीतारमण वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ इस दो दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। इस मौके पर वित्त मंत्री 'भारत में तस्करी रिपोर्ट 2021-22' भी जारी करेंगी।

राजस्व आसूचना निदेशालय, तस्करी रोधक मामलों पर आसूचना और प्रवर्तन एजेंसी है

# आरबीआई बैठक और विधानसभा चुनाव नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई/ एजेंसी।** अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में बढ़ोतरी की गति धीमी रखने के संकेत और चीन में विरोध के बाद कोविड प्रतिबंधों में ढील दिये जाने की उम्मीद से 63 हजार अंक के नये शिखर पर पहुंचा घरेलू शेयर बाजार मुनाफावसूली का शिकार होने के बावजूद बीते सप्ताह 0.92 प्रतिशत की तेजी हासिल करने में कामयाब रहा और अगले सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के साथ ही विधानसभा चुनाव के नतीजों पर उसकी नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 574.86 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 62868.50 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 183.35 अंक अर्थात 0.99 प्रतिशत की छलांग लगाकर 18696.10 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह बीएसई की दिग्गज कंपनियों से कहीं अधिक मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही, जिससे बाजार को बल मिला। इस दौरान मिडकैप 726.02 अंक यानी 2.84 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 26321.65 अंक और



स्मॉलकैप 710.1 अंक अर्थात 2.43 प्रतिशत की उड़ान भरकर 29911.73 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, पिछले सप्ताह निफ्टी, सेंसेक्स और बैंक निफ्टी सभी नई ऊंचाई पर पहुंचे लेकिन ऊंचे भाव पर कुछ मुनाफावसूली भी हुई। घरेलू शेयर बाजार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और अब वैश्विक संकेत भी साथ दे रहे हैं। अच्छी खबर यह है कि सुस्त व्यापक बाजार में सुधार होने शुरू हो गये हैं। वैश्विक संकेतों से अस्थिरता बनी रहती है लेकिन अगले सप्ताह बाजार का ध्यान आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा और राज्यों के चुनाव परिणामों जैसे घरेलू संकेतों पर केंद्रित होगा।

आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) की बैठक के परिणाम 07 दिसंबर को आने हैं। वहीं, गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे 08 दिसंबर को आएंगे। अगले सप्ताह इन कारकों का असर बाजार पर दिखाई देगा।

वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और डॉलर इंडेक्स में तेजी से गिरावट आई है और बाजार यहां से उनकी चाल पर नजर रखेंगे। भारत को कच्चे तेल की कम कीमतों का भी लाभ मिल रहा है, जो डॉलर सूचकांक में गिरावट के बावजूद नहीं बढ़ा। दिसंबर में विदेशी संस्थागत निवेश का प्रवाह सुस्त रह सकता है। इनका असर भी बाजार पर रहेगा।

बीते सप्ताह बाजार में चार दिन तेजी और एक दिन गिरावट पर रहा। कोविड प्रतिबंधों को लेकर चीन में शुरू हुए विरोध प्रदर्शन से वैश्विक बाजार में आई गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर रिलायंस के शेयरों में करीब साढ़े तीन प्रतिशत की उछाल की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 211.16 अंक मजबूत होकर 62504.80 अंक और निफ्टी 50 अंक की बढ़त लेकर 18562.75 अंक पर पहुंच गया। चीन में विरोध प्रदर्शन के बाद कोविड प्रतिबंधों में ढील दिये जाने की उम्मीद से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी सहित ग्यारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 177.04 अंक की तेजी लेकर 62681.84 अंक के सार्वकालिक नये स्तर पर और निफ्टी 55.30 अंक चढ़कर 18618.05 अंक पर पहुंच गया।

अमेरिकी फेड रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के होने वाले वक्तव्य में अर्थव्यवस्था को लेकर शुभ संकेत मिलने की उम्मीद में वैश्विक बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की अंतिम समय में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 417.81 अंक की उड़ान भरकर पहली बार 63 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 63099.65 अंक और निफ्टी 140.30 की तेजी लेकर अबतक के रिकॉर्ड 18758.35 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में बढ़ोतरी की गति धीमी रखने के संकेत से वैश्विक बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर आईटी, धातु, रियल्टी, टेक और कमोडिटीज समेत बारह समूहों में हुई लिवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 184.54 अंक की उछाल लेकर 63284.19 अंक के नये शिखर और निफ्टी 54.15 अंक की बढ़त लेकर 18812.50 अंक पर पहुंच गया।

वहीं, वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी, यूटिलिटीज, ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, टेक और पावर समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार छह दिन की तेजी थम गई। सेंसेक्स 415.69 अंक की गिरावट लेकर 62868.50 अंक और निफ्टी 116.40 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत लुढ़ककर 18696.10 अंक पर आ गया।

## यूक्रेन ने पश्चिमी देशों से रूसी तेल की कीमतों पर अधिक सख्ती का आग्रह किया, रूस ने दी चेतावनी

**कीव/ एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के कार्यालय ने पश्चिमी देशों द्वारा रूसी तेल की कीमत और कम करने की मांग की, जबकि रूसी अधिकारियों ने 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा को मुक्त और स्थिर बाजार के लिए हानिकारक बताया है।

जेलेंस्की के कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, जापान और अमेरिका द्वारा शुक्रवार को निर्धारित मूल्य सीमा पर्याप्त नहीं है।

समुद्र द्वारा भेजे जाने वाले रूसी तेल पर यह सीमा सोमवार से प्रभावी होगी। यरमक ने टेलीग्राम पर लिखा, ÷दुश्मन की अर्थव्यवस्था को तेजी से नष्ट करने के लिए इसे 30 डॉलर प्रति बैरल तक कम करना जरूरी है।



वाशिंगटन में रूसी दूतावास ने जोर देकर कहा कि रूसी तेल की मांग बनी रहेगी और मूल्य सीमा तय करने से मुक्त बाजार बुनियादी सिद्धांत को चोट पहुंचेगी। रूसी अधिकारियों ने पश्चिमी देशों द्वारा मूल्य सीमा तय करने को खारिज कर दिया और धमकी दी कि वह इसका समर्थन करने वाले देशों को आपूर्ति बंद कर देगा।

ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, जापान, अमेरिका और 27 देशों के यूरोपीय संघ ने शुक्रवार को रूसी तेल के लिए 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा तय की।

## सिग्नेचर ग्लोबल की दिसंबर अंत तक 1,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल इस माह के अंत तक अपना 1,000 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती है। कंपनी मुख्य रूप से सस्ते मकान बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है।

सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लि. को 24 नवंबर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आईपीओ की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने जुलाई में सेबी के




पास आईपीओ दस्तावेज जमा कराए थे।

सूत्रों ने बताया कि कंपनी जल्द नया अद्यतन दस्तावेजों का मसौदा जमा कराएगी, क्योंकि उसका इरादा इस माह के अंत तक पूंजी बाजार में उतरने का है।

दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ के तहत कंपनी 750 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी और 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएगी।

दिल्ली-एनसीआर की कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने 2014 में अपनी अनुषंगी सिग्नेचर बिल्डर्स के जरिये परिचालन शुरू किया था। कंपनी ने सबसे पहले हरियाणा के गुरुग्राम में 6.13 एकड़ जमीन पर 'सोलेरा' परियोजना पेश की थी।

दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, ''हमारा परिचालन एक दशक से भी कम समय में काफी तेजी से बढ़ा है। 31 मार्च, 2022 तक हमने दिल्ली-एनसीआर में 23,453 आवासीय और वाणिज्यिक इकाइयां बेची हैं। इनमें कुल बिक्री योग्य क्षेत्रफल 1.45 करोड़ वर्ग फुट से अधिक है।''

# आयातित तेल के दाम टूटना जारी, तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** विदेशी बाजारों में तेल-तिलहनों के दाम टूटना जारी रहने के कारण में देशी तेल तिलहनों के भाव प्रभावित हुए, जिससे दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ), बिनौला और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली। देशी तेल तिलहनों की पेराई महंगा बैठने और सस्ते आयातित तेलों के मुकाबले इन तेलों के भाव बेपड़ता होने के बीच सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन तथा सोयाबीन तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे।

बाजार सूत्रों ने कहा, ''विदेशी तेलों में आई गिरावट हमारे देशी तेल तिलहनों पर कड़ा प्रहार कर रहा है जिससे समय रहते नहीं निपटा गया तो स्थिति संकटपूर्ण होने की संभावना है। विदेशी तेलों के दाम धराशायी हो गये हैं और हमारे देशी तेलों के उत्पादन की लागत अधिक बैठती है। अगर स्थिति को संभाला नहीं गया तो देश में तेल तिलहन उद्योग और इसकी खेती गंभीर रूप से प्रभावित होगी। सस्ते आयातित तेलों पर आयात कर अधिकतम करते हुए स्थिति को संभाला नहीं गया तो तिलहन उत्पादन बढ़ने के बजाय तिलहन खेती से विमुख हो सकते हैं क्योंकि देशी तेलों के उत्पादन की लागत अधिक होगी। देश के आयात पर पूर्ण निर्भरता होने के कारण भारी मात्रा में विदेशीमुद्रा का अपव्यय बढ़ सकता है''

सूत्रों ने कहा कि सरसों, मूंगफली, सोयाबीन और बिनौला जैसे देशी तेल तिलहन की हमें बिजाई हर साल करनी होती है। इसके अलावा खाद, पानी, बिजली, डीजल, मजदूरी जैसी लागत हर साल वहन करना होता है लेकिन पाम और पामोलीन के मामले में यह स्थिति भिन्न है क्योंकि एक बार इनके पेड़ लगाने के बाद मामूली देखरेख खर्च के साथ बगैर



बड़ी लागत के अगले लगभग कई सालों तक ऊपज प्राप्त होती रहती है।

सूत्रों ने कहा कि कई तेल तिलहन विशेषज्ञ, पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कुछ अन्य भागों में पाम की खेती बढ़ाने की सलाह देते हैं और इस दिशा में सरकार ने प्रयास भी किये हैं। ऐसा करना एक हद तक सही है लेकिन यदि हमें पशुचारे, डीआयल्ड केक (डीओसी) और मुर्गीदाने की पर्याप्त उपलब्धता और आत्मनिर्भरता चाहिये तो वह सरसों, मूंगफली, सोयाबीन और बिनौला जैसे देशी फसलों से ही प्राप्त हो सकता है। निजी उपयोग के अलावा इसका निर्यात कर देश के लिए विदेशीमुद्रा भी अर्जित किया जा सकता है। तेल तिलहन के संदर्भ में इन वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर ही कोई फैसला लिया जाना चाहिये।

सूत्रों ने कहा कि देश के प्रमुख तेल संगठनों को सरकार को जमीनी हकीकत भी बताना चाहिये कि सस्ते खाद्यतेलों के आयात से देश के तेल तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने का लक्ष्य गंभीर रूप से प्रभावित होगा और इस स्थिति को बदलने के लिए इन सस्ते आयातित तेलों पर पहले की तरह और हो सके तो अधिकतम सीमा तक आयात शुल्क लगा दिया जाना चाहिये। अगर खाद्य तेलों के दाम कम रहे तो खल की भी उपलब्धता कम हो जायेगी। सस्ते आयात के मद्देनजर सीपीओ, पामतेल, बिनौला और सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट आई। जबकि शादी विवाह के मौसम की मांग के बीच देशी तेलों का भाव बेपड़ता बैठने के कारण सरसों और मूंगफली तेल तिलहन और सोयाबीन दाना एवं सोयाबीन लूज (तिलहन) के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे।

**शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:**

सरसों तिलहन - 7,100-7,150 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,360-6,420 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 14,800 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल 2,390-2,655 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,120-2,250 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,180-2,305 रुपये प्रति टिन।

तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 13,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 13,250 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,500 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 8,450 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 11,450 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,950 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 9,000 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 5,450-5,550 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज 5,260-5,310 रुपये प्रति क्विंटल।

मक्का खल (सरिस्का) 4,010 रुपये प्रति क्विंटल।

# ट्विटर डेमोक्रेट्स की शाखा की तरह काम कर रहा था: मस्क



**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** ट्विटर के प्रमुख एलन मस्क ने कहा है कि 2020 के राष्ट्रपति चुनाव से कुछ सप्ताह पहले ट्विटर ने 'हंटर बाइडेन लैपटॉप' कहानी पर पर्दा डालने का काम किया था जो कि चुनाव में हस्तक्षेप करने के बराबर है।

मस्क ने कहा कि अगर ट्विटर एक टीम की तरह काम करते हुए चुनाव में विरोध की आवाज दबा रहा था तो यह चुनाव में हस्तक्षेप ही है। मस्क ने 27 अक्टूबर, 2022 को 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया है।

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने शनिवार को 'ट्विटर स्पेसेज' ऑडियो कार्यक्रम में शामिल होते हुए कहा कि सच बोलूं तो, ट्विटर डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी की एक शाखा के समान काम कर रहा था और यह बेतुका था।

दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति ने कहा कि उन्होंने ट्विटर अभिलेखागार को खंगालने का निर्णय लिया जिससे यह पता चल सके कि कैसे कंपनी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के बेटे के बारे में एक नकारात्मक कहानी को दबा दिया। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि सूचनाओं को बहुत ज्यादा नियंत्रित किया गया, सूचना का दमन किया गया, जिसमें चुनावों को प्रभावित करने वाली चीजें भी शामिल हैं।

उन्होंने अपने निजी विमान से स्टारलिंक सैटेलाइट कनेक्शन के माध्यम से चैट में शामिल होते हुए कहा यह उत्तर कोरिया टूर गाइड जैसी स्थिति नहीं है कि आप जहां चाहें, जब चाहें, आप जा सकते हैं। मैं नैरेटिव को नियंत्रित नहीं कर रहा हूं।

नवंबर के अंत में, मस्क ने संकल्प लिया था कि उनके मार्गदर्शन में, 'ट्विटर 2.0' कहीं ज्यादा प्रभावी, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से काम करेगा। उसी दौरान उन्होंने यह भी दावा किया था कि ट्विटर बहुत लंबे समय तक विश्वास और सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहा है और इसने चुनावों में हस्तक्षेप भी किया है।

पहली बार द न्यूयॉर्क पोस्ट ने 14 अक्टूबर, 2020 को उस कहानी का खुलासा किया था किस तरह से भ्रष्टाचार करके हंटर बिडेन को अपने पिता जो बिडेन (जो बाद में बराक ओबामा सरकार में उपराष्ट्रपति बने) के माध्यम से कई विदेशी संस्थाओं के व्यवसायियों और महिलाओं तक पहुंच बनाने में मदद मिली थी। लगभग एक लाख तीस हजार ईमेल, हंटर बिडेन के आईफोन से संदेश, फोटो और वीडियो और अन्य फाइलों सहित 200 गीगाबाइट से ज्यादा डेटा क्षतिग्रस्त मैकबुक प्रो में मिला था, जिसे वह विलमिंगटन, डेलावेयर में एक कंप्यूटर मरम्मत की दुकान में छोड़ आए थे।

विदेशी व्यापारियों के साथ हंटर के कथित संदिग्ध लेनदेन की खबर को मुख्यधारा की मीडिया ने दबा दिया और रूस की ओर से फैलायी गयी गलत सूचनाह्व बताकर इसकी निंदा की थी। फेसबुक और ट्विटर ने इसपर रोक लगा दी थी, हालांकि बाद में अमेरिकी कानून प्रवर्तन और मीडिया की जांच में पुष्टि हुई कि कहानी हैक की गई सामग्रियों का परिणाम नहीं थी।

'ट्विटर फाइल्स' के पहले भाग पर रिपब्लिकन पार्टी के नेता केविन मैकार्थी, सीनेटर रैंड पॉल और जोश हावले समेत अनेक रिपब्लिकन सदस्यों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री मैकार्थी ने कहा कि जनवरी में जब निचले सदन का बहुमत आधिकारिक रूप से रिपब्लिकन के पास आ जाता है तो उनका इरादा अमेरिकी लोगों के लिए जवाब और जवाबदेही तय करना है। नवंबर के मध्य में, रिपब्लिकन ने राष्ट्रपति बिडेन परिवार की आपराधिक जांच की घोषणा की थी।

## एक नजर

### ईरान ने हिजाब कानून पर घुटने टेके, विचार के लिए तैयार

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान सरकार ने हिजाब कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता के गुस्से के सामने आखिरकार घुटने टेक दिए। आंदोलन के सामने वह नरम रुख अख्तियार करने को विवश हो गई है। ईरान में पिछले दो महीने से जारी धरना, प्रदर्शन और आंदोलन में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। लोग सड़कों पर हैं। सुरक्षा बल उनके ऊपर जुल्म ढा रहे हैं। हिजाब कानून को जबरन लागू कराने में ईरानी हुकूमत ने कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी है। मगर अब वह झुकती नजर आ रही है। सरकार अब हिजाब कानून पर विचार करने को तैयार हो गई है। इस बीच अटॉर्नी जनरल ने कहा कि ईरान की संसद और न्यायपालिका हिजाब को जरूरी बनाने वाले कानून की समीक्षा कर रही है। इस कानून में महिलाओं को सिर ढकने की अनिवार्यता है। माना जा रहा है कि विश्वव्यापी आलोचना से घबराई हुकूमत आंदोलन की लपटों को शांत करने के लिए इस कानून में बदलाव कर सकती है।

### नासा ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सफलतापूर्वक लगाया सोलर एरे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा और अमेरिकी अंतरिक्षयात्रियों ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर सफलतापूर्वक एक नया सोलर एरे (आईरोसा) लगाया है। नासा ने ट्वीट किया कि अंतरिक्ष यात्री जोश कसैडा और फ्रैंक ने अंतरक्षि केंद्र के तारे की आकृति वाले एक बोर्ड पर यह नया सोलर एरे लगाया। इन लोगों ने सोलर पैनल की 75 प्रतिशत की संचालन क्षमता बहाल करने के लिए एक केबल को अलग कर दिया। दोनों अंतरिक्ष यात्री कसाडा और कसैडा स्टेशन के बाहर अंतरिक्ष में गये और लगभग 7 घंटे तक अपने काम को लेकर बाहर ही नये। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लगे पुराने सोलर एरे की क्षमता में आयी कमी के बाद से ही नासा इनको अपग्रेड करने में मदद कर हा है। इस नए अपग्रेडेशन की अनुमानित कीमत 103 मिलियन डॉलर है।

### रॉकेट दागने के जवाब में इजरायल ने गाजा पर किया हवाई हमला

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने तटीय परिक्षेत्र से रॉकेट दागे जाने के जवाब में गाजा पट्टी में आतंकवादी समूहों के ठिकानों पर सिलसिलेवार हवाई हमले किए। फिलिस्तीन के प्रत्यक्षदर्शियों ने सिन्हुआ को बताया कि इजराइली सेना के ड्रोन और लड़ाकू विमानों को हवा में गूंजते हुए सुना गया और रविवार को खान यूनिस और राफा के दक्षिणी गाजा पट्टी के शहरों के पश्चिम में कई विस्फोट सुने गए। फलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि मुख्य रूप से इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन (हमास) और फि लिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) को लक्षित करने वाले हमलों के दौरान कोई घायल नहीं हुआ। इजरायली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि हवाई हमले दक्षिणी इजरायल में तीन रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइली प्रतिक्रिया है। किसी भी समूह ने रॉकेट दागने की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमास शासित तटीय परिक्षेत्र में आतंकवादियों ने हवाई हमले के दौरान गाजा पट्टी की सीमाओं के करीब दक्षिणी इजरायली समुदायों पर कम से कम पांच रॉकेट दागे थे।

### व्हाट्सऐप कर रहा 21 नए इमोजी पर काम

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सऐप ने अपडेट के लिए 21 नए इमोजी पर काम करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने आठ इमोजी को फिर से डिजाइन किया है, जो पहले से ही बीटा वर्जन में दिखाई दे रहे हैं। प्ले स्टोर पर उपलब्ध नवीनतम बीटा बिल्ड में, आठ इमोजी अपडेट किए गए हैं, और 21 नए इमोजी जल्द ही सभी बीटा परीक्षकों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। इस बीच, शुक्रवार को, व्हाट्सऐप ने एंड्रॉइड बीटा पर एक नया गायब होने वाले संदेश शॉर्टकट को रोल आउट करना शुरू कर दिया। एंड्रॉइड 2.22.25.11 अपडेट के लिए नवीनतम व्हाट्सऐप बीटा डाउनलोड करने के बाद, कुछ उपयोगकर्ता शॉर्टकट सुविधा तक पहुंचने में सक्षम थे। पिछले महीने, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने पांच देशों में येलो पेज-स्टाइल बिजनेस डायरेक्टरी लॉन्च की थी।

### पाकिस्तान में दुर्दांत आतंकवादी कमांडर मारा गया

**पेशावर (पाकिस्तान), एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिम क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने वांछित एक आतंकवादी कमांडर को मार गिराया। यह दुर्दांत आतंकवादी जघन्य वारदात में शामिल रहा है। सेना ने यह जानकारी यहां दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि 02 दिसंबर को उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकी गतिविधियों में शामिल होने, अपहरण और फिरौती के अनेक मामलों में शामिल नूर की आतंकवाद विरोधी विभाग को तलाश थी। आईएसपीआर ने कहा- जबरदस्त गोलीबारी के दौरान कुख्यात आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया।

## ईरान में परमाणु संयंत्र का निर्माण शुरू : सरकारी मीडिया

**काहिरा, एजेंसी।** ईरान ने शनिवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ईरान के सरकारी टीवी ने यह खबर दी।

विश्व शक्तियों के साथ इस्लामिक गणराज्य के परमाणु समझौते से अमेरिका के हटने के बाद ईरान पर लगाए गए व्यापक प्रतिबंधों के कारण उत्पन्न तनाव के बीच यह निर्माण शुरू हुआ है।

यह घोषणा ऐसे वक्त आई है जब पुलिस की हिरासत में एक युवती की मौत के बाद देश भर में शुरू हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों से ईरान हिल गया है।

देश की सरकारी टेलीविजन और रेडियो एजेंसी ने बताया कि ह्यकरूनह्ल नाम के 300 मेगावाट के नए संयंत्र को बनने में आठ साल लगेंगे और इस पर करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर की लागत आएगी। इसने कहा कि यह संयंत्र ईरान के तेल समृद्ध खुजेस्तान प्रांत में इराक के साथ लगती इसकी पश्चिमी सीमा के पास स्थित होगा।

संयंत्र के शिलान्यास समारोह में ईरान के असैन्य परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने भाग लिया, जिन्होंने पहली बार अप्रैल में ह्यकरूनह्ल के लिए निर्माण योजनाओं की शुरूआत की थी।



ईरान के बुशहर के दक्षिणी बंदरगाह पर एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र है तथा कई भूमिगत परमाणु केंद्र भी हैं।

ह्यकरूनह्ल के निर्माण की घोषणा ऐसे वक्त आई है जब ईरान ने दो सप्ताह से भी कम समय पहले कहा था कि उसने देश के भूमिगत फोर्डो परमाणु केंद्र में 60 प्रतिशत शुद्धता पर समृद्ध यूरेनियम का उत्पादन शुरू कर दिया है। इस कदम को देश के परमाणु कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## नेपाल: संसदीय चुनाव में नेपाली कांग्रेस की बढ़त बरकरार, सियांग्जा सीट से पार्टी उम्मीदवार की जीत

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पार्टी नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार धनराज गुरुंग ने सियांग्जा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-2 से जीत हासिल कर ली है, जिसके बाद पार्टी की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने अपनी बढ़त बनाए रखी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

गुरुंग ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी सीपीएन (यूएमएल) की पद्मा कुमारी आर्यल को हराया। गुरुंग को 31,466 वोट मिले, जबकि कुमारी को 25,839 वोट हासिल हुए। इसके साथ ही नेपाली कांग्रेस ने प्रत्यक्ष चुनाव के तहत प्रतिनिधि सभा की 57 सीट पर जीत हासिल कर ली है और पार्टी सदन में पहले स्थान पर रही है। इसके बाद सीपीएन-यूएमएल का स्थान है, जिसने अब तक 44 सीट पर जीत हासिल की है।

प्रत्यक्ष चुनाव में सीपीएन-माओइस्ट सेंटर को 17 सीट मिली हैं, जबकि सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट को 10 सीट पर जीत हासिल हुई है।



अब तक 163 निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना पूरी हो चुकी है और मात्र दो सीट पर मतों की गिनती बाकी है। तीन निर्वाचन क्षेत्रों- सियांग्जा-2, बाजुरा और दोलखा के लिए मतगणना देर से शुरू हुई, क्योंकि इन निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न समूहों के बीच विवाद के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुने जाएंगे, जबकि शेष 110 आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से निर्वाचित होंगे।

किसी पार्टी को बहुमत से सरकार बनाने के लिए कम से कम 138 सीट की जरूरत होगी।

पांच दलों वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-माओइस्ट सेंटर, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनमोर्चा शामिल हैं। गठबंधन के पास प्रत्यक्ष निर्वाचन के तहत प्रतिनिधि सभा में अब 85 सीट हो गई हैं, जबकि विपक्षी सीपीएन-यूएमएल के पास 57 सीट हैं। इस बीच, नेपाली कांग्रेस नेता राम चंद्र पौडेल ने रविवार को कहा कि अब जो सरकार बनेगी वह राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और गांवों में विकास तथा रोजगार प्रदान करेगी। उन्होंने दलील दी कि मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन का लक्ष्य शांति स्थापित करना, सुशासन लाना और स्थिर सरकार प्रदान करना है।

'राइजिंग नेपाल' अखबार ने उनके हवाले से कहा, देश को सुशासन की जरूरत है। अगर हम भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी रोक सके तो देश समृद्ध होगा। हमें कृषि में क्रांति लाकर खाद्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना होगा। गांवों तक पर्यटन का विस्तार करना होगा। गांवों में उद्योग खुलने चाहिए, जिनसे रोजगार का निर्माण होगा और देश खुशहाली की ओर बढ़ेगा।

## महाराजा चार्ल्स के राज्याभिषेक के लिए तैयार किया जा रहा रत्न जड़ा ताज

**लंदन, एजेंसी।** टावर ऑफ लंदन के ज्वेल हाउस में रखे गये रत्न जड़ित एक ताज को अगले साल महाराजा चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक के लिए उनके सिर के आकार के अनुकूल तब्दील करने की कवायद शुरू हो गई है। बकिंघम पैलेस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

शाही महल ने बताया कि देश के क्राउन ज्वेल्स के ऐतिहासिक केंद्रबिंदु के रूप में वर्णित सेंट एडवर्ड ताज को छह मई 2023 को होने वाले राज्याभिषेक समारोह के लिए तैयार करने के वास्ते विश्व प्रसिद्ध टॉवर से बाहर निकाला गया है। परंपरा के अनुसार, लंदन के वेस्टमिंस्टर ऐबे में आयोजित होने वाले राज्याभिषेक समारोह के दौरान महाराजा को सेंट एडवर्ड ताज पहनाया जाएगा।

चार्ल्स सितंबर में अपनी मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद ब्रिटेन के महाराजा घोषित किए गए थे। वह अपने शासन की शुरूआत से जुड़े आधिकारिक समारोह में इंपीरियल स्टेट ताज भी पहनेंगे।



बकिंघम पैलेस ने बताया कि सेंट एडवर्ड ताज ब्रिटेन में महाराजा या महारानी के राज्याभिषेक के दौरान ऐतिहासिक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला ताज है और दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने 1953 में ब्रिटिश राजगद्दी संभालने के दौरान यह ताज पहना था।

शाही महल ने कहा, यह ताज 1961 में चार्ल्स द्वितीय के लिए मध्यकालीन ताज की जगह बनाया गया था, जिसे 1649 में गला दिया गया था। मूल ताज 11वीं सदी के शाही संत एडवर्ड द कंफेसर का बताया जाता है, जो इंग्लैंड के आखिरी आंग्ल-सैक्सन महाराजा थे।

उल्लेखनीय है कि 1661 में रॉयल गोल्डस्मिथ रॉबर्ट वायनेर से प्राप्त सेंट एडवर्ड ताज सोने के फ्रेम से बना है, जिसमें माणिक, नीलम, गार्नेट, पुखराज और टूमलाइन सहित कई रत्न जड़े हुए हैं। हालांकि, यह मूल ताज की हूबहू नकल नहीं है।

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमले की फिराक में है 'दाएश'

**क्वेटा, एजेंसी।** बलूचिस्तान पुलिस ने पाकिस्तान के क्वेटा में सुरक्षा बलों पर आत्मघाती हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, क्वेटा के केंद्रीय पुलिस कार्यालय ने एक बयान में कहा कि, उसे विश्वसनीय रूप से पता चला है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) उग्रवादी समूह, जिसे अरबी भाषा में दाएश कहा जाता है, क्वेटा में आत्मघाती हमले की योजना बना रहा है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, इस संबंध में, यार मुहम्मद शाहवानी की बेटी और खड़कोचा निवासी जियाउर रहमान की पत्नी जीनत नाम की एक महिला आत्मघाती हमलावर ने पहले ही आत्मघाती हमले के लिए स्वेच्छा से खुद को तैयार कर लिया था। बयान में कहा गया है कि यह पता चला है कि वह वर्तमान में मस्तुंग जिले में एक अज्ञात स्थान पर 'दाएश आतंकवादी' गुलाम दीन के साथ रह रही थी।

## फिलिस्तीनी सुलह वार्ता दिसंबर के अंत में : हमास

**गाजा, एजेंसी।** इस्लामिक रेजिस्टेंस मूवमेंट (हमास) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घोषणा की है कि अंतर-गुटीय सुलह के लिए फिलिस्तीनी वार्ता की नयी चरण दिसंबर के अंत में अल्जीरिया में आयोजित की जायेगी।

गाजा पट्टी में हमास आंदोलन के उप प्रमुख खलील अल-हय्या ने शनिवार को गाजा और वेस्ट बैंक शहर रामल्लाह में एक साथ आयोजित अपने आंतरिक विभाजन को समाप्त करने पर फिलिस्तीनी गुटों के बीच एक सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की।

हमास के एक बयान में उसके हवाले से कहा गया है, अल्जीरिया दिसंबर के अंत में फि लिस्तीनी गुटों के लिए राष्ट्रीय संवाद के एक नए सत्र की मेजबानी करेगा ताकि सुलह हासिल करने और आंतरिक विभाजन को समाप्त करने के फि लिस्तीनी प्रयासों को फिर से शुरू किया जा सके।

अल-हयाया ने कहा कि हमास राष्ट्रीय एकता को बहाल करना चाहता है, न कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी के निवासियों की जरूरतों के आधार पर।

उन्होंने कहा, एक फि लिस्तीनी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो कब्जे वाली भूमि की वापसी और मुक्ति के अधिकार को प्राप्त करने और इस गतिविधि का नेतृत्व करने में सक्षम हो।

सभी गुट भागीदार हैं, और मातृभूमि किसी भी पार्टी द्वारा संरक्षित नहीं है। अक्टूबर के मध्य में, हमास और फतह सहित 14 फिलिस्तीनी गुटों ने अल्जीरिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय संवाद के बाद एक वर्ष के भीतर विधायी और राष्ट्रपति चुनाव कराने पर सहमति जताते हुए राष्ट्रीय सुलह की अल्जीरिया घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। सुलह समझौते मां मध्यस्थता के लिए अल्जीरिया महीनों से काम कर रहा है।

## मध्यावधि चुनाव को लेकर मेरी पेशकश का गलत मतलब निकाला गया: इमरान

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने जोर देकर कहा है कि तत्काल चुनाव कराने की उनकी पेशकश को गलत समझा गया ऐसा उन्होंन देश के व्यापक हितो को ध्यान में रखते हुये कहा था।

ऐसा माना जा रहा है मध्यावधि चुनाव पर गठबंधन सरकार से बातचीत की उनकी पेशकश कथित तौर पर उलटी पड़ जाने के बाद स्थिति को साफ करने की कोशिश के रूप उन्होंने यह बयान दिया है। उन्होंने तब संघीय सरकार के 'संचालकों' को यह महसूस करने के लिए प्रेरित किया कि देश तेजी से दिवालिया होने की तरफ बढ़ रहा है और उनसे 22 करोड़ लोगों को नुकसान से बचाने के लिए कार्य करने का आग्रह किया।

'बोल न्यूज' के एक साथ साक्षात्कार के दौरान इमरान ने अपने रुख को एक नया आयाम दिया। पीटीआई प्रमुख ने कहा कि वह पंजाब और केपी विधानसभाओं को भंग करने में देरी कर सकते हैं यदि राजनीतिक लोग मेज पर आने और तय करने के लिए कि अधिकतम अगले मार्च के अंत तक आम चुनाव कराने के लिए सहमत हों।



चूंकि मार्च रमजान का महीना होगा, श्री खान के नए सुझाव का तात्पर्य है कि पीडीएम सरकार को तुरंत चुनाव की तारीख की घोषणा करनी चाहिए, सभी विधानसभाओं को भंग कर देना चाहिए और आम चुनावों का आह्वान करना चाहिए। लेकिन उन्होंने कहा कि उपवास वाले महीने में भी चुनाव हो सकते हैं।

इससे पहले, अपने जमान पार्क आवास से वीडियो लिंक के माध्यम से खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के विधायकों से बात करते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि पीटीआई इस महीने पंजाब और केपी विधानसभाओं को भंग करने और पाकिस्तान में 66 प्रतिशत हिस्सें को चुनावों में ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने कहा कि सत्ता में रहने वाले सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार की तैयारी में व्यस्त होंगे इससे देश की गतिविधियां ठहर जायेगी। उन्होंने कहा कि देश में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए समय से पहले चुनाव कराने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है, लेकिन दावा किया कि सत्ताधारी गठबंधन उनकी पार्टी से हारने के डर से चुनाव से दूर भाग रहा है।

दूसरी ओर, जाहिर तौर पर शुक्रवार को सरकार को दी गई बातचीत की पेशकश को वापस लेते हुए, पीटीआई प्रमुख ने अपने लंबे समय के रुख को दोहराया कि वह ह्लचोरों और डकैतोंह्व से बात नहीं करेंगे, यह संकेत देते हुए कि उनका संदेश उन शक्तियों के लिए है जो सत्ता में हैं। उन्होंने कहा, मैं आपसे (पीडीएम सरकार) देश की खातिर चुनावों की घोषणा करने के लिए कह रहा हूं, क्योंकि पीटीआई चिंतित नहीं है, भले ही अगले साल अक्टूबर में चुनाव हों। उन्होंने केपी विधायकों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी और प्रचार शुरू करने को कहा।

डूबती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए किसी कार्ययोजना की कमी के लिए संघीय सरकार की आलोचना करते हुए पूर्व प्रधान मंत्री ने कहा कि पीएमएल-एन ने अपने दो 'अनुभवी' वित्त मंत्रियों - मिफ्ताह इस्माइल और इशाक डार का 'परीक्षण' किया है। लेकिन वे दोनों एक-दूसरे पर देश को दिवालिया करने के आरोप लगाने में व्यस्त थे।

श्री खान ने कहा, सत्ता के समर्थन के बिना विश्वास मत कभी भी सफल नहीं हो सकता है। श्री खान ने कहा और अपने आरोपों को दोहराया कि पीएमएल-एन और पीपीपी नेताओं ने अपनी संपत्ति और संपत्ति विदेशों में जमा कर रखी है और जैसे ही देश को किसी आपदा का सामना करना पड़ेगा, वे बाहर निकल जाएंगे।

उन्होंने दावा किया कि पीडीएम नेता कानूनों में संशोधन कर रहे हैं और अपने भ्रष्टाचार के मामलों को बंद करवा रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई, वे मुझे अयोग्य घोषित करने की भी कोशिश करेंगे और चुनावों में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए अन्य पीटीआई सांसदों को मुकदमों के जरिए बाहर कर देंगे।

# बंगलादेश ने पहले वनडे में भारत को एक विकेट से हराया

**मीरपुर, एजेंसी।** बंगलादेश ने मीरपुर के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में रविवार को पहले एकदिवसीय मैच (वनडे) में मेहदी हसन की दमदार बल्लेबाजी के बदौलत रोमांचक मुकाबले में भारत को एक विकेट से हरा दिया।

भारत के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल की जुझारू पारी उसके काम न आयी और मेजबान टीम से भारत को हार का स्वाद चखने पर मजबूर कर दिया।

भारत और बंगलादेश के बीच तीन एकदिवसीय मैच की सीरीज का पहला मुकाबला आज मीरपुर में शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेला गया। जहां भारत ने मेजबान टीम को जीत के लिए 187 का लक्ष्य दिया। जिसे बंगलादेश की टीम ने आसानी से हासिल कर लिया और भारत को एक विकेट से मात दे दी। इस जीत के साथ मेजबान टीम वनडे सीरीज में 1-0 से आगे है।

भारत के 186 के लक्ष्य के बाद मेजबान टीम की हालांकि पारी की शुरूआत अच्छी नहीं और भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर नजमुल हुसैन शांतो को बिना खाता खोल पवेलियन भेजा दिया था।





भारत के 186 रन का पीछा करते हुए मेजबान टीम ने एक समय नौ विकेट खोकर केवल 136 बना पाया था उसके बाद मेहदी हसन ने मुस्ताफिजुर रहमान के साथ दसवें विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की बदौलत भारत के जबड़े से जीत को छीन लिया और इस बेहद रोमांचक मुकाबले में बंगलादेश ने भारत को एक विकेट से हरा का मुख देखने को मजबूर कर दिया। बंगलादेश ने चार ओवर शेष रहते जीत हासिल कर दी।

बंगलादेश की पारी की शुरूआत हालांकि अच्छी नहीं रही और भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने अपने पहले ओवर की पहली गेंद पर शांतो को रोहित शर्मा के हाथों कैच करा कर पवेलियन के लिए भेज दिया। मेजबान टीम के अनामुल को नौवें ओवर में दीपक चाहर ने एलबीडब्ल्यू आउट किया लेकिन अनामुल ने डीआरएस का इस्तेमाल कर अपना विकेट बचा लिया, लेकिन 10वें ओवर में अनामुल अपना विकेट नहीं बचा पाए और सिराज के उन्हें 14 रन के निजी स्कोर पर आउट कर दिया। मेजबान टीम को 14वें ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 47 रन था और भारत को बंगलादेश के तीसरे विकेट की दरकार थी।

भारतीय स्पिनर वाशिंगटन सुंदर ने 20वें ओवर में अपनी पहली गेंद में लिटिन दास को फंसा लिया और लिटिन 41 के निजी स्कोर पर आउट हो गयी जो भारत के हिसाब से बड़ी सफलता थी। लिटिन को विकेट के पीछे के एल राहुल ने कैच किया। इसके बाद 24वें ओवर में भारत को शाकिब अल हसन के रूप में चौथी सफलता मिली। जिन्हें वाशिंगटन सुंदर ने आउट किया। विराट कोहली ने हवा में डाइव लगार शाकिब का कैच लपका।

भारत न 35वें ओवर की आखिरी गेंद पर शार्दुल ठाकुर ने महमूदुल्लाह को 14 रन पर और 36वें ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद सिराज ने मुश्फिकुर रहीम को 18 रन पर आउट कर भारत को मैच में वापसी करायी। सिराज ने 36वें ओवर विकेट मेडन रहा। जिसके बाद भारत की जीत का पलड़ा भारी नजर आने लगा। भारत की ओर से डेब्यू करने वाले कुलदीप सेन ने अफीफ हुसैन को अपना शिकार बनाकर टीम की झोली में सातवां विकेट डाल और भारत को जीत की दहलीज पर ले आया। उस समय भारत को जीत के लिए एक विकेट की दरकार थी जो आखिर में उसके गले की फांस बन गयी।

बंगलादेश के पुछल्ले बल्लेबाजों ने मेहदी हसन और मिस्ताफिजुर रहमान ने अंत तक खेलते हुए भारत के जबड़े से जीत को निकाल लिया। भारत के लिए के एल राहुल को मेहदी हसन का कैच छोड़ना काफी भारी पड़ा। अगर राहुल के हाथ से कैच छिटक कर नहीं निकलता तो भारत निश्चित तौर से यह मैच जीत जाता। राहुल के कैच छोड़ने के बाद मेहदी हसन ने एक और बॉल को ऊंचा उठाया, लेकिन बाउंडरी के पास खड़े वाशिंगटन सुंदर ने कैच पकड़ने की कोशिश नहीं की या फिर उन्हें हवा में गेंद नहीं दिखाई दी। जिसके बाद मेहदी हसन ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपनी टीम को पहले एकदिवसीय मैच में जीत का स्वाद चखाया।

भारत के ओर से मोहम्मद सिराज सफल गेंदबाज रहे। सिराज ने 10 ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दीपक चाहर ने आठ ओवर में 31 रन देकर एक विकेट हासिल किया। कुलदीप सेन और वाशिंगटन सुंदर ने दो-दो विकेट और शार्दुल ठाकुर ने एक विकेट लिया। शाहबाज अहमद के खाते में एक भी विकेट नहीं आया।

बंगलादेश के मेहदी हसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मेहदी हसन ने 39 बॉल पर 38 रन भारत के जबड़े से जीत को खीचते हुए टीम की झोली में डाल दी और मेहदी ने नौ ओवर में 43 रन देकर एक विकेट भी लिया।

## पेले की स्थिति स्थिर, इलाज पर दे रहे अच्छी प्रतिक्रिया

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले श्वसन संबंधी संक्रमण के इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और पिछले 24 घंटों में उनकी स्थिति और खराब नहीं हुई है। अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ने शनिवार को यह जानकारी दी। महान खिलाड़ी 82 वर्षीय पेले मंगलवार से अस्पताल में भर्ती हैं। इंस्टाग्राम पर डाले गए बयान में पेले ने कहा, मैं बहुत आशावान और मजबूत हूं तथा हमेशा की तरह उपचार के अनुसार चल रहा हूं। मेरी देखभाल के लिए मैं पूरी चिकित्सा और नर्सिंग टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मुझे ईश्वर में बहुत विश्वास है और दुनिया भर से आपसे मिले प्यार का हर संदेश मुझे ऊर्जा से भर देता है। और ब्राजील को विश्व कप में खेलते हुए भी देखें। कैंसर का इलाज भी करा रहे तीन बार के विश्व कप विजेता पेले के लिए दुनिया भर से अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए संदेश आ रहे हैं। पेले की बेटी केली नैसिमेंटो ने इंस्टाग्राम पर कतर में ब्राजील के प्रशंसकों द्वारा झंडों और बैनरों के साथ अपने पिता को शुभकामनाएं देने की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। पश्चिम एशिया के इस देश की इमारतों में भी पूर्व महान फुटबॉलर के समर्थन में संदेश प्रदर्शित किए गए। ब्राजील विश्व कप में सोमवार को अंतिम 16 के मुकाबले में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा। पेले ने ब्राजील को 1958, 1962 और 1970 के विश्व कप में खिताब दिलाने में मदद की और 92 मैच में 77 गोल के साथ वह टीम के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर हैं। अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ने शुक्रवार को कहा कि पेले को संक्रमण के इलाज के लिए एंटीबायोटिक्स दिए जा रहे हैं और साथ ही वह कैंसर के लिए कीमोथेरेपी से गुजर रहे हैं। पेले का सितंबर 2021 में एक कोलन ट्यूमर निकाला गया था। उनका असली नाम एडसन अरांतेस डो नैसिमेंटो है। उनके परिवार या अस्पताल ने यह नहीं बताया है कि कैंसर अन्य अंगों में फैला है या नहीं।

# दक्षिण कोरिया के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में ब्राजील की नजरें नेमार की वापसी पर

**दोहा, एजेंसी।** ब्राजील की टीम फीफा विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में सोमवार देर रात (साढ़े 12 बजे) जब दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम के दिग्गज खिलाड़ी नेमार चोट से उबर कर वापसी करते है या नहीं।



इस बात का फैसला मैच से पहले ब्राजील के अंतिम अभ्यास सत्र में उनके प्रदर्शन पर होगा।

ब्राजील का यह स्टार खिलाड़ी सर्बिया के खिलाफ टीम की शुरूआती जीत में दाहिने टखने की चोट के कारण ग्रुप चरण के दो मैचों में नहीं खेल पाया था। उन्होंने शनिवार को टीम के साथियों के साथ अभ्यास किया लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैदान में उतरने के लिए पूरी तरह से फिट है या नहीं।

टिटे ने रविवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा, वह आज दोपहर अभ्यास करेंगे। अगर अभ्यास सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा तो वह खेलेंगे।

टिटे ने कहा कि अगर वह खेलने के लिए फिट होंगे तो वह शुरूआती एकादश में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं मैच की शुरूआत से ही अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का इस्तेमाल करना पसंद करता हूं। इस तरह के फैसले और उसकी जिम्मेदारी लेना कोच का काम है।

नेमार की गैरमौजूदगी में भी ब्राजील की टीम अपने ग्रुप में शीर्ष पर रही। उसे हालांकि पिछले मैच में कैमरून से हार का सामना करना पड़ा।

दक्षिण कोरिया की टीम ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे दिग्गज खिलाड़ी की टीम पुर्तगाल को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। टीम 12 साल के बाद नॉकआउट चरण में पहुंची है।

नेमार सर्बिया के खिलाफ टीम के शुरूआती मैच में चोटिल हुए थे। फिजियोथेरेपी सत्र से गुजरने के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ और शनिवार को टीम की ओर से जारी वीडियो में वह ठीक तरीके से अभ्यास करते दिखे।

यह पहली बार होगा जब ब्राजील और दक्षिण कोरिया एक आधिकारिक मैच में एक-दूसरे का सामना करेंगे। दोनों टीमों अब तक सात मैत्री मैच खेले है जिसमें ब्राजील ने छह में जीत दर्ज की है। दक्षिण कोरिया की एकमात्र जीत 1999 में आई थी।

ह्वांग ही-चान ने पुर्तगाल के खिलाफ स्टॉपेज-टाइम में गोलकर दक्षिण कोरिया को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। टीम इस गोल की बदौलत टूर्नामेंट में आगे बढ़ने में सफल रही।

मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टीम के पहले दो मैचों से बाहर रहने वाले ह्वांग के ब्राजील के खिलाफ फिर से शुरूआती लाइनअप में होने की उम्मीद है।

# इग्लैंड ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 343 रन का दिया लक्ष्य

**रावलपिंडी, एजेंसी।** इंग्लैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट में नतीजे की उम्मीद जगाते हुए रविवार को यहां चौथे दिन चाय से पहले अपनी दूसरी पारी घोषित करके पाकिस्तान को 343 रन का लक्ष्य दिया। पहली पारी में 78 रन की बढ़त हासिल करने वाले इंग्लैंड ने दूसरी पारी सात विकेट पर 264 रन बनाकर घोषित की। सत्रह साल बाद अपने देश में इंग्लैंड की मेजबानी कर रहे पाकिस्तान को लक्ष्य हासिल करने के लिए 130 ओवर मिले हैं।



इससे पहले बेन फोक्स के वायरल संक्रमण के कारण बाहर होने के बाद टेस्ट पदार्पण करने वाले ऑफ स्पिनर विल जैक्स ने 161 रन देकर छह विकेट चटकाए। पाकिस्तान की टीम हालांकि बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर पहली पारी में 579 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रही। पहली पारी में छह रन प्रति ओवर से अधिक की गति से रन बनाने वाले इंग्लैंड ने दूसरी पारी में भी यह लय बरकरार रखी। उसकी तरफ से जो रूट ने 73 जबकि पहली पारी में शतक जड़ने वाले हैरी ब्रूक ने 65 गेंद में 87 रन की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली ने भी 50 रन की पारी खेली।

ब्रूक चाय से ठीक पहले तेज गेंदबाज नसीम शाह (66 रन पर दो विकेट) ने बोल्ड किया जिसके बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में 7.4 रन प्रति ओवर के रन रेट से 218 रन जुटाए। इंग्लैंड ने लंच के पहले के सात ओवर में पहली पारी के शतकवीर बेन डकेट (00) और ओली पोप (15) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 46 रन बनाए। रूट अर्धशतक पूरा करने के बाद भाग्यशाली रहे जब नसीम रिवर्स स्वीप पर उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। जाहिद मोहम्मद (84 रन पर दो विकेट) ने रूट और स्टोक्स को एक ही ओवर में आउट करके इंग्लैंड को दोहरा झटका दिया।

इससे पहले पाकिस्तान ने दिन की शुरूआत आठ विकेट पर 499 रन से ही और उसके निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डेढ़ घंटे तक इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया। निचले क्रम में आगा सलमान ने 67 गेंद में 53 रन की पारी खेली। उन्होंने जाहिद महमूद (17) के साथ 57 रन की साझेदारी की। सलमान ने बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच पर चौके के साथ 62 गेंद में अपना दूसरा टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। जैक्स ने उन्हें क्राउले के हाथों कैच कराके उनकी पारी का अंत किया। चोटिल हारिस राउफ (12) और महमूद ने इसके बाद 22 रन जोड़े जिसके बाद जैक्स ने दोनों को आउट करके पाकिस्तान की पारी का अंत किया।

# ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को 164 रन से हराया

**पर्थ, एजेंसी।** ऑफ स्पिनर नाथन लियोन के छह विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन वेस्टइंडीज को 164 रन हराकर फ्रेंक वारेल ट्रॉफी को अपने पास बरकरार रखना सुनिश्चित किया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने दो टेस्ट की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।



लियोन ने 128 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया के 498 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम चाय से पहले 333 रन पर सिमट गई। लियोन ने अपने 111वें टेस्ट में 21वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। कप्तान क्रेग ब्रेथवेट 110 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। रोस्टेन चेस (55) और अल्जारी जोसेफ (43) ने निचले क्रम में उपयोगी पारियां खेलकर वेस्टइंडीज के हार के अंतर को कम किया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 82 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया के जीत के इंतजार को बढ़ाया।

लंच के बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने 85 मिनट और बल्लेबाज की। काम चलाऊ स्पिनर ट्रेविस हेड (25 रन पर दो विकेट) ने जोसेफ को बोल्ड करके चेस के साथ उनकी साझेदारी को तोड़ा। लियोन ने इसके बाद चेस और केमार रोच (00) को लगातार गेंदों पर आउट करके ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की। चेस ने मिशेल स्टार्क को कैच थमाया जबकि रोच बोल्ड हुए।

वेस्टइंडीज ने अंतिम दिन की शुरूआत तीन विकेट पर 192 रन से की लेकिन लंच तक लियोन ने टीम का स्कोर सात विकेट पर 257 रन कर दिया। टीम एक समय तीन विकेट पर 207 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद उसने 17 ओवर में चार विकेट गंवाए और उसका स्कोर सात विकेट पर 233 रन हो गया।

लियोन ने पहले घंटे के खेल में 15 गेंद के भीतर कल के नाबाद बल्लेबाजों ब्रेथवेट और काइल मायर्स (10) को आउट किया। लियोन ने मायर्स को स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराने के बाद ब्रेथवेट को तेजी से स्पिन होती गेंद पर बोल्ड किया। ब्रेथवेट ने अपने 11वें टेस्ट शतक के दौरान 118 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके मारे।

जेसन होल्डर (03) ने हेड की गेंद पर स्लिप में स्मिथ को कैच थमाया जिसके बाद जोश हेजलवुड ने विकेटकीपर बल्लेबाज जोशुआ डा सिल्वा (12) की पारी का अंत किया। वेस्टइंडीज की टीम मई 2003 में ब्रायन लारा की कप्तानी में स्टीव वॉ की टीम को हराने के बाद से ऑस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाई है। दूसरा टेस्ट आठ दिसंबर से खेला जाएगा जो दिन-रात्रि का मुकाबला होगा।


# ऋषभ पंत को बांग्लादेश में भारतीय एकदिवसीय टीम से किया गया रिलीज

**मीरपुर, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को बांग्लादेश के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से रिलीज (टीम से हटा देना) कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम से सलाह मशविरे के बाद पंत को रिलीज किया गया है और उनके विकल्प की मांग नहीं की गई है।

बीसीसीआई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, बीसीसीआई की मेडिकल टीम से सलाह मशविरे के बाद ऋषभ पंत को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम से जुड़ेंगे। उनके विकल्प की मांग नहीं की गई है।

बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी बांग्लादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। सूत्रों के अनुसार नेट में बल्लेबाजी करते हुए अक्षर की पसलियों में चोट लगी थी और वह उससे उबर रहे हैं।

पंत को टीम से रिलीज करने का कोई कारण नहीं बताया गया है लेकिन वह सभी प्रारूपों में खेलने वाले टीम के एकमात्र खिलाड़ी थे जिन्हें पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के बाद ब्रेक नहीं दिया गया था। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद आराम दिया गया था। पंत हालांकि टीम के साथ छह सीमित ओवरों के मुकाबलों के लिए न्यूजीलैंड रवाना हुए थे। भारत और बांग्लादेश को तीन एकदिवसीय के बाद दो टेस्ट भी खेलने हैं।



# विश्व कप से बाहर होने के बाद अर्नोल्ड ने आस्ट्रेलियाई टीम की प्रशंसा की

**दोहा, एजेंसी।** फीफा विश्व कप में शनिवार को आस्ट्रेलिया के अर्जेंटीना से 2-1 से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के मैनेजर ग्राहम अर्नोल्ड ने अपने खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की। लियोनेल मेस्सी और जूलियन अल्वारेज ने दक्षिण अमेरिकी टीम को 2-0 की बढ़त दी। अर्नोल्ड ने कहा, मेरे और देश के लिए हर किसी ने जो प्रयास किया है, उस पर मुझे गर्व है। उन्होंने अच्छा खेला, यह उनका साढ़े चार साल का सफर रहा है। यह एक कठिन यात्रा रही है। हमें लगता है कि हमें इससे कुछ और मिल सकता था।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अर्नोल्ड ने कहा कि उनके खिलाड़ी फुटबॉल के शोपीस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम बनने से चूकने से खुश और निराश दोनों हैं।

उन्होंने कहा, वे बेहद निराश हैं। यह हर दिन नहीं है जब आपको दुनिया की तीसरी सबसे अच्छी टीम और इस तरह के खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का मौका मिलता है। जब हम यहां आए तो सभी ने कहा कि हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सबसे खराब टीम हैं।

हम 2006 के बाद पहली बार अंतिम-16 में पहुंचे और हम लगातार विश्व कप में दो मैच जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम हैं। युवा खिलाड़ियों और सीनियर लड़कों के मिश्रण ने अच्छा काम किया है। अर्नोल्ड ने मेस्सी के लिए अपनी प्रशंसा नहीं छिपाई, जिन्होंने क्लब और देश के लिए अपनी 1000वीं उपस्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

अर्नोल्ड ने कहा, वह अविश्वसनीय है। अब तक के सबसे महान में से एक। हमने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। मुझे कुछ मौकों पर डिएगो माराडोना के खिलाफ खेलने और मेस्सी के खिलाफ कोचिंग करने का सौभाग्य मिला। वे दोनों अद्भुत खिलाड़ी हैं और अर्जेंटीना को इतना गर्व और खुशी होनी चाहिए कि उनके पास उस क्षमता के खिलाड़ी हैं।

# ऑस्ट्रेलिया को हराकर अर्जेन्टीना विश्व कप क्वार्टर फाइनल में

**अल रेयान, एजेंसी।** लियोनल मेस्सी के गोल से अर्जेन्टीना ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेस्सी ने अपने करियर का 1000वां मैच खेलते हुए विश्व कप के नॉकआउट चरण का अपना पहला गोल दागा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालांकि अर्जेन्टीना की जीत की राह आसान नहीं रही जैसा कि लोगों ने उम्मीद की थी।



अर्जेन्टीना की जीत में गोलकीपर एमी मार्टिनेज की अहम भूमिका रही जिन्होंने मैच के अंतिम सेकेंडों में शानदार बचाव करते हुए मुकाबले को अतिरिक्त समय में खिंचने से रोका। मेस्सी ने 35वें मिनट में अर्जेन्टीना को बढ़त दिलाई जिसके बाद जूलियन अल्वारेज ने 57वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के 77वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया की वापसी की उम्मीद जगी जब एंजो फर्नांडिज ने आत्मघाती गोल दाग दिया। क्वार्टर फाइनल में अब अर्जेन्टीना की भिड़ंत नीदरलैंड से होगी।

मुकाबले में 2-0 से पिछड़ने के बाद अंतिम 20 मिनट में ऑस्ट्रेलिया की वापसी की उम्मीद बंधी जब 77वें मिनट में क्रेग गुडविन का शॉट अर्जेन्टीना के मिडफील्डर एंजो फर्नांडिज से टकराने के बाद गोल में चला गया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद हमले तेज किए। टीम को अंतिम लम्हों में गोल करने का मौका मिला जब गेरेंग कुओल के पास गेंद पहुंची और उन्हें सिर्फ गोलकीपर को पछाड़ना था लेकिन उनके दमदार शॉट को मार्टिनेज ने रोक दिया।

अर्जेन्टीना की टीम ने अपने पहले मैच में सऊदी अरब के खिलाफ उलटफेर भरी हार के बाद अच्छी वापसी की है और टीम लगातार तीन मैच जीत चुकी है। अपना पांचवां और संभवतः अंतिम विश्व कप खेल रहे मेस्सी के नाम अब 789 गोल हो चुके हैं। सात बार दुनिया के साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुने गए मेस्सी की नजरें 18 दिसंबर को फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट जीतने पर टिकी हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला देखने के लिए अहमद बिन अली स्टेडियम में अर्जेन्टीना के हजारों दर्शक मौजूद थे और टीम की हौसलाअफजाई कर रहे थे। मेस्सी ने समर्थकों की सराहना करते हुए कहा, पूरा अर्जेन्टीना यहां आना चाहता है लेकिन यह संभव नहीं है। हमारे बीच जो यह जुड़ाव, एकजुटता है, वह शानदार है।



बच्चों, कुछ दिन पहले ही यूरोप और एशिया के कई देशों के पहाड़ी इलाकों में बड़े पैमाने पर बर्फबारी हुई थी। अभी भी उसका असर साफ देखा जा सकता है। लेकिन ये बर्फबारी होती कैसे है? आकाश में बर्फ कैसे बनती है और नीचे क्यों गिरती है?

# कैसे होती है बर्फबारी

दोस्तों, तुम जानते होगे कि हमारी धरती पर जल एक लगातार चक्र में चलता है। सूरज की गर्मी से नदियों, तालाबों, झीलों से जल भाप बनकर उड़ जाता है और वातावरण में पहुंच जाता है। जब इस तरह के बहुत सारे वाष्प कण इकट्ठे हो जाते हैं तो वे बादल का रूप ले लेते हैं। जब ये बादल आपस में टकराते हैं तो बारिश होती है। लेकिन जब ये बादल वातावरण में अधिक ऊपर चले जाते हैं तो वहां का तापमान बहुत कम हो जाता है और वातावरण बहुत ठंडा हो जाता है। बादल का तापमान बहुत नीचे पहुंचने पर, बादलों में मौजूद वाष्प कण नन्हे-नन्हे बर्फ कणों में बदल जाते हैं। हवा इन बर्फ कणों का वजन सहन नहीं कर पाती और ये कण बादल से नीचे की ओर गिरने लगते हैं। जब वो गिरते हैं तो एक-दूसरे से टकरा कर जुड़ने लगते हैं। इस तरह इनका आकार बड़ा होने लगता है। जब ये कण हमारी पृथ्वी पर गिरते हैं तो हम उसे बर्फबारी कहते हैं।

अब तुम यह कह सकते हो कि बर्फ दरअसल जमा हुआ पानी है। बर्फबारी में धरती पर अकसर बर्फ की सफेद चादर-सी बिछ जाती है। गिरती हुई यह बर्फ हमेशा नर्म नहीं होती है। यह बर्फ गिरते हुए एक जगह इकट्ठी न गिरकर हवा के साथ इधर-उधर फैल जाती है, इसलिए यह कहीं बहुत ज्यादा और कहीं बहुत कम गिरती है। कभी यह छोटे-छोटे पत्थर के रूप में, तो कभी बारिश के साथ गिरने वाले सख्त बर्फ यानी ओलों के रूप में भी गिरती है। बर्फ चाहे जिस रूप में भी गिरे, जहां यह गिरती हैं वहां का तापमान काफी गिर जाता है। आसपास के इलाके भी सर्द हवाओं की चपेट में आ जाते हैं।

अब तुम्हारे मन में यह सवाल जरूर उठ रहा होगा कि यह बर्फबारी पहाड़ी इलाकों में ही क्यों होती है?

बर्फ उन स्थानों पर अधिक गिरती है जो इलाके या तो समुद्र से काफी ऊपर होते हैं या फिर ऊंचाई पर होते हैं। वातावरण में बर्फ काफी अधिक बनती है, जिसका एक छोटा हिस्सा ही नीचे पहाड़ों पर गिरता है। बाकी हिस्सा बारिश के रूप में नीचे आता है।

अब तुम सोच रहे होगे कि बर्फ बनती और नीचे बारिश गिरती है, वो कैसे? वातावरण में मौजूद ओजोन की गर्म परतों के बीच से जब बर्फ के कण गुजरते हैं तो यह बर्फ पिघल जाती है और बारिश के पानी में बदल जाती है, जबकि ऊंचे पहाड़ों में तापमान पहले से ही शून्य डिग्री से काफी कम होता है, इसलिए वहां पर बर्फबारी होती है।

## क्या होता है फायदा

पहाड़ों पर गिरी यह बर्फ गर्मियों में सूरज की तपिश से पिघलकर नदियों में पानी की आपूर्ति करती है, जिसे खेती-बाड़ी, बिजली बनाने और अन्य कामों के लिए उपयोग किया जाता है।

# आओ चलें बर्फ की दुनिया में



चीन के सबसे सर्द शहर हार्बिन में एक स्नो शो मनाया जा रहा है, जहां का तामपान-20 डिग्री सेल्सियस होता है। यह स्थान चीन की सोंधुआ नदी के किनारे स्थित है। इस स्नो शो की शुरुआत 5 जनवरी को हुई थी। यह पूरा स्थान 150 एकड़ में फैला है। यह शो रात में बहुत ही आकर्षक दिखता है। बर्फ की पूरी बिल्डिंग बनाई गयी है। यह पारंपरिक तरीके से सजाया गया है।

हाई तकनीक बीम लाइट की मदद से रोशनी की गई है, जो रात में खास लगती है। इस फेस्टिवल की नींव 1963 में रखी गई थी। चीन का हार्बिन इंटरनेशनल आइस एंड स्नो शो हर साल दुनिया में चर्चा का विषय बनता है। यह शो पिछले 30 सालों से हर साल मनाया जा रहा है। इस साल बर्फ की

**पहाड़ों में बर्फबारी देखकर सभी का मन वहां जाकर बर्फ की बॉल बनाकर खेलने को करता है। चूंकि यह बर्फ कुछ दिन रहती है, इसलिए कुछ लोग जा पाते होंगे तो कुछ नहीं। लेकिन आज हम विश्व के सबसे बड़े, आकर्षक और एक महीने चलने वाले स्नो शो के बारे में बताने जा रहे हैं।**





इस दुनिया को बनाने में करीब 15000 मजदूरों ने अपना योगदान दिया है। इस साल इस फेस्टिवल की थीम रखी गई है, ग्लोबल आइस एंड स्नो ड्रीम, वर्ल्ड कार्टून टूर। मतलब तुम बच्चों की कार्टून की दुनिया को यहां हकीकत में बदलने की कोशिश की गई है। एक महीने तक चलने वाले इस फेस्टिवल को अब तक करीब 10 लाख लोग देख चुके हैं। यहां आने वाले पर्यटक हॉट एयर बैलून, बर्फ के स्टैचू, आइस स्विमिंग के अलावा अन्य खेलों का आनंद भी ले सकते हैं।



# हिंदी का निबंध ऐसे लिखो...

हिंदी में निबंध याद करना तुम्हें कुछ कठिन लगता होगा ना। इतना बड़ा निबंध याद करते-करते थक जाते होगे। अगर खुद लिखना पड़ जाए तो नानी याद आ जाती है। समझ ही नहीं आता कि क्या लिखें, कितना लिखें। चलो आज हम तुम्हें बताते हैं कि इसे कैसे लिखना चझ्राहिए। पहले ये समझ लो कि अच्छे निबंध के गुण क्या-क्या होते हैं

### बंधे हों वाक्य

निबंध का अर्थ है बंधा हुआ। निबंध की पहली विशेषता है कि निबंध एक सूत्र में बंधा होना चाहिए। एक क्रम में लिखा होना चाहिए। कोई बात कहीं भी नहीं लिखनी चाहिए। आलतू-फालतू बातों का निबंध मैं कोई स्थान नहीं होता।

### ज्यादा बड़ा न हो

तुम हमेशा यह सोचते हो कि निबंध का अर्थ है 4-5 पेज का लम्बा-चौड़ा। लेकिन ऐसा नहीं है, अगर सटीक, सही बातों को लिखा हो तो वो भी निबंध कहलाता है। निबंध छोटा होना चाहिए।

### भाषा

यह निबंध की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है। निबंध की भाषा सरल, सहज, सटीक होनी चाहिए। शब्दों का प्रयोग अच्छा होना चाहिए। व्याकरण का प्रयोग भी सही होना चाहिए।

## ऐसे लिख डालो

### भूमिका

सबसे पहले आती है भूमिका, अर्थात निबंध के विषय के बारे में लिखने से पहले तुम निबंध के विषय से संबंधित भूमिका बांधो। परंतु यह अधिक लम्बी नहीं होनी चाहिए, नहीं तो बोरिंग हो जाती है।

### विषय से संबंधित

जब कोई निबंध लिखना हो तो रफ लिख लेना चाहिए कि पहले क्या बताना है, फिर प्वाइंट बना लो, इसके बाद उन्हें पैराग्राफ में लिखो।

### उपसंहार

इसमें निबंध का निष्कर्ष होता है, अर्थात इस विषय से तुम क्या सोचते हो, यह लिख डालो।

# रटो नहीं, समझकर करो तैयारी

बच्चों, ये सच है कि जिस भी विषय को रटकर याद करते हो, वह ज्यादा दिन तक तुम्हारा साथ नहीं देता। इसलिए विषय को समझ कर पढ़ने की आवश्यकता है। वैसे भी अब तुम्हारी परीक्षा पास है। ऐसे में तनाव होना स्वाभाविक है। इस तनाव को दूर करने का एक ही तरीका है, विषय को रटने की बजाए उसे समझकर याद करो। वह विषय चाहे लैंग्वेज हो या साइंस या फिर मैथ्स, हर विषय के साथ तुम इसे आजमा सकते हो। समझने से अर्थ यह है कि विषय को जिसे तुम तैयार करना चाहते हो, उसे स्टेप बाई स्टेप पढ़ो, फिर लिखकर अभ्यास करने से वह विषय पूरी तरह से तुम्हारे साथ हो जाता है। परीक्षा के बाद भी तुम उसे नहीं भूलते। यही तो कमाल की बात है, जो तुम्हें रटने में नहीं मिलता, क्योंकि रटी हुई चीजें जिस रफ्तार से याद होती हैं, उसी तेजी से वह हमारी स्मृतियों से गायब भी हो जाती हैं। मान लो तुम्हें अंग्रेजी या हिन्दी की तैयारी करनी है तो तुम उसके शब्दों, अर्थों, वाक्यांशों को टुकड़ों में करके याद करो। दुबारा उन्हें लिखकर देखो कि उनमें से कितनी चीजें याद हुईं। जहां भी गलती हुई उसे दुबारा लिखकर अभ्यास करने से हिन्दी या अंग्रेजी के मैटर तुम्हें याद हो जाएंगे। पाठ के अंत में दिए गए सवालों को पढ़कर उत्तर देने होते हैं ऐसे में मूल पाठ को ठीक से पढ़ना चाहिए। फिर उनके उत्तर उन्हीं वाक्यांशों में ढूंढ़ना चाहिए। जो शब्द समझ में नहीं आते हों उन्हें या तो डिक्शनरी में देखो या फिर अपने टीचर से उनका अर्थ पूछ लो। रटने से हमेशा बचना चाहिए, साथ ही पढ़ने-लिखने से विषय की बारीकियों को समझने में आसानी होती है। इसलिए विषय को रटो नहीं, बल्कि उसे समझकर लिखने का अभ्यास करो।





स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।